CMYK
अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 18°C
सेंसेक्स 75,364.69
निफ्टी 22,904.45
सोना 92,800
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 5 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 3 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 6 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### गाजा में आईडीएफ के हवाई हमले जारी, 100 फलस्तीनियों की मौत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### दिग्गज बल्लेबाज हैं रोहित शर्मा: पोलार्ड

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### दोनों सदनों में विपक्ष के भारी विरोध के बाद पारित हुआ बिल, राज्यसभा में 93 के मुकाबले 128 मत मिले

# 71 साल बाद बदला वक्फ कानून

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने वक्फ बोर्डों की जवाबदेही, पारदर्शिता तथा दक्षता बढ़ाने के लिए लाए गए वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 को विपक्षी सदस्यों के सभी संशोधनों को खारिज करते हुए शुक्रवार तड़के मतविभाजन के जरिये 93 के मुकाबले 128 मतों से पारित कर दिया। इस तरह से इस पर संसद की मुहर लग गई।

लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। सदन ने द्रमुक के तिरूचि शिवा के एक संशोधन प्रस्ताव को भी मतविभाजन के जरिये खारिज किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 92 और विपक्ष में 125 मत पड़े। विपक्षी दलों के अनेक सदस्यों ने विधेयक के तकरीबन हर अनुच्छेद में संशोधन के प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सदन ने इन सभी प्रस्तावों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। सभापति जगदीप धनखड़ ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने से जुड़े सांवधिक संकल्प को ध्वनिमत से मंजूर किए जाने के बाद तड़के चार बजे के बाद सदन को बताया कि पहले इस विधेयक पर मतविभाजन में पक्ष में 128 और विपक्ष के 95 मत पड़े थे, लेकिन जब सभी पर्चियों और इलेक्ट्रॉनिक मतों का मिलान किया गया, तो यह पाया गया कि दो सदस्य सुश्री डोला सेन और श्री सुब्राता बक्शी अपनी अपनी सीट से इलेक्ट्रॉनिक तरीके से मतदान नहीं किए थे। सुश्री सेन अपनी निर्धारित सीट 151 पर और श्री बक्शी सीट नंबर 133 से मतदान नहीं किए थे, जिसके कारण नियम के अनुसार इन दोनों मतों को निरस्त कर दिया गया है। इस तरह से विपक्ष में पड़े 95 में से दो मत निरस्त करने के बाद 93 मत रह गए। ये दोनों सदस्य तृणमूल कांग्रेस के हैं और पार्टी ने सदन में इस विधेयक के विरोध में मतदान किया था। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पर करीब 13 घंटे चली चर्चा का देर रात सवा एक बजे बेहद संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय के अधिक से अधिक लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वक्फ संपत्तियों में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधेयक में संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों तथा देशभर के अन्य हितधारकों के ज्यादा से ज्यादा सुझावों को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि मसौदा विधेयक और मूल विधेयक के स्वरूपों को देखकर इस बात का भलीभांति अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार ने सभी हितधारकों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जिन संपत्तियों के दस्तावेज हैं उनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष कह रहा है कि देश के मुसलमान गरीब हैं, तो सोचने की बात है कि वे किसके कारण गरीब हैं। उन्होंने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

### वक्फ विधेयक संसद से पारित होना न्याय की खोज में अहम क्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि संसद के दोनों सदनों से वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की हमारी सामूहिक खोज में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इससे विशेष रूप से उन लोगों को सहायता मिलेगी जो लंबे समय से हाशिए पर रहने के साथ उन्हें आवाज और अवसर दोनों से वंचित रखा गया है।



### बिल के खिलाफ आठ राज्यों में प्रदर्शन





**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया।

इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रॉसिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए।

### वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी और कांग्रेस सांसद

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका लगाई गई। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई है। बिल 2 और 3 अप्रैल को लोकसभा-राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। इसे अब राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।



## देशभक्ति की अलख जगाने वाले अभिनेता मनोज कुमार नहीं रहे



**मुंबई।** फिल्मों के जरिये देशभक्ति की अलख जगाने वाले भारत कुमार के नाम से मशहूर अभिनेता मनोज कुमार का शुक्रवार को मुंबई के एक अस्पताल में उम्रजनित व्याधियों के कारण निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे और पिछले कुछ हफ्तों से कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में भर्ती थे, जहां शुक्रवार सुबह उन्होंने अंतिम सांसें लीं। भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता एवं फिल्मकार मनोज कुमार को देशभक्ति की भावना जगाने वाली फिल्मों में उनकी शानदार भूमिकाओं के लिए जाना जाता था।

**■ उम्र संबंधी बीमारी के चलते अस्पताल में ली अंतिम सांस**

उनकी उल्लेखनीय कृतियों में शहीद (1965) शामिल है, जिसमें स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के जीवन को दर्शाया गया था। उपकार (1967), पूरब और पश्चिम (1970) और रोटी कपड़ा और मकान (1974) जैसी उनकी फिल्मों ने हिंदी सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनकी थ्रिलर, गुमनाम (1965) उस वर्ष की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी, जिसने 2.6 करोड़ रुपये कमाए थे। मनोज कुमार ने 1975 में अपनी फिल्म रोटी, कपड़ा और मकान के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता। उन्हें 1992 में पद्म श्री, 1999 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और 2015 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### पीएम मोदी ने शोक जताया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने दिग्गज फिल्म निर्माता, अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। श्री मोदी ने शुंक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में मनोज कुमार के साथ खींची गई पुरानी तस्वीरों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि महान अभिनेता और फ़िल्मकार मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुख हुआ।

### आरबीआई जारी करेगा 10 और 500 रुपये के नए नोट

**मुंबई।** आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी सीरीज में 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोट जारी करेगा। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि इन नए नोटों का डिजाइन पहले से जारी किए गए महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 10 रुपये और 500 रुपये के नोटों के समान ही होगा। 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने बताया कि नए नोटों के डिजाइन पहले के नोटों जैसे ही रहेंगे। पहले जारी किए गए सभी 10 रुपये के नोट पूरी तरह से वैध मुद्रा बने रहेंगे।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में रामनवमी जुलूस की इजाजत दी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष को रामनवमी पर 6 अप्रैल को हावड़ा में तय रूट पर जुलूस निकालने की सशर्त इजाजत दे दी है। कोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति जुलूस में हथियार लेकर नहीं आएगा। पुलिस जुलूस की निगरानी करेगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने फौरन आदेश जारी कर दिया। इसमें कहा गया कि रामनवमी के जुलूस में कोई भी हथियार लेकर नहीं निकलेगा। भाजपा के सियासी रूप से मजबूत गढ़ उत्तर बंगाल के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी जिलों में ज्यादा फोर्स लगाई गई है। रामनवमी को देखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने भी 9 अप्रैल तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

## सोनिया के बयान पर हंगामा

**■ लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को मनमाने तरीके से पारित कराए जाने के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए लोकसभा में शुक्रवार को उसकी निंदा की गई और इस पर विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्वाह्न हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही मध्याह्न 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी। मध्याह्न 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर श्री बिरला की अनुमति से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि लोक सभा की सदस्य रह चुकीं एक वरिष्ठ सदस्य जो अब दूसरे सदन की सदस्य हैं, ने संसद भवन परिसर में कहा है कि इस सदन में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 'बुलडोज' (सरकार की मनमानी) करके पारित कराया गया है। इस पर अध्यक्ष को व्यवस्था देनी चाहिए। श्री रिजिजू ने कहा कि वह देर रात तक चली वक्फ संशोधन विधेयक पर चली चर्चा में शामिल होने वाले सदस्यों को धन्यवाद करना चाहते हैं, लेकिन विधेयक को पारित कराने के बारे में विपक्ष के वरिष्ठ नेता का बयान उचित नहीं है।

### राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक स्थगित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की कार्यवाही की शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सभापति जगदींप धनखड़ ने सदन में कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा करते हुए कि बजट सत्र में सदन की उत्पादकता 90 प्रतिशत रही है। सत्र का समापन वंदे मातरम की धुन के साथ हुआ। इससे पहले उन्होंने सदन में शीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों को विदाई उल्लेख किया। सत्र के अंतिम दिन सदन में पश्चिम बंगाल में शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द होने को लेकर हंगामा भी हुआ और सदन की कार्यवाही सुबह दो बार स्थगित की गई। राज्यसभा का यह सत्र 31 जनवरी को आरंभ हुआ था और चार अप्रैल को समाप्त हो गया। सदन में इस सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक 2025 सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए।

## राहुल गांधी को लगा हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज, वार्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत देने से इन्कार कर दिया है। राहुल गांधी ने याचिका दाखिल करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुर्माना लगाया गया था।

न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनके पास सत्र अदालत के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत उनकी वर्तमान याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती। सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में हाजिरी माफी की अर्जी लगाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दो सौ रुपये का हर्जाना लगाया गया था।



**■ सावरकर पर विवादित बयान देने के मामले में अदालत ने खारिज की याचिका**

## 18 हजार करोड़ की चार रेल परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने महाराष्ट्र, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के 15 जिलों से होकर गुजरने वाली रेलवे की चार क्षमता निर्माण परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है, जिससे रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब साढ़े 12 सौ किलोमीटर का इजाफा होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने रेल मंत्रालय की इन चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है जिनकी कुल लागत लगभग 18,658 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली ये चार परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 1247 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा के 278 किलोमीटर के मार्ग में 5वीं और छठी लाइन बिछाने के लिए 8741 करोड़ रुपये की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे रायगढ़, जांजगीर चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाज़ार, रायपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव को लाभ होगा।

**■ रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में साढ़े 12 सौ किमी का होगा इजाफा**

### मणिपुर के डाक्टर को पॉक्सो के तहत 20 साल की सजा

**शिलांग।** मेघालय की एक अदालत ने मणिपुर के एक डाक्टर को मेघालय में यौन अपराध बाल संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत 20 वर्ष तक कारावास की कड़ी सजा सुनाई है। पश्चिमी खासी हिल्स जिले के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एम. कुमार की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद 58 वर्षीय डाक्टर को दोषी करार देते हुए 20 साल कठोर कारावास और 1,25,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के खुरई के मूल निवासी डा. अयम सुनील खुमान पर एक नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप है।

## यूपी में तपिश भरी धूप से निकलना हुआ मुश्किल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने लोगों को अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ तपिश भरी धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर तक 25 से ज्यादा जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला जाएगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़त देखने को मिलेगी। वहीं रात के पारे में भी बढ़ोतरी आएगी। 8 अप्रैल से प्रदेश के पूर्वी और तराई हिस्सों में पुरवाई चलेगी और तराई में फिर से बूंदाबांदी के संकेत हैं।

**■ जल्द ही 40 पार होगा पारा**

### बिम्सटेक अब आर्थिक सहयोग बढ़ाने का भी काम करे : मोदी

**बैंकॉक।** भारत ने बिम्सटेक देशों में परस्पर आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्रीय कार्ययोजना शुक्रवार को पेश की और इस मंच को कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ ही सांस्कृतिक बुनियाद पर परस्पर व्यापार एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव किया। पीएम मोदी ने छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए एक 21 सूत्रीय कार्य योजना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बिम्सटेक देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने और आईटी क्षेत्र की समृद्ध क्षमता का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## जन शताब्दी के इंजन का चक्का जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल (सहारनपुर)।** देहरादून से दिल्ली जाने वाली जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन का चक्का जाम होने से ट्रेन डिरेल होने से बाल बाल बच गई और एक भीषण हादसा घटित होने से बच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे देहरादून दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस 12056 जैसे ही नागल रेलवे-स्टेशन से गुजरी, तो इंजन के पहिये जाम होने से रेलवे ट्रैक पर जोरदार आवाज आने से लोको पायलट ने ट्रेन को धीरे-धीरे ब्रेक लगाकर नियंत्रित कर स्टेशन से बाहर आउटर पर रोक लिया। ट्रेन के इंजन का पहिया जाम होने की खबर स्टेशन मास्टर सहित स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारियों को दी गई, जिससे रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया और अधिकारी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के रुकने से इस मार्ग -शेष पृष्ठ दो पर



### 'कई महत्वपूर्ण ट्रेनें हुई बाधित'

जनशताब्दी एक्सप्रेस के इंजन का चक्का जाम होने की घटना से वंदे भारत एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस 18478, ट्रेन संख्या 14318, ट्रेन संख्या 4304 हरिद्वार दिल्ली आदि भी करीब दो से तीन घंटे तक बाधित रही।

### देश के आखिरी गांव को प्रथम गांव बनाने की बाइब्रेंट योजना

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश की सीमा पर बसे आखिरी गांवों को प्रथम गांव बनाने के वास्ते उनके विकास के लिए बाइब्रेंट गांव कार्यक्रम की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने सीमा पर बसे आखिरी गांव को प्रथम गांव बनाने का कार्यक्रम बनाया है और इस तरह 2000 से ज्यादा गांवों की पहचान कर इनके विकास के लिए बाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इन गांवों में पर्यटक आएं और गांवों का समग्र विकास हो इसके लिए वहां मंत्री विश्राम करेंगे और वरिष्ठ अधिकारी भी जाकर विजिट करेंगे। गांवों में बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। सीमावर्ती गांव में किसान तथा अन्य लोगों के उत्पादों की खरीद शुरू हुई, तो वहां जीडीपी अचानक बढ़ने लगी। स्थानीय गांव से सेना आदि अपनी जरूरत का सामान खरीद रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ हो रहा है। इससे इन गांवों में इसके जरिये आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और ये गांव राष्ट्र के विकास तथा सीमा पर सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बन रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की पंजाब सरकार को कड़ी फटकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक पेंशन योजना लागू करने में नाकाम रहने पर पंजाब सरकार की शुक्रवार को आलोचना की और चेतावनी देते हुए कहा अब यदि सरकार विफल हुई तो अदालत उसे प्रत्येक याचिकाकर्ता को कम से कम 25 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश देगी। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पंजाब के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह चेतावनी दी।

## सोशल मीडिया पर लगाम को लेकर संसद के पाले में भेजी याचिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

### सोशल मीडिया पर बच्चों के बैन की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर कानूनी प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह नीतिगत मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। यह हमारे दायरे से बाहर है। हालांकि कोर्ट ने अन्य अथॉरिटी के सामने अपील करने की छूट दी है। पीठ ने कहा कि आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार अपील की जा सकती है। जेप फाउंडेशन की याचिका में केंद्र सरकार और अन्य अथॉरिटी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुंच को रेगुलेट करने के लिए बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन जैसा एज वेरिफिकेशन सिस्टम शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा बाल संरक्षण नियमों का पालन करने में असफल रहने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई थी। अब 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया पर अकाउंट खोलने के लिए अपने पेरेंट्स की सहमति लेना जरूरी होगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट (डीपीडीपी), 2023 के तहत नियमों का ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। इस ड्राफ्ट को लोगों के लिए 3 जनवरी को जारी किया गया था। लोग डलहवअ.पद पर जाकर इस ड्राफ्ट को लेकर अपनी राय दे सकते थे। लोगों की आपत्तियों और सुझावों पर 18 फरवरी से विचार किया जा रहा है।

**■ कहा: यह नीतिगत मामला, आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें**



### इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्टोरल बॉन्ड (चुनावी बॉन्ड) से जुड़ी याचिका खारिज कर दी। याचिका में कोर्ट से उसके पुराने फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। पुराने फैसले में कोर्ट ने राजनीतिक दलों को मिले 16,518 करोड़ रुपये जब्त करने की मांग खारिज की थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने 2 अगस्त, 2024 के शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ खेम सिंह भाटी द्वारा दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी, 2024 को चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, भारतीय स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग के साथ फंडिंग में मिले रुपयों का डेटा साझा किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान योजना में गड़बड़ी, कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची।** झारखंड में ईडी की टीम शुक्रवार की सुबह से राजधानी रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। यह छापेमारी आयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी मामले में की गई है। ईडी की टीम सुबह से ही रांची के अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में छापेमारी कर रही है। ज्ञातव्य है कि आंयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट (सीएजी) संसद में पेश की गई थी। इसके बाद ईडी ने इसीआईआर दर्ज की थी। सीएजी की रिपोर्ट में झारखंड में आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने का उल्लेख किया गया था।सीएजी की रिपोर्ट संसद में पेश होने और उसमें वर्णित तथ्यों के मद्देनजर ईडी ने स्वास्थ्य विभाग और झारखंड स्टेट हेल्थ सोसायटी से आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी थी। जवाब में स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में कुछ अस्पतालों के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी की सूचना ईडी को भेजी थी। ईडी ने इसी प्राथमिकी को इसीआईआर के रूप में दर्ज कर झारखंड में आयुष्मान घोटाले की जांच शुरू की थी।

### नीट पर सर्वदलीय बैठक नौ अप्रैल को : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने नीट परीक्षा के दायरे से छूट की मांग को लेकर राज्य विधानसभा में पारित विधेयक को मंजूरी देने से केंद्र के इनकार को काला अध्याय बताते हुए अगली कार्रवाई तय करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में यह घोषणा की और सभी दलों के नेताओं को बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक नौ अप्रैल की शाम को राज्य सचिवालय में होगी। उन्होंने इस मुद्दे पर कानूनी लड़ाई के अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए विधि विशेषज्ञों से परामर्श करने का वादा करते हुए आश्वासन दिया कि उनकी सरकार युवा मेडिकल उम्मीदवारों और उनके माता-पिता के सपने को साकार करने के लिए सभी कानूनी कदम उठाएगी, जिसमें तमिलनाडु को नीट के दायरे से छूट दी जाएगी और प्लस टू बोर्ड परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर यूजी एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा।

### भारत में वाणिज्यक पोतों का बेड़ा बढ़ाया जाए

**नई दिल्ली।** धातु और खनन क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी और वेदांता समूह के प्रमुख अनिल अग्रवाल ने वाणिज्यिक समुद्रीय पोत परिहन क्षेत्र में चीन के वर्चश्व का उल्लेख करते हुए भारत में जहाजरानी क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर बल दिया है और इसे रणनीतिक महत्व का विषय बताया है। उन्होंने इस क्षेत्र में निजी कंपनियों को सार्वजनिक उपक्रमों के बराबर मान दिए जाने की जरूरत पर बल दिया है। वेदांता लि. के चेयरमैन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,ह्व क्या आप जानते हैं कि चीन के कमर्शियल फ्लीट (वाणिज्यिक पोतों के बेड़े) में 5000 से अधिक बड़े जहाज हैं, जबकि भारत के पास 500 से भी कम जहाज हैं। इसी पोस्ट में उन्होंने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में मुख्य रूप से चीनी जहा. जों का ही प्रभुत्व है।

# रिकॉर्ड कायम हुए बजट सत्र में: किरेन रिजीजू

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ वक्फ विधेयक पर दोनों सदनों में हुई रिकॉर्ड चर्चा को ऐतिहासिक बताया

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने संसद के आज समाप्त हुए बजट सत्र में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर दोनों सदनों में रिकॉर्ड समय तक हुई चर्चा को ऐतिहा. सिक बताया और इसमें बिना स्थगन या हंगामा किए भाग लेने के लिए सभी राजनी. तिक दलों के सांसदों को धन्यवाद दिया।

रिजीजू ने संसद भवन परिसर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक में लोकसभा में 14 घंटे से अधिक और राज्यसभा में लगभग 17 घंटे तक चर्चा हुई। लोकसभा में तीन अप्रैल को तड़के तीन बजे तक और राज्यसभा में शुक्रवार सुबह चार बजे तक कार्यवाही चली और इसमें कोई बाधा या स्थगन नहीं हुआ। इस प्रकार से एक रिकॉर्ड कायम हुआ है। इससे पहले कभी किसी विधेयक पर इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह सभी सांसदों एवं राजनीतिक दलों को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा और लोकसभा में सरकार को अपेक्षा के अनुरूप ही वोट मिले हैं। राज्यसभा में एक दल ने अपने सांसदों को व्हिप जारी नहीं किया था और अंतरात्मा की आवाज़ पर वोट देने की छूट दी थी, जिस पर उसके सांसदों ने सरकार के पक्ष का समर्थन किया। यदि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने व्हिप जारी नहीं किया होता, तो सरकार को ज्यादा समर्थन मिलता। उन्होंने दावा किया कि कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने निजी तौर पर कहा है कि विहिप का बंधन नहीं होता, तो वे विधेयक का समर्थन करते। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह श्रीमती गांधी का व्यक्तिगत रूप से सम्मान करते हैं, लेकिन कांग्रेस के वक्तव्य में जबरदस्ती बुलडोज़ करके विधेयक पारित कराने की बात गलत है। सबने देखा है कि दोनों सदनों ने लंबी बहस की और सब संशोधन प्रस्तावों एवं मतदान के जरिए इसे नियमानुसार पारित किया गया है। इसलिए बुलडोज़ शब्द का इस्तेमाल अनुचित है।

रिजीजू ने कहा कि संसद का बजट सत्र, 2025, जो 31 जनवरी 2025 में शुरू हुआ था, चार अप्रैल, 2025 को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस बीच दोनों सदन गुरुवार 13 फरवरी को मध्यावकाश के लिए स्थगित कर दिए जाने के बाद सोमवार 10 मार्च को पुनः समवेत हुए थे ताकि विभाग संबंधी स्थाई समितियां विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से संबंधित अनुतन मांगों की जांच कर सकें और उन पर अपनी रिपोर्ट दे सकें। बजट सत्र के पहले आग के दौरान लोक सभा और राज्यसभा दोनों की कुल नौ बैठकें हुई थी। सत्र के दूसरे भाग में दोनों सदनों की 17 बैठकें हुई। पूरे बजट सत्र के दौरान कुल 26 बैठकें हुई। रिजीजू ने कहा कि इस सत्र के दौरान, कुल 11 विधेयक (लोकसभा में 10 और राज्य सभा में 1) पुरस्थापित किए गए। सोलह विधेयक लोक सभा द्वारा पारित किए गए और 14 विधेयक राज्य सभा द्वारा पारित किए लौटाए गए। संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित/लौटाए गए विधेयकों की कुल संख्या 16 है। बजट सत्र, 2025 के दौरान लोक सभा की उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत और राज्य सभा की उत्पादकता लगभग 119 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि यह वर्ष का पहला सत्र होने के नाते, राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 87(1) के अनुसार 31 जनवरी, को संसद के दोनों सदनों की समवेत बैठक को संबोधित किया था। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रामवीर सिंह बिधूडी ने पेश किया था और रविशंकर प्रसाद ने इसका समर्थन किया था।

# भाजपा सरकार आते ही अधिकतर प्राइवेट स्कूलों ने फीस बढ़ा दी: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 10 सालों में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली में जिन प्राइवेट शिक्षा माफियाओं का खात्मा किया था भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही वे वापस जिंदा हो गया है।

'आप' के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने आज यहां कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार से गरीबों को बहुत कुछ मिला और इसे भाजपा झुठला नहीं सकती, लेकिन पिछले कुछ सालों से भाजपा दिल्ली के लोगों में दुष्प्रचार कर रही थी कि जो मिला, वह सिर्फ गरीबों को मिला, मध्यम वर्ग को क्या मिला? दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद से दिल्लीवालों को 24 घंटे बिजली मिलना बंद हो ही गया है। यह तो माध्यम वर्ग के लिए ही था। एक अप्रैल से दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में नया सत्र शुरू होने के बाद मध्यम वर्ग पर फीस वृद्धि का दूसरा बड़ा प्रहार पड़ा है। दिल्ली के लगभग सभी प्राइवेट स्कूलों ने 20 से 82 फीसद तक फीस बड़ा दी है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में स्थित एक बहुत नामी स्कूल के द्वारका, वसंत कुंज और रोहिणी ब्रांच में फीस बघने के बाद बच्चों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सातवीं और 10वीं क्लास का बच्चा पहले दिन स्कूल जाता है और प्रेयर में कुछ बच्चों को ग्राउंड में ही रोक दिया जाता है और उन्हें क्लास रूम में जाने से मना कर दिया जाता है। सारे बच्चे क्लास में जाकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन जिन बच्चों के माता-पिता ने बढ़ी हुई फीस नहीं दी है, उन बच्चों को पूरे दिन लाइब्रेरी में बैठाया जाता है। अगर इन बच्चों को टॉयलेट भी जाना है, तो अटेंडेंट के साथ जा रहा है, ताकि बच्चा अपनी क्लास में जाकर पढ़ाई न करने लगे। डीपीएस में पढ़ने वाले यह मीडिल क्लास के नहीं, अपर मीडिल क्लास के बच्चे हैं।

# टैरिफ से भारतीय इंजीनियरिंग सामान निर्यात पर होगा असर: ईईपीसी

**कोलकाता, वार्ता**

■ ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है

अमेरिका के नए पारस्परिक टैरिफ नीति का भारतीय इंजीनियरिंग सामान के निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ेगा, खासकर पहले वर्ष तक या जबतक कि भारत अन्य बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर लेता।

भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में अमेरिका को भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 17. 27 अरब डॉलर रहा, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 15.95 अरब डॉलर की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि प्रस्तावित 27 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ भारत से निर्यात को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त है। ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। चड्ढा का कहना है, हमारे प्रारंभिक अनुमान के अनुसार अमे. रिका को इंजीनियरिंग सामान का निर्यात पहले वर्ष में चार-पांच अरब डॉलर तक घट सकता है। हालांकि वास्तविक प्रभाव अमेरिकी बाजार की इन शुल्कों को अवशोषित करने की क्षमता पर निर्भर करेगा। अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि भारतीय निर्यातकों को उच्च अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि भारत और अमे. रिका के बीच चल रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) की बात. चीत से भारतीय उत्पादों पर प्रस्तावित टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सकेगा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 135 अंक गिरकर 76,160.9 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,258.12 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं इसके बाद हुई बिकवाली से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 75,240.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 76,295.36 अंक के मुकाबले 1.22 अंक टूटकर 75,364.69 अंक पर रहा।

## भाजपा के डीएनए में फासीवाद पूरी तरह से समाया

# बजट सत्र में सरकार करती रही मनमानी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कहा: मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने जा रहे हैं, तो इस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए

कांग्रेस ने कहा है कि बजट सत्र के दोनों चरणों में सरकार तानाशाही करती रही है और उसकी गतिविधियों को देखकर यही प्रदर्शित होता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के डीएनए में फासीवाद पूरी तरह से समा गया है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई तथा राज्यसभा में पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुवार को लोक सभा और राज्य सभा में बजट सत्र का दूसरा चरण समाप्त हो गया। सत्र के दौरान हुई गतिविधियों को देखकर ऐसा लगता है कि भाजपा के डीएनए में फासीवाद समा गया है। तिवारी ने कहा कि आज हम इंजतार कर रहे थे कि लोकसभा में अध्यक्ष और राज्यसभा में सभापति सदन को शुरू करेंगे, लेकिन इससे पहले ही भाजपा ने सत्ता पक्ष होते हुए सदन में हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा लोकतंत्र का बेसिक प्रिंसिपल तोड़ रही है। प्रधानमंत्री थाइलैंड गए हैं और गृहमंत्री छत्तीसगढ़ जा रहे हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा भी कि मणिपुर में पिछले दो साल से हिंसा हो रही है, जब मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने जा रहे हैं, तो इस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। राज्य सभा में मणिपुर पर चर्चा के लिए तीन घंटे निर्धारित थे, लेकिन सिर्फ 50 मिनट में ही खत्म कर दिया गया। भाजपा के अंदर तानाशाही का डीएनए समा गया है और भाजपा लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकसभा में राज्य सभा के सदस्यों का जिक्र नहीं होता है। कोई इल्जाम नहीं लगाया जाता है, क्योंकि वो खुद के बचाव के लिए वहां उपस्थित नहीं होते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर आधारहीन आरोप लोकसभा में लगाए गए, जिसका हमने विरोध किया, तो उसे कार्यवाही से निकालना पड़ा। राज्यसभा में खड़गे ने इस बात पर चुनौती दी, तो सभी ने गलत माना।

भाजपा लोकतंत्र में यकीन ही नहीं करती। अगर परंपरा नहीं निभा सकते, तो कम से कम नियम तो फॉलो करें। उन्होंने कहा कि कल मैंने राज्य सभा में नियम 37 उठाया। सदन चलने की एक तय समय सीमा होती है- सुबह 11 से शाम 6 बजे तक। शाम 6 बजने से कुछ मिनट पहले ये तय किया जाता है कि सदन का समय बढ़ाना है या नहीं। कल सदन शाम 6 बजे के बाद भी जारी रहा। इसलिए मैंने रात 11 बजे नियम 37 उठाया कि ए गलत हो रहा है। ऐसे में शाम 6 बजे के बाद वक्फ और मणिपुर जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई है, जो नियम 37 का उल्लंघन है। इसी तरह से मणिपुर पर चर्चा के लिए तीन घंटे का समय निर्धारित था, लेकिन सिर्फ 50 मिनट में इसकी चर्चा पूरी कर दी गई और वहां राष्ट्रपति शासन अप्रूव कर दिया गया।

### वक्फ संशोधन बिल से हम सहमत नहीं, दुरुपयोग होने पर मुसलमानों का साथ देंगे: मायावती



**लखनऊ।** वक्फ संशोधन बिल पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि केंद्र सरकार इस बिल को जल्दबाजी में लाई है। अगर इस बिल को समझने के लिए जनता को और समय दिया जाता, तो अच्छा होता। एक्स पर जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कार्ष यही निकलता है कि केन्द्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी सन्देहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता। उन्होंने कहा कि दु:ख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर इसे पास कराया है। यह उचित नहीं और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं, तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी अर्थात् ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। लेकिन दु:ख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर जो इसे पास कराया है यह उचित नहीं और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं, तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी अर्थात् ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।

## अर्थ व्यापार

# ट्रम्प के टैरिफ से शेयर बाजार में भूचाल

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापक टैरिफ घोषणा से वैश्विक मंदी आने की आशंका से विश्व बाजार में जारी गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 930.67 अंक अर्थात 1.22 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब दो सप्ताह के निचले स्तर और 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 75,364. 69 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 345.65 अंक यानी 1.49 प्रतिशत लुढ़ककर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 22904. 45 अंक पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 3.08 प्रतिशत की गिरावट लेकर 40,508.53 अंक और स्मॉलकैप 3.43 प्रतिशत कमजोर रहकर 45,867.17 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4076 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2820 में गिरावट जबकि 1126 में तेजी रही, वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 2947 कंपनियों में कारोबार हुआ। इनमें से 2230 में बिकवाली जबकि 646 में लिवाली हुई, वहीं 71 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीतियों और चीन, यूरोपीय संघ सहित अन्य देशों द्वारा संभावित प्रतिशोधी टैरिफ के कारण वैश्विक बाजारों में भारी अनिश्चितता का माहौल बन गया है। इस व्यापार युद्ध के कारण बाजार में असमंजस और अस्थिरता की स्थिति और लंबी लखचने की संभावना है। वैश्विक व्यापार में कमी और आर्थिक वृद्धि में गिरावट इस माहौल में लगभग अनिवार्य हैं। यह गिरावट भारत की विकास दर को भी प्रभावित कर सकती है, भले ही भारत अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। निवेशकों को सलाह है कि वे फिलहाल स्थिति के स्थिर होने का इंतजार करें। इस दौरान घरेलू खपत आधारित क्षेत्रों और फार्मा जैसे सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित करना बेहतर रहेगा, जो वैश्विक व्यापारिक झटकों से अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। हालांकि भारतीय बाजार के लिए एक सकारात्मक संकेत यह है कि डॉलर की कमजोरी के कारण विदेशी संस्थागत निवेशक फिर से खरीदारी की ओर लौट सकते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 665.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6. 6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 658.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.2 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 565.01 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.9 करोड़ डॉलर उछलकर 77.8 अरब डॉलर हो गया। वहीं आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.6 करोड़ डॉलर लुढ़ककर 4.41 अरब डॉलर पर आ गई।

# खाद्य तेलों में टिकाव, मूंग व उड़द दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजार में जारी भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग आने से मूंग दाल और उड़द दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 110 रिंगिट लुढ़ककर 4701 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.66 सेंट की गिरावट के साथ 45.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल और उड़द दाल में 150-150 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**71 साल बाद...**

आजादी के बाद देश में सबसे अधिक समय तक सरकार तो कांग्रेस की ही रही है। वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम को शामिल किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड एक वैधानिक संस्था है, तो इस तरह की संस्थाओं का धर्मनिरपेक्ष होना जरूरी है इसलिए इसमें मुस्लिम समुदाय से अलग कुछ लोगों को शामिल किया जा रहा है, लेकिन उनका बहुमत नहीं रहेगा और वक्फ बोर्ड का प्रबंधन मुस्लिमों के पास ही रहेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर से अनेक शिष्टमंडलों ने वक्फ बोर्डों में एकाधिकार को समाप्त करने की मांग की थी और इसे ध्यान में रखकर विधेयक में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देकर इसे समावेशी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से मुसलमानों का फायदा होने वाला है और विपक्ष को लोगों को बेवजह गुमराह नहीं करना चाहिए। उनके जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। संशोधन के प्रस्ताव कांग्रेस के नासिर हुसैन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी केपी संदोष कुमार, जॉन ब्रिटॉस , माकपा के एए रहीम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वी शिवादासन , राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की फौजिया खान, द्रमुक के तिरूचि शिवा , द्रमुक की कनिमोझी एनवीएन सोमू , आईयूएमएल के अब्दुल वहाब और भाकपा के पीपी सुनीर आदि सदस्यों ने दिए थे।

**जन शताब्दी...**

पर आ रही अन्य ट्रेन के टपरी,नागल, देवबंद आदि स्टेशनों पर रोक दिया गया। ट्रेन में सवार यात्रियों को जब पता चला, तो उनमें भी बैचेनी फैल गई। घटना का पता चलने पर टेक्निकल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने चक्का जाम होने के कारण बाहर की खिसकी रेलवे ट्रैक को ठीक किया। करीब ढाई घंटे बाद दूसरा इंजन मंगवाकर ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इस दौरान काफी समय तक यात्री ट्रेन मे बैठे रहे बाद में अपने गंतव्य तक जाने के लिए इधर उधर भटकते रहे। ट्रेन मे सवार यात्रियों का कहना था कि टपरी स्टेशन से चलने के बाद रेल ट्रैक से खटखट की आवाजें आ रही थी।

# जम्मू सरकार वास्तविक मुद्दों की अनदेखी कर रही: महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को यहां की सरकार पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि वह कायरतापूर्ण रवैया अपनाने तथा मजबूत जनादेश के बावजूद लोगों के वास्तविक मुद्दों का समाधान करने में विफल रही।

सुश्री मुफ्ती ने कहा कि लोगों को नई सरकार से उम्मींदें थीं कि वह उनके अधिक. ारों की रक्षा करेगी, बेरोजगारी का समाधान करेगी और अन्याय को दूर करेगी। उन्होंने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि नई सरकार उन अधिकारों की रक्षा करेगी जो लूटे गए थे, लेकिन छह महीने हो गए हैं और कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जेलों में सड़ रहे युवा, बर्खास्त कर्मचारी और संकट में दैनिक वेतनभोगी लोगों की अनदेखी जारी है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर सीधा निशाना साधते हुए, उन्होंने कहा कि उनके विभाग से लोगों को निकाल दिया गया और वे चुप रहे। आज विधायक जेल में बंद युवाओं या बेरोजगारी के बारे में बात करने के लिए नहीं, बल्कि एक पटवारी के तबादले के लिए इकट्ठा हो रहे हैं।

# युवा प्रोफेशनल्स को पार्टी से जोड़ने के लिए डा. सिंह फेलो कार्यक्रम शुरू करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ हर साल 50 प्रोफेसनल्स को राजनीति में लाया जाएगा

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के नाम पर युवा प्रोफशनल्स को पार्टी से जोड़ने के लिए 'डा. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम' शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम के जरिए हर साल 50 प्रोफेसनल्स को राजनीति में लाया जाएगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी के झारखंड के प्रभारी तथा अनुसूचित जाति, जनजा. ति, अल्पसंख्या विभाग के प्रमुख के राजू तथा प्रोफेशनल कांग्रेस के चेयरमैन प्रवीण चक्रवर्ती ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डा. सिंह के नाम पर 'फेलो कार्यक्रम' शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत हर साल राजनीति में आने के इच्छुक उन 50 मिड करियर प्रोफेशनल्स को शामिल किया जाएगा, जो समर्पित होकर राजनीति में आकर समाज की बेहतरी के लिए अपने ज्ञान का योगदान देना चाहते हैं। इस मंच से उन्हें फेलो बनकर राजनी. ति में आने का एक स्पष्ट मार्ग मिलेगा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इसके तहत हर साल 50 ऐसे लोग चुने जाएंगे, जो मिड करियर प्रोफेशनल्स हैं और राजनीति के जरिए समाज में अपना योगदान देना चाहते हैं। इस कार्यक्रम को पार्टी के वे प्रोफेशनल्स मेंटोर करेंगे, जो यहां नेतृत्व दे रहे हैं। इस माध्यम से राजनीति की तरफ एक नया अप्रोच देखने को मिलेगा और हमें एक-दूसरे से सीखने का मौका मिलेगा। खेड़ा ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म ऐसे प्रोफेशनल्स के लिए है, जो भारत के संविधान और हमारे मूल्यों पर विश्वास रखते हैं। इस प्लेटफॉर्म के जरिए वे अपना हुनर राजनीति में लाएं और इसे बेहतर बनाएं। अगर हम देश में ऐसे लोगों की बात करें, जो पहले प्रोफेशनल रहे और फिर पॉलिटिक्स में आए, तो डा. मनमोहन सिंह जी का नाम बहुत ऊपर आएगा। वहीं अगर हम इतिहास देखें, तो मोती लाल नेहरू जी से लेकर महात्मा गांधी और सरदार पटेल तक, आजादी के आंदोलन में भी सारे अग्रणी नाम पहले प्रोफेशनल थे। प्रोफेशनल्स को प्लेटफॉर्म देने की कांग्रेस में पुरानी परंपरा रही है, जो आजादी के बाद भी चलती रही। इस माध्यम से कांग्रेस ने समाज से सर्वोत्तम लोगों को लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रिंस तेवतिया गैंग के चार शूटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने कुख्यात "प्रिंस तेवतिया गैंग" के चार शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कारतूस सहित चार पिस्टल बरामद की है। सभी आरोपी कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि पीएचक्यू,के निर्देशानुसार जिले के क्षेत्र में संगठित अपराधों में शामिल गैंगस्टरों और व्यक्तियों के साथ-साथ हथियार, वित्तीय सहायता और अन्य संसाधन उपलब्ध कराकर अपराधियों की सहायता करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से विशेष अभियान चलाए जा रहा था। इसी बीच स्पेशल स्टाफ की टीम को एक कार में कुख्यात 'प्रिंस तेवतिया गैंग' के सदस्यों की बीआरटी रोड पर आवाजाही के बारे में गुप्त सूचना प्राप्त हुई। तुरंत, एसीपी ऑपरेशन अभिनेंद्र जैन की देखरेख में इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र के नेतृत्व में एसआई दिनेश कुंडू,नवीन, एएसआई

**पुलिस ने आरोपी से कारतूस सहित चार पिस्टल बरामद किए**

अशोक,संजय, हेड कांस्टेबल यशपाल, रोहन, पंकज, कृष्ण, सुनील, मनीष,संदीप, राकेश , प्रवीण और अनूप की टीम ने डीडीए फ्लैट्स मदनगीर के पास बीआरटी रोड पर एक रणनीतिक जाल बिछाया। इस दौरान , मुखबिर के कहने पर एक कार को संदिग्ध हालत में आते देखा गया। तुरंत, पेशेवर तरीके से आकलन करते हुए, चार आरोपियों को पकड़ लिया।

सरसरी तलाशी लेने पर, उनके पास से तीन पिस्टल, मैगजीन जिसमें ०६ जिंदा कारतूस थे और ०१ देशी पिस्टल जिसमें ०२ जिंदा कारतूस थे और एक कार बरामद की गई। बाद में, उनकी पहचान अंबेडकर नगर थाने के बीसी राकेश उर्फ राका (३०), हनी रावत उर्फ बड़ी (२८), रिशु प्रसाद उर्फ मोनू (२५) और दिलशाद उर्फ गोलू (२४) के रूप में हुई। इसके बाद अंबेडकर नगर थाने में मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी राकेश उर्फ राका और हनी रावत ने बताया कि वे शूटर हैं और 'प्रिंस तेवतिया गैंग' के सदस्य हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी आरोपी राकेश उर्फ घ्घराका ने बताया कि वह २०१९ से न्यायिक हिरासत में था और अपनी रिहाई के बाद, वह हनी रावत, रिशु (एक मामले में उसका सह-आरोपी) और दिलशाद (रिशु का दोस्त) से फिर से जुड़ गया।

राकेश उर्फ राका ने आगे बताया कि वह प्रतिद्वंदी गैंग के सदस्यों के खिलाफ रंजिश रखता था, क्योंकि गैंग के एक सदस्य ने जेल के अंदर उस पर हमला करवाया था। अब राकेश उर्फ घ्घराका बदला लेने के लिए अंबेडकर नगर और मालवीय नगर के इलाकों में रहने वाले प्रतिद्वंदी गैंग के सदस्यों को निशाना बना रहा था। पुलिस ने बताया कि आरा. पी राकेश उर्फ राका अंबेडकर नगर थाने का बी.सी. है और पहले आर्म्स एक्ट, हत्या और हत्या के प्रयास आदि के बारह मामलों में शामिल पाया गया है।

# भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली भाजपा कर रही है तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि ६ अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली प्रदेश द्वारा सभी १४ संगठनात्मक जिला कार्यालयों में झंडातोलन एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दिल्ली की राजनीति में अब तक जिन भी महानुभावों का योगदान रहा है, उन्हें पुष्पांजलि देकर एक सम्मान देने का काम किया जाएगा।

पार्टी के स्थापना दिवस पर सुबह प्रदेश कार्यालय में वीरेन्द्र सचदेवा सभी भाजपा सांसद एवं प्रदेश पदाधिकारी पार्टी का झंडा फहराएंगे और उसके तदोपरांत पुष्पांजलि के साथ ही मीठाई वितरण का भी कार्यक्रम होगा। दोपहर बाद प्रदेश सह-प्रभारी डॉ अलका गुर्जर पश्चिमी दिल्ली में, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा शाहदरा में, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा मयूर विहार में, संगठन महामंत्री पवन राणा नवीन शाहदरा में, सांसद मनोज तिवारी उत्तर पूर्व जिला में, सांसद श्री योगेन्द्र चंदोलिया उत्तर पश्चिम जिला में, सांसद कमलजीत सहरावत नजफगढ़ जिला में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी दक्षिणी दिल्ली में सांसद बांसुरी स्वराज करोल बाग स्थित जिला कार्यालय में, प्रवीन खंडेलवाल चांदनी चौक जिला कार्यालय में, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल केशवपुरम जिला कार्यालय में, दिनेश प्रताप सिंह नई दिल्ली जिला कार्यालय में, सारिका जैन महरौली जिला कार्यालय में और नरेश वशिष्ठ बाहरी दिल्ली जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक आंदोलन का नाम है, न कि महज एक राजनी. तिक दल जो राष्ट्रहित में पिछले ४५ वर्षों से लगातार देश विरोधी ताकतों से लड़ने और देश को विकसित स्वरुप देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं, जो न केवल क्षेत्रीय स्तर पर, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपने विचार और दृष्टिकोण से पहचान बना रहा है।

## घर में चोरी करने की योजना बना रहा आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के गीता कॉलोनी थाने के स्टाफ ने हथियार के साथ घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से अवैध देसी कट्टा बरामद किया है।आरोपी एक घर में चोरी करने की योजना बना रहा था।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ०३.अप्रैल को, एसआई जीत पाल और हेड कांस्टेबल सचिन ने रात ८:२० बजे अंबेडकर पार्क, रानी गार्डन में एक व्यक्ति को भागते हुए देखा। इसके बाद उन्होंने पीछा कर संदिग्ध को पकड़ लिया, जिसकी पहचान दीपक विज (३२) के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।इसके बाद पुलिस ने गीता कॉलोनी, थाने के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र का कुख्यात अपराधी है, जिस पर चोरी, सेंधमारी, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट आदि के २५ मामले दर्ज हैं। उसने अपने पूर्व साथी मोइन खान से हथियार और कारतूस खरीदे थे और अपराध को अंजाम देने के लिए खुद को इनसे लैस करने की योजना बना रहा था। आरोपी रानी गार्डन में एक घर में चोरी करने की योजना बना रहा था।

## एम्स के हॉस्टल में चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस ने एम्स के हॉस्टल में चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। महिला ने चोरी करने के लिए डॉक्टर का कोट पहना। महिला लैब टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा धारक है। उसके पास से चोरी की गई ज्वेलरी में एक स्कूटी बरामद की गई।

## एक नजर

### श्री हंसलोक आश्रम में विशाल जनकल्याण समारोह 5 व 6 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** विश्व की महान आध्यात्मिक विभूति माता श्री राजेश्वरी देवी की पावन जयंती आगामी ५ और ६ अप्रैल को श्री हंसलोक आश्रम में मातृशक्ति दिवस के रूप में मनाई जायेगी। इस मौके पर हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल द्वारा दो दिवसीय विशाल जनकल्याण समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं ६ बजे से ९ बजे तक चलेगा। संस्था के मीडिया प्रभारी बी.के.त्यागी ने बताया जनकल्याण समारोह में परमपूज्य श्री भोले जी महाराज तथा माता श्री मंगला जी लोगों में राष्ट्र प्रेम, मानवीय एकता, विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव, परोपकार तथा मानव सेवा का भाव जगाने के लिए प्रवचन करेंगे। समारोह में माताश्री राजेश्वरी देवी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला जायेगा। श्री त्यागी ने बताया कि युवाओं में बढ़ रही नशा प्रवत्ति को दूर करने तथा उन्हें आध्यात्मिक शिक्षा को अपनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

संस्था के मीडिया प्रभारी ने बताया कि समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आये आत्मानुभवी संत-महात्मा भी सत्संग विचारों से श्रद्धालु-भक्तों को लाभान्वित करेंगे।घ प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति की जायेगी। समारोह में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं विशाल भंडारा भी लगाया जायेगा।

### स्टार्टअप महाकुंभ में बैंकिंग सॉल्यूशन्स पेश किए

**नई दिल्ली।** भारत के पहले फिनटेक बैंक, स्लाइस और नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनैंस बैंक (एनईएसएफबी) ने ३ अप्रैल से ५ अप्रैल तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'स्टार्टअप महाकुंभ-२०२५' में आधुनिक बैंकिंग सॉल्यूशन्स के एक शानदार सुइट का उद्घाटन किया। सुलभता, नवाचार और सबसे पहले ग्राहक बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ फिनटेक-बैंक पूरे भारत में विस्तार करने के लिए तैयार है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, स्लाइस द्य एनईएसएफबी के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें श्स्टार्टअप महाकुंभश में अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग सॉल्यूशन्स पेश करने पर गर्व है, जो बैंकिंग को सभी के लिए अधिक सुलभ, सुरक्षित और लाभकारी बनाने के हमारे मिशन की पुष्टि करता है।

### वर्डलूम ने किया सुता का अनावरण




**नई दिल्ली।** सेलिब्रिटी लेखक करण पुरी के साथ मिलकर, वर्डलूम ने द वूमेन अचेवर्स अवार्ड्स-सुता के उद्घाटन संस्करण की मेजबा. नी की। लेखक करण पुरी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओं को प्रेरित करने के लिए, समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान को पहचानते हुए एक साथ लाया गया है। सुता केवल एक पुरस्कार समारोह नहीं है; यह महिलाओं को मनाने और सशक्त बनाने के लिए एक आंदोलन है। इस मंच के माध्यम से, हम उनकी यात्रा, संघर्ष और सफलताओं को उजागर करना चाहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुडगांव की मेयर राजनी मल्होत्रा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह आयोजन महिलाओं के अचीवर्स के एक प्रेरणादायक लाइनअप को एक साथ लाया गया है, जिसमें अभिनेत्री सयाली भगत,विश्व स्तर पर प्रसिद्ध दूल्हे विशेषज्ञ रीता गंगवानी, और प्रशंसित नर्तक संगीत चटर्जी शामिल हैं,जो कई अन्य प्रमुख व्यक्तित्वों और दिल्ली के प्रमुख सोशलियों के बीच भाजपा के प्रवक्ता विनेय चौधरी, पूर्व बीजेपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शायमज भी शामिल रहे। वर्डलूम क्रिएटिव वेंचर्स के संस्थापक-निर्देशक, टापोब्रती दास समादर ने कहा, सुता का पहला संस्करण एक शानदार सफलता थी, भविष्य के संस्करणों के लिए मंच की स्थापना की गई, जो जीवन के सभी क्षेत्रों से महिलाओं को सम्मानित करना और सशक्त बनाए रखेगा।

### तीसरा पुस्ता से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के वार्ड ब्रह्मपुरी से निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने अपने क्षेत्र के तीसरा पुस्ता पर हो रहे अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। अचानक निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने तीसरे पुस्ते दौरा किया। उन्होंने देखा कि रेहड़ी-पटरी वालों ने रोड पर अतिक्रमण कर रखा है। जिस देख उन्होंने नगर निगम कर्मचारियों को फटकारते हुए आदेश दिया कि इलाके से फौरन अतिक्रमण को हटाया जाए इससे ट्रेफिक जा हो जाता है जिससे आने जाने वाले घंटों जाम से जूझते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अचानक किसी हादसे के बक्त अगर एम्बुलेंस की जरूरत हो तो अतिक्रमण के चलते एम्बुलेंस भी नहीं आ सकेगी। उन्होंने अतिक्रमण को हटाने के लिए सख्त आदेश दिया।

### सहकारिता बदलेगा दिल्ली में कॉर्पोरेट की तस्वीर: रविन्द्र इंद्राज सिंह

**नई दिल्ली।** सहकारिता मॉडल से आधिक से आधिक लोगों को जोड़कर दिल्ली में नया कॉर्पोरेट मॉडल तैयार किया जा रहा है। सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में श्सिनर्जीश फिनटेक एंड कॉर्पोरेट सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की युवाओं को रोजगार पाने की जगह रोजगार देने में सक्षम बनने की अप्रोच अपनाना चाहिए। रोजगार सृजन के साथ, गरीब और मध्यम वर्ग को अच्छी गुणवत्ता और अपेक्षाकृत कम कीमत की वस्तुएं उपलब्ध कराना सहकारिता मॉडल के जरिये संभव है। घरेलू और परम्परा से जुड़ी छोटी चीजों का संगठित रूप में उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था खासकर गरीब वर्ग को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगा। इसमें स्वसहायता समूहों को बढ़ावा देना, महत्वपूर्ण योगदान देगा। सहका. रिता मंत्री ने कहा की दिल्ली की रेजीडेंशियल सोसायटी में स्वसहायता समूहों के स्टोर्स खुलेंगे।




मल्का गंज क्षेत्र क्षेत्रीय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का उदघाटन करते हुए साथ में हैं निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान आदि।

# मल्का गंज में खुला प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मल्का गंज क्षेत्र के शुक्र बाजार में आज क्षेत्रीय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का उदघाटन किया इस मौके पर दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह सिविल लाइन जोन की डिप्टी चेयरमैन बहन रेखा अमरनाथ जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र मल्का गंज शाखा के संच. ालक दीपक चौपड़ा ने बताया कि यहां जेनेरिक दवा उपलब्ध हो जाने से गरीब और असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा । उन्होंने कि इस औषधि केन्द्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापुर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी और केन्द्र पर सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी । जन औषधि केन्द्र पर लगभग १२०० किस्म की दवाएं व करीब ३०० सर्जिकल समाग्री भी उपलब्ध है। तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि दवाओं पर खर्च को कम करने के लिए गुणवत्तापूर्ण जेने. रिक दवाओं के लिए इस केन्द्र के खुल जाने से गरीब व मजदूर लोगों को काफी राहत मिलेगी।

जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के सबसे बड़े हिन्दूराव अस्पताल के नजदीक होने के कारण इस जन औषधि केन्द्र का लाभ अस्पताल आने वाले गरीब मरीजों को भी मिलेगा।

इस अवसर पर भाजपा उत्तर-पूर्वी जिला के मंत्री राजू बंसल महिला मोर्चा महामंत्री ममता आनन्द पूर्व निगम पार्षद श्याम लाल जाटव जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान भाजपा मल्का गंज मण्डल के अध्यक्ष उमेश माथुर पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र महौर मदन रुखड़ संजय सोनकर मान सिंह मेहर सिंह अमित आनन्द भारत भूषण अश्वनी आनन्द व जहीर आलम आदि भी मौजूद थे।

## बहन के ही घर में चोरी करने वाली बहनें गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैतपुर में एक चोरी की वारदात में शामिल दो बहनों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है,जिन्होंने अपनी ही बहन के घर में चोरी की थी। वारदात के फरार होने के बाद पिछले काफी समय से एक किराने की दुकान में सेल्सगर्ल की नौकरी कर रही थीं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २०१४ में, एक महिला शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट की थी कि उसके घर से ७६ हजार रुपये चोरी हो गए थे और उसके एटीएम कार्ड का उपयोग करके निकाल लिए गए थे। उसने आगे आरोप लगाया कि चोरी में उसकी अपनी बहनें शामिल थीं। जैतपुर पुलिस मामला दर्ज करके दोनों की तलाश कर रही थी।

# ई-रिक्शा के जरिए गांजा पहुंचाने की तैयारी में था ड्रग पेडलर, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से कुल २५.४२० किलोग्राम बढ़िया क्वालिटी का गांजा (मारिजुआना) बरामद किया है जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य लगभग १२.५ लाख रुपये है।आरोपी ई-रिक्शा के जरिए एक स्थानीय प्राप्तकर्ता को बड़ी मात्रा में गांजा पहुंचाने की तैयारी में था।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि एसआई निरंजन सिंह को दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में एक मादक पदार्थ (गांजा) की सप्लाई के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी जिसमें पता चला कि नशीले पदार्थ (गांजा) को ओडिशा से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक ट्रेन द्वारा ले जाया जा रहा था, जिसके बाद उन्हें मंगोलपुरी, सुल्तान पुरी और बेगम पुर जैसे इलाकों में मुख्य रूप से ई-रिक्शा का उपयोग करके वितरित किया जाएगा।इसी बीच एक गोपनीय सूचना मिली थी कि तस्करों द्वारा बेगम पुर क्षेत्र में ई-रिक्शा द्वारा गांजे की खेप पहुंचाई जाएगी।

इस सूचना पर एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर पुखराज के नेतृत्व में एसआई संजय राणा, निरंजन सिंह, एएसआई पवन, हेड कांस्टेबल सचिन, पवन, नरेंद्र, मुकेश,परवीन और कांस्टेबल मनोज की टीम ने अपना जाल बिछाकर पर रोहिणी सेक्टर-२४, के पास से एक व्यक्ति को पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान उमेश साहनी (३६) के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से ०३ बैग मिले, जिसमें कुल २५.४२० किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला गांजा है। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी उमेश साहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी, उमेश, एक स्थानीय सप्लायर है, जिसने ओडिशा से दिल्ली तक गांजा पहुंचाने की व्यवस्था की, जहाँ वह इसे स्थानीय विक्रेताओं को बेचता और वितरित करता था। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में गांजा ले जाने और वितरित करने में उसे एक दूर के रिश्तेदार ने मदद की। उमेश ओडिशा के एक स्रोत से तस्करी का सामान इकट्ठा करता था और उसे ट्रेन से दिल्ली ले जाता था।

# शाहदरा दक्षिणी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया

**यह अभियान कड़कड़ी मोड़, हसनपुर डिपो तथा बालको अपार्टमेंट तक चलाया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन ने प्रीत विहार और आई पी एक्सटेंशन वार्ड में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी। उल्लेखनीय है कि यह अभियान कड़कड़ी मोड़, हसनपुर डिपो तथा बालको अपार्टमेंट तक चलाया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में सामान जब्त किए गए और कई अस्थायी ढांचों को हटाया गया।दो दिनों तक चले इस संयुक्त अभियान के तहत लगभग ३५ छप्पर हटाये गए और अतिक्रमण अभियान के दौरान जब्त किये सामान को झिलमिल स्थित स्टोर में जमा करवा दिया गया है। दिल्ली नगर निगम ने नागरिकों से अपने क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया है।

निगम अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना जारी रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि सार्वजनिक स्थानों को अवरोधों से मुक्त रखा जाए। दिल्ली नगर निगम स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और शहर में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा।

# डीयू ने 27 साल बाद जीती अखिल भारतीय रोहिंटन बारिया ट्रॉफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने २७ साल बाद अखिल भारतीय रोहिंटन बारिया ट्रॉफी जीती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्व. विद्यालय क्रिकेट (पुरुष) टूर्नामेंट २०२४ २०२५ के आयोजन सचिव एवं डीयू के खेल निदेशक डॉ. अनिल कुमार कलकल ने बताया कि डीयू के लिए यह एक दुर्लभ उपलब्धि है। इतने वर्षों के बाद ट्रॉफी आना वास्तव में टीम के लिए बहुत मायने रखता है।

डॉ कलकल ने बताया कि फाइनल मैच का आयोजन दो अप्रैल को देर साँय हुआ था। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने ५० ओवरों में ३८० रनों का विशाल स्कोर बनाया जिसमें अर्जुन राप्रिया ने शानदार शतक (१२५) बनाया, जसमीत ने ६० और विपुल ने ८१ रन बनाए। दिल्ली विश्वविद्यालय के गेंदबा. जों ने कोटा विश्वविद्यालय को १९७ रनों पर समेट दिया और १८३ रनों के साथ खिताब जीत लिया। डॉ कलकल ने



बताया कि ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच ३१ मार्च २०२५ को डीयू में ही खेले गए थे जिनमें पहला मैच कोटा विश्वविद्यालय बनाम एसआरएम विश्वविद्यालय और दूसरा मैच दिल्ली विश्वविद्यालय बनाम मद्रास विश्वविद्यालय हुआ था।

## महावीर जयंती पर विधानसभा में होगा भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा परिसर में "भगवान महावीर गाथा" नामक एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भगवान महावीर स्वामी के २५५०वें निर्वाण महोत्सव और २६२४वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस बात की जानकारी आज माननीय विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में तथा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जैन समाज के अनेक विशिष्टजन इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में भाग लेंगे।

## उड़ीसा से गांजा लाकर दिल्ली में सप्लाई, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उड़ीसा से ट्रेन के जरिये गांजा लाकर बाहरी दिल्ली और उसके आसपास के इलाके में सप्लाई करने वाले एक अंतर्राज्जीय ड्रग्स तस्कर उमेश साहनी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से साढ़े १२ लाख रुपये की २५.४२० किलोग्राम गांजा (मारिजुआना) और सप्लाई में इस्तेमाल वाहन जब्त किया है। पुलिस आरोपी से दिल्ली और उड़ीसा के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में निगरानी में इंस्पेक्टर पुखराज के नेतृत्व में पुलिस टीम को पता चला कि नशीले पदार्थ (गांजा) को ओडिशा से निजाम. द्दीन रेलवे स्टेशन तक ट्रेन द्वारा लाकर मंगोलपुरी, सुल्तान पुरी और बेगम पुर जैसे क्षेत्रों में सप्लाई किया जा रहा है। पुलिस टीम ने ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से आरोपी के बारे में पता चला। उमेश को प्रेमधर पंच कर्मा अस्पताल, दीप विहार, पंशाली, सेक्टर-२४, रोहिणी के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके ई रिक्शा की जांच करने पर ०३ बैग मिले, जिसमें कुल २५.४२० किलोग्राम गांजा रखा हुआ था। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसने उड़ीसा से प्रतिबंधित सामान खरीदा था। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में गांजा ले जाने और वितरित करने में उसे एक दूर के रिश्तेदार ने मदद की। उमेश ओडिशा के एक स्रोत से तस्करी का सामान इक;ा करता था और उसे ट्रेन से दिल्ली ले जाता था।

## शाजिया इल्मी मानहानि मामले में हाईकोर्ट ने विवादित वीडियो हटाने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता शाजिया इल्मी मानहानि मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित किया है। अदालत ने राजदीप सरदेसाई समेत मीडिया हाउस (इंडिया टुडे) को विवादित वीडियो सोशल मीडिया से हटाने के निर्देश दिए हैं। यह वीडियो शाजिया इल्मी के घर पर बिना उनकी सहमति के रिकॉर्ड किया गया था। यह फैसला न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने सुनाया।

अदालत ने मामले में पाया कि शाजिया इल्मी की गोपनीयता के अधिकारों का प्रथम दृष्ट्या उल्लंघन हुआ है। शाजिया इल्मी ने यह मुकदमा २६ जुलाई २०२४ को इंडिया टुडे पर प्रसारित एक लाइव डिबेट के बाद हुई घटना के आधार पर दायर किया था। यह डिबेट करगिल दिवस और अग्निवीर पर आधारित थी। डिबेट के दौरान राजदीप सरदेसाई के साथ मतभेद के बाद इल्मी ने बीच में ही डिबेट छोड़ दी थी। इसके बाद उनके घर पर मौजूद कैमरामैन (प्रतिवादी नंबर १२) ने उनकी सहमति के बिना ४० सेकंड का वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें वह माइक हटाते और असहज स्थिति में दिखाई दे रही थीं। २७ जुलाई २०२४ को राजदीप सरदेसाई ने अपने एक्स हैंडल पर इस वीडियो को एक ट्वीट के साथ पोस्ट किया, जिसमें इल्मी पर कैमरामैन के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया। इल्मी ने इसे मान हानिकारक और उनकी गोपनीयता का उल्लंघन बताते हुए कोर्ट का रुख किया था।

# कोटला मुबारकपुर में संचालित जुआ रैकेट का भंडाफोड़ ,12 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने कोटला मुबारकपुर में संचालित जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर १२ जुआरियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से १५,०४० रुपए और ताश के पत्तों के १७ पैकेट बरामद किए गए है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के कई सदस्यों को दक्षिण जिले के क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे जुआ रैकेट का पता लगाने के लिए स्रोत विकसित करने के लिए तैनात किया गया था।

इस बीच, स्पेशल स्टाफ में तैनात कांस्टेबल अशोक कुमार को के.एम. पुर के क्षेत्र में स्थित एक घर से जुआ रैकेट के आयोजन के बारे में एक विशिष्ट इनपुट मिला। इस सूचना के मिलते ही एसीपी ऑपरेशन अभिनेद्र जैन की देखरेख में इंस्पेक्टर गिरीश चंद् के नेतृत्व में टीम ने खुफिया जानकारी की विश्वसनीयता की पुष्टि करने के बाद कोटला मुबारकपुर के एक घर पर छापा मारकर जुआ खेलते पाए अंसार अली, आशिक तिग्गा, सचिन मालवीय नारायण मालवीय, रोहित वर्मा, जैनू उर्फ मोनू, मनोज गिरी, अशोक कुमार, विष्णु, विनोद, बसंत लाल, नीरज और भाने को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से १५,०४०/- और ताश के पत्तों के १७ पैकेट बरामद किए गए है।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी अंसार ने बताया कि वह अपने साथी आशिक के साथ मिलकर करीब एक सप्ताह से यह जुआ रैकेट चला रहा था।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसआरएम में यूएचवी स्वयंसेवकों के सम्मेलन का शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 3-5 अप्रैल 2025 के दौरान यूएचवी स्वयंसेवकों के सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विषय-विशेषज्ञों ने सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य उच्चतर मानवीय मूल्यों (UHV) और शिक्षा में उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके उपरांत अतिथियों का औपचारिक स्वागत शॉल एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया।

सम्मेलन के दौरान डॉ. रजनीश अरोड़ा (अध्यक्ष, NCCIP) ने 'नवीन संभावनाओं और दृष्टिकोण' पर सारगर्भित चर्चा की। एसआरएम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस के डीन, प्रो. आर. पी. महापात्रा ने संस्थान में हो रहे नवाचारों पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत, मुख्य अतिथि प्रो. टी. जी. सीताराम (अध्यक्ष, AICTE) ने मुख्य भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने शिक्षा में मानवीय मूल्यों के एकीकरण की आवश्यकता एवं प्रभाव पर विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन के प्रमुख आकर्षणों में नवीन UHV संसाधनों का अनावरण तथा UHV फाउंडेशन द्वारा संभावित नोडल केंद्रों - एस.आर.एम आई एस टी, अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद, एआईसीटीई नई दिल्ली, भूटान इंस्टीट्यूट ऑफ वेलबीग और राज्य आनंद संस्थान, मध्य प्रदेश का सम्मान शामिल रहा। एसआरएम आईएसटी का सम्मान पत्र एसआरएमआईएसटी के कुलपति की ओर से डॉ. संजय विश्वनाथन निदेशक, एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर गाजियाबाद द्वारा प्राप्त किया गयास

एसआरएमआईएसटी दिल्ली एनसीआर.निदेशक, डॉ. एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन एस.आर.एम.आई.एस.टी,डॉ. नवीन अहलावत, डीन विज्ञान एवं मानविकी, डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आई क्यू ए सी, डॉ. गीता भवानी, डीन रिसर्च के मार्गदर्शन से स्थानीय समन्वयक डॉ पल्लवी जैन, डॉ महेश गुप्ता, दधीश, मुदित, संजीव, ज्ञानेन्द्र, अंकित एवं सभी यूएचवी सेल सदस्यों और इवेंट मैनेजमेंट सदस्यों ने इस उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया।

## संवेदनशील इलाकों में जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा

**एसीपी कोतवाली ने किया पैदल मार्च**

**गाजियाबाद।** जुम्मे की नमाज और वक्फ बोर्ड बिल को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े उपाय किए हैं। विशेष रूप से मिश्रित आबादी और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारी पैदल मार्च कर रहे हैं और ड्रोन कैमरों से भी इलाके की निगरानी की जा रही है। एसीपी कोतवाली, रितेश त्रिपाठी के अनुसार, जुम्मे की नमाज के दौरान बड़ी संख्या में नमाजियों के एकत्र होने की संभावना को देखते हुए मस्जिदों पर विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस लगातार संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में गश्त कर रही है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। सुरक्षा के अतिरिक्त उपायों के तहत रिजर्व फोर्स को भी तैयार रखा गया है और सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, पुलिस ने सभी धर्म गुरुओं से संपर्क कर उनसे शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लोगों में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए यह कदम उठाए गए हैं, और नमाज के संपन्न होने तक सुरक्षा इंतजाम जारी रहेंगे।

**महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ समारोह आज**

# मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री करेंगे कार्यक्रम में शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** घंटाघर रामलीला स्थित विशाल मैदान में कश्यप निषाद संगठन द्वारा महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकुंभ का आयोजन हर साल की भांति इस बार भी उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप की ओर से किया जा रहा है।

नरेंद्र कश्यप के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सात राज्यों के साथ ही उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों से कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारी और संगठन के लोग शामिल होंगे। घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह के लिए तैयारी शुरू कर दी गई हैं।

बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग और पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही इसमें कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के अलावा भी कई विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे। हजारों लोगों के लिए सज रहा है पंडाल, रहेगी कई व्यवस्था

महर्षि कश्यप जयंती पर महाकुंभ समारोह को बेहद भव्य और विशाल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभाल रहे सौरभ जायसवाल ने जानकारी दी है कि इस कार्यक्रम के लिए बड़ा पंडाल लगाया जा रहा है। जिसमें हजारों लोगों के बैठने और उपस्थित रहने की व्यवस्था की जा रही है।

गर्मी को ध्यान में रखते हुए अन्य व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही आने वाले लोगों के लिए जलपान का भी प्रबंध कश्यप जयंती के अवसर पर नरेंद्र कश्यप द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान ,छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। आने वाले प्रत्येक पदाधिकारी का होगा स्वागत और सम्मान : नरेंद्र कश्यप कार्यक्रम के आयोजक नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता का कार्यक्रम स्तर पर स्वागत होगा। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप जयंती पर यह कार्यक्रम वह बीते कई दशक से कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का मकसद न सिर्फ महर्षि कश्यप को याद करना बल्कि उनके बताए गए मार्ग और सिद्धांतों को जीवन में अपनाना भी है। कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा और शाम तक चलेगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अलावा कई गणमान्य अतिथि और गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि भी आमंत्रित किए गए हैं।

## प्रसिद्ध व पौराणिक सीकरी महामाया देवी मेले में बढ़ने लगी भीड़

- **महिलाएं भक्ति गीतों पर नाचते गाते मेले में पहुंची**
- **प्रशासन ने मेला शुरू होने से पहले झूले लगाने से मनाही की बात कही थी**

**मोदीनगर।** नगर के सीकरी खुर्द स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक महामाया देवी चैत्र नवरात्र मेले में भीड़ बढ़ने लगी है। बृहस्पतिवार को षष्ठी तिथि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालू मेले में पहुंचे और महामाया देवी मंदिर में पुष्प, नवैद्य,नारियल,चुनरी आदि चढ़ाकर मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्र में लगने वाले ऐतिहासिक मेले में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाण, राजस्थान और उत्तराखंड से पूजा आराधना करने पहुंचते हैं। बृहस्पतिवार को भी मेले में श्रद्धालुओं को रेला उमड़ा। महिलाएं भक्ति गीतों पर नाचते गाते मेले में पहुंची। उत्तराखंड के चमौली से सीकरी महामाया देवी मेले में पहुंचे सोहन प्रजापति ने बताया कि उनकी मां किशनदेवी ने पौत्र प्राप्ति के लिए धागा बांधा था। पांच साल पूर्व मां किशनदेवी की मन्नत पूरी हो गई। पौत्र की प्राप्ति के बाद किशनदेवी का देहांत हो गया। किशनदेवी के देहांत के बाद सोहन मां की मन्नत का धागा खोलने सीकरी पहुंचा। सोहन प्रजापति ने बताया कि सीकरी महामाया देवी में उनकी गहरी आस्था है।

नगर पालिका परिषद और तहसील प्रशासन ने सीकरी महामाया मेले में इस बार कई बदलाव किए है। प्रशासन ने मेला शुरू होने से पहले झूले लगाने से मनाही की बात कही थी, मगर बाद में झूलों का ठेका छोड़ दिया गया। लेकिन ठेकेदारों को स्थान नहीं मिलने के कारण झूले नहीं लग पाए। मेले में लगने वाले बडे-बड़े झूले एक तरफ जहां लोगों के आकर्षण का केंद्र होते थे तो वहीं दूसरी तरफ मेले की रौनक और बढ़ जाती थी। मगर इस बार झूले नहीं लगने से मेले की रौनक फीकी नजर आ रही है।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के द्वारा की गई। इस अवसर पर संगठन में कई नए व्यापारियों को जोड़ा गया एवं सभी सदस्यों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मिठाई वितरण किया गया।

बैठक में व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से विभिन्न विभागों द्वारा आ रही कठिनाइयों के समाधान पर विचार-विमर्श हुआ। सभी व्यापारियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनमें व्यापारिक हितों को सुरक्षित रखने एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के विषयों पर विशेष बल दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से दीपक गर्ग, मूलचंद गर्ग, मुकेश कुमार प्रजापति, दीपक अग्रवाल, विनोद कुमार, सुंदरलाल, सोनू सैनी , चांद कुरैशी , जगमोहन, प्रेम प्रकाश चिन्नी, अनिल कुमार, नरेंद्र कुमार बिल्लू, अरुण कुमार, संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, अमन कुमार, राजू कुमार, राजेंद्र कुमार राजू, आशीष कुमार, अमन सिसोदिया, चेतन शर्मा सहित कई वरिष्ठ व्यापारीगण उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूती देने के लिए अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। बैठक का समापन संगठन की एकता एवं व्यापारियों के उत्थान के संकल्प के साथ किया गया।

## चार दिन से गायब युवक का शव घर के सामने पानी की टंकी में मिला, जांच में जुटी पुलिस

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां उत्तरांचल विहार सोसायटी कॉलोनी में रहने वाला सत्यम उर्फ पिंटू का शव घर से कुछ दूरी पर पानी के प्लांट की टंकी के अंदर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। सत्यम उर्फ पिंटू 31 तारीख की रात से लापता था। शव मिलने की सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने पानी की टंकी तोड़कर शव को बाहर निकाल। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सत्यम उर्फ पिंटू पुत्र ओमवीर सिंह निवासी सी 165 उत्तरांचल विहार सोसायटी बेहटा हाजीपुर में रहता था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सत्यम 31 मार्च रात करीब 10 बजे घर से लापता हुआ था। लेकिन आज शुक्रवार सुबह सत्यम का शव घर से कुछ दूरी पर पानी के प्लाट की पानी की टंकी के अंदर मिला। फिलहाल, परिजनों ने हत्या कर शव पानी की टंकी के अंदर छुपाने की बात कही है। उधर, परिजनों का कहना है कि घटना वाले दिन वह अपने एक दोस्त के साथ घर से गया था। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा। जो भी आरोपी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मामले में जानकारी देते हुए एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि युवक की गुमशुदगी की शिकायत लोनी बॉर्डर थाने में दर्ज कराई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।



## एनडीआरएफ गाजियाबाद ने आपरेशन ब्रह्मा के तहत म्यांमार में खोजे 50 शव, बचाव अभियान जारी




**गाजियाबाद।** म्यांमार में हाल ही में हुए भूकंप के बाद, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल गाजियाबाद की टीम द्वारा चलाया जा रहा "आपरेशन ब्रह्मा" अत्यधिक प्रभावी ढंग से जारी है। इस ऑपरेशन के तहत, एनडीआरएफ की 8वीं वाहिनी गाजियाबाद से एक विशेष रेस्क्यू टीम म्यांमार भेजी गई है, जिसका नेतृत्व गाजियाबाद वाहिनी के कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी कर रहे हैं। कमांडेंट प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम ने अब तक मलबे से लगभग 50 शवों को निकाला और उन्हें सम्मानपूर्वक उनके परिवारों को सौंपा है। इस कठिन समय में, एनडीआरएफ की टीम पूरी तत्परता से पीड़ितों की मदद के लिए जुटी हुई है और निरंतर बचाव कार्य जारी है।

एनडीआरएफ की यह विशेष टीम, जो इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स के अनुरूप सीएसएसआर बिल्डिंग कोलैप्स बचाव कार्यों में प्रशिक्षित है, में महिला रेस्क्यूर्स, के9 डॉग्स और अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। यह टीम मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

एनडीआरएफ की गाजियाबाद स्थित 8वीं वाहिनी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया रिजर्व का भंडार भी स्थापित है। वर्ष 2024-25 में लगभग 280 टन आपदा राहत सामग्री 12 देशों में भेजी गई है। म्यांमार में चल रहे "आपरेशन ब्रह्मा" के तहत, भारत सरकार और विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ितों को तत्काल राहत सामग्री भेजी गई है, जिसमें दैनिक आवश्यकताएँ शामिल हैं।

आपको बता दे कि एनडीआरएफ का यह अद्वितीय प्रयास देश और विदेश की विभिन्न संस्थाओं द्वारा सराहा जा रहा है। यह अभियान म्यांमार के प्रभावित क्षेत्रों में एक आशा की किरण बनकर उभरा है, और एनडीआरएफ पूरी तन्मयता से हर संभव मदद प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

## योगी सरकार के इस फैसले के बाद गाजियाबाद में बंद होंगी ई-रिक्शा!




**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा, और इसके तहत राज्यभर में अवैध ई-रिक्शा पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

गाजियाबाद के आरटीओ केडी सिंह गौर के अनुसार, इस अभियान के पहले दो दिनों में ही 146 अवैध ई-रिक्शा जब्त किए गए हैं। इसके अलावा, 38 ई-रिक्शा चालकों का चालान भी काटा गया है। परिवहन विभाग बिना रजिस्ट्रेशन, फिटनेस सर्टिफिकेट और लाइसेंस वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई कर रहा है। इसके साथ ही, नाबालिग चालकों द्वारा चलाए जा रहे ई-रिक्शा भी जब्त किए जा रहे हैं। प्रशासन ने अवैध ई-रिक्शा के निर्माण और असेंबलिंग यूनिट्स पर भी शिकंजा कसने का निर्णय लिया है। जिला प्रशासन की विशेष टीम ऐसी फैक्ट्रियों पर छापेमारी करेगी, जिनसे अवैध ई-रिक्शा का निर्माण हो रहा है। इन फैक्ट्रियों को बंद करने का मुख्य उद्देश्य अवैध ई-रिक्शा की संख्या को नियंत्रित करना है और शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

### अदालती सूचना

**सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब**
**न्यायालय श्रीमान खफीफा जज, गाजियाबाद**
**मूलवाद संख्या 283/2019**
**भोलादास बनाम मुकुल कुमार आदि**
**भोलादास पुत्र स्व0 श्री बलवीर सिंह निवासी ग्राम बौन्झा पटेल मार्ग, गाजियाबाद।**
**बनाम**

1. मुकुल कुमार गुप्ता पुत्र श्री सतीश चन्द गुप्ता निवासी 117ए, मालीवाडा, थाना सिहानीगेट, जिला गाजियाबाद। 2. श्रीमती ममता पत्नी श्री नवल किशोर (प्रोपर्टी डिलर) निवासी 438 गौतम नगर बौन्झा, गाजियाबाद। 3. बैंक आफ इण्डिया घण्टाघर, गाजियाबाद जनपद गाजियाबाद।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत एक मूलवाद दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15 माह 05 सन 2025 बरवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 04 माह 04 सन 2025 ई० जारी किया गया।

**मुंसरिम/रीडर**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश, गाजियाबाद।**

### एक नजर

**भारतीय सेना के जवान ने**

## आस्ट्रेलियाई रोइंग चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन, जीते दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल

**गाजियाबाद।** तसमानिया में आयोजित आस्ट्रेलियन रोइंग चैंपियनशिप में भारतीय सेना के जवान अजय त्यागी ने अपनी शानदार क्षमता का प्रदर्शन किया और तीन पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। अजय ने लाइटवेट पुरुष डबल और एटसिटर श्रेणी में स्वर्ण पदक जीते, जबकि क्वाड्रूपुल श्रेणी में रजत पदक भी हासिल किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनियाभर के 162 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अजय त्यागी, जो मोदीनगर के गांव सारा के निवासी हैं, वर्तमान में महाराष्ट्र के पुणे में भारतीय सेना में तैनात हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता राकेश त्यागी और भाई अवनीश त्यागी को दिया, जिनका समर्थन हमेशा उनके साथ रहा। अजय का खेल में एक शानदार करियर रहा है। वह अब तक पांच बार विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और साल 2022 में थाईलैंड में आयोजित एशियाई चौंपियनशिप में रजत पदक भी जीत चुके हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर अजय के नाम दस स्वर्ण पदक भी हैं। आस्ट्रेलिया से भारत लौटने पर गुरुवार को उनके गांव सारा में उनके स्वागत की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। स्थानीय लोग उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार को बधाई दे रहे हैं और इस सम्मानजनक पल को साझा करने के लिए उत्साहित हैं।

**परिवहन मंत्री से मिले विभु बंसल**

## पिलखुवा के लिए इलेक्ट्रॉनिक बसें चलाने को लेकर दिया पत्र

**गाजियाबाद।** नगर पालिका पिलखुवा के चेयरमैन विभु बंसल क्षेत्र में जहां विकास के लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं वहीं क्षेत्र की कई और समस्याओं को लेकर समय-समय पर राज्य सरकार से सम्पर्क करते रहते हैं। विभु बंसल ने पिलखुवा नगर से इलेक्ट्रोनिक बसें चलाने जाने को लेकर प्रदेश के परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह से लखनऊ में उनके निवास पर भेंट की और पिलखुवा नगर के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साहिबाबाद, कौशांबी डिपो की गाजियाबाद से पिलखुवा नगर में होते हुए हापुड़ तक इलेक्ट्रिक बसों को चलवाने एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कौशांबी, साहिबाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली डिपो की बसों को पिलखुवा नगर पालिका के बस स्टैंड से संचालित होने के लिए मांग-पत्र सौंपा। विभु बंसल ने बताया कि परिहन मंत्री ने इस संबंध में उन्हें आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द इस पर विचार कर इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा।



# आईटीएस में यंग टैलेंट हंट का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर में अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी 'यंग टैलेंट हंट -2025' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारम्भ संस्थान स्थित द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार सिंह, (सेवा निवृत आई ए एस), निदेशक जी डी एल एम लि, ग्रेटर नोएडा, आई टी एस गाजियाबाद के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई, आई टी एस स्कूल आफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार,कोर्डिनेटर डॉ पुनीत कुमार एवं प्रो पारुल गुप्ता द्वारा परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न किया गया।

ग्रैंड फिनाले यंग टैलेंट हंट के उद्घाटन अवसर पर डॉ वी एन बाजपेई ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में इस कार्य क्रम के महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला, सभी प्रतिभागियों, उनके अविभावको, शिक्षको एवं छात्रों का स्वागत किया तथा अपनी शुभकामनाएं दी। डॉ पुनीत कुमार ने कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य एवं रूप रेखा पर प्रकाश डाला। इस फिनाले की शुरुआत सन 2013 से की गयी तथा हरेक साल अनवरत रूप से आई टी इस मोहन नगर द्वारा इसका आयोजन किया जाता तथा है।

इस प्रतियोगिता में दिल्ली एन सी आर एवं उत्तर प्रदेश के पचपन शिक्षण संस्थानों से 175 (एक सौ पचहत्तर) प्रतिभागियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि ये सारे छात्र प्रारंभिक चयन प्रक्रिया के बाद ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित किये गए थे जिसमे कुल प्रतिभागियों की संख्या 3200(बत्तीस सौ) थी। इस अवसर पर आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चौयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की एवं आयोजको को इसकी सफलता पर बधाई दी।

आई टी एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

डॉ. वी एन बाजपेई ने संस्थान के गौरवमय तीस साल पुरे होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और इस अवधि में संस्थान द्वारा प्राप्त महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि आईटीइस मोहन नगर नियमित रूप से इस तरह के शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक कार्यक्रमों को आयोजित करता है एवं एन सी आर दिल्ली और समस्त उत्तर प्रदेश के युवा प्रतिस्पर्धियों को एक इनोवेटिव एंड कॉम्पिटिटिव प्लेटफार्म प्रदान करता है जहाँ ये छात्र अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सके एवं अपना विकास कर सके। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सभी उपस्थित ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित छात्रों को स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया तथा इस से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी और उनका मार्ग दर्शन किया।

# मोहब्बत पर भरोसा दिलाने को सिर तक मुंडवाया, धोखा खाने पर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक खौफनाक मामला सामने आया है, जिसके बारे में जानकर हर किसी का दिल दहला उठा है। दरअसल, प्रीति कुशवाह नाम की युवती को दो साल पहले अपने चचेरे भाई रिंकू (बदला हुआ नाम) से प्यार हो गया था। इसके बाद प्यार परवान चढ़ा तो दोनों ने चोरी-छिपे से शादी रचा ली।

शादी के बाद दोनों करीब दो साल तक एक साथ रहे, लेकिन अपनी प्रेमिका की खूबसूरती को लेकर प्रेमी को हमेशा डर लगा रहता है। प्रीति का प्रेमी उसकी खूबसूरती से इतना डरता था कि वह अक्सर कहता था कि अगर कोई और तुम्हें पसंद कर लेगा तो मैं क्या करूंगा? इसके बाद अपने प्यार को भरोसा दिलाने के लिए प्रीति ने अपने लंबे, खूबसूरत बाल कटवा दिए। उसने घरवालों से बहाना बनाया कि बाल रुखे और झड़ रहे हैं। परिवार ने विरोध किया, लेकिन प्रीति जिद पर अड़ी रही। उसने धमकी दी कि वह अकेले पॉर्लर चली जाएगी। शर्मिंदगी के डर से भाई को मजबूरन उसका सिर मुंडवाना पड़ा।

इस फैसले ने घर में तूफान ला दिया, लेकिन प्रीति अपने प्यार के लिए सब कुछ झेल गई। बताया गया कि पिछले कुछ महीनों में रिंकू ने प्रीति से दूरी बना ली। उसने बात करना बंद कर दिया और उसका नंबर ब्लाक कर दिया। प्रीति डिप्रेशन में चली गई। उसकी इंस्टाग्राम पोस्ट्स उसके दर्द को बयां करती हैं।

वहीं, १३ मार्च को उसने लिखा कि क्या हुआ अगर वह मुझे मैसेज नहीं करता? उसे मुझे याद रखना चाहिए। फिर १९ मार्च को, लिखा कि फर्क तो पहले पड़ता था, अब तो हम उन्हें देखते तक नहीं हैं। ये शब्द बताते हैं कि वह अंदर से टूट चुकी थी। प्रीति ने सुसाइड करने से पहले पिज्जा और कोल्ड ड्रिंक ऑर्डर किया। इतना ही नहीं मां को फोन कर कहा कि खाना तैयार है, आप चिंता मत करना। जब मां घर लौटीं, तो प्रीति पंखे से लटकी मिली। उस समय घर पर कोई नहीं था। माता-पिता और भाई-बहन बाहर गए थे। प्रीति का ये शांत व्यवहार अब सबके लिए सवाल बन गया है। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने रिंकू के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। मां अनीता कुशवाह रोते हुए कहती हैं, श्मेरी बेटी को इंसाफ कब मिलेगा? चौट्स और फोटोज सबूत हैं, फिर भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।श परिवार उसे प्रीति की मौत का जिम्मेदार मानता है। वहीं, इस मामले में डाबरी थाना पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। प्रीति के फोन और चौट्स की फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## महिला सप्लायर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के विजय विहार थाने की टीम ने महिला सप्लायर/बूटलेगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से ९४९ क्वार्टर अवैध शराब बरामद की है। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि ०२.अप्रैल को सुबह लगभग ०६:४५ बजे, सड़क पर होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए, विजय विहार थाना क्षेत्र के अंधेरे हॉटस्पॉट और सुनसान जगहों पर गश्त बढ़ा दी गई थी।

गश्त के दौरान एसीपी रोहिणी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ विजय विहार अजय कुमार यादव के नेतृत्व में एएसआई कैलाश और हेड कांस्टेबल जसवंत की टीम ने एक सुनसान इलाके में सड़क किनारे अवैध शराब का एक संदिग्ध भंडार देखा। जाँच करने पर उसमें ९४९ क्वार्टर अवैध शराब बरामद हुई। एक रणनीतिक जाल बिछाया गया, जिसके बाद एक आरोपी को पकड़ लिया जिसकी पहचान नीतू (३०) (बदला हुआ नाम) के रूप में हुई। इसके बाद विजय विहार थाने में दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# स्कूलों में साहिबजादों की शहादत के मंचन पर लगी रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को स्कूलों के मंच पर दिखाने पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी से लेकर निजी स्कूल प्रमुखों को पत्र लिखा है।

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों पर आधारित नाटक मंचन को लेकर मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। दरअसल, निदेशालय को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग से पत्र प्राप्त हुआ है। इसके बाद निदेशालय ने स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के पत्र के अनुसार कोई भी व्यक्ति या संगठन साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के ऐतिहासिक व्यक्तित्व को नाटकों, ड्रामा या प्रदर्शनों में गलत तरीके से प्रस्तुत न करे। पत्र के अनुसार सिख गुरुओं एवं उनके परिवार के सदस्यों की भूमिका निभाना प्रतिबंधित है। इसे अपमानजनक माना जाता है। कोई भी व्यक्ति स्वयं को किसी भी सिख गुरु या उनके परिवार के सदस्य के रूप में अभिनय व प्रदर्शन नहीं कर सकता है। साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों को किसी भी मंचीय नाटक या ड्रामा में व्यक्तियों द्वारा चित्रित नहीं किया जाना चाहिए। बच्चों को साहिबजादों की तरह कपड़े पहनने या उनकी नकल करने की अनुमति नहीं है। यह सिख सिद्धांतों और प्रथाओं के खिलाफ है।

सिख गुरुओं और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति श्रद्धा केवल लिखित या मौखिक रूप में ही बताई जा सकती है। सिख गुरुओं और उनके परिवार के सदस्यों का इतिहास एनिमेशन के माध्यम से दिखाया जा सकता है। ऐतिहासिक शख्सियत खासकर गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का चित्रण बहुत ही सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का मुद्दा है।

# सोनिया विहार पुस्ता पर बनेगा छह किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोडः प्रवेश साहिब सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और यातायात की सुगमता के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज ५०० करोड़ रुपए की लागत से सोनिया विहार पुस्ता पर ६ किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड के निर्माण की घोषणा की। यह एलिवेटेड रोड नानकसर गुरुद्वारा टी-पॉइंट से दिल्ली-यूपी बॉर्डर (ट्रोनिका सिटी) तक बनाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा लंबे समय से सोनिया विहार क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे थे। इस क्षेत्र में यातायात की गंभीर समस्या को देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने फ्लाईओवर निर्माण का निर्णय लिया है, जिससे स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि सोनिया विहार के लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यह प्रोजेक्ट बहुत जरूरी था। हालांकि, क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ होने के कारण हमने अब एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया है।

कल हमने इस विषय पर मुख्यमंत्री से भी चर्चा की थी, और उन्होंने इस प्रोजेक्ट को स्वीकृति दे दी है। इस फ्लाईओवर से दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिलेगी, यातायात की समस्या कम होगी और क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। हमारा संकल्प दिल्ली के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।"इस एलिवेटेड रोड के निर्माण से दिल्ली और यूपी के ट्रॉनिका सिटी के बीच यातायात सुगम होगा, जाम की समस्या दूर होगी और स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी।"इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी कर रहा है।पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने आज विश्वास नगर विधानसभा के कड़कड़ी मोड़ और बाल्को सोसाइटी का दौरा किया।विधायक ओ. पी. शर्मा जी की मांग पर सड़क के दोनों ओर पड़े मलबे को हटाने और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। साइट विजिट के दौरान अतिक्रमण की समस्या भी देखी गई, जिसके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाएं।



पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह 500 करोड़ रुपये की लागत से सोनिया विहार पुस्ता पर 6 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड के निर्माण की घोषणा करते हुए।

# अब स्कूलों में साहिबजादों की शहादत के मंचन पर लगी रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियार दिखाकर इलाके में दहशत और वर्चस्व कायम करने की कोशिश करने वाले दो बदमाशों राजू उर्फ मोहित और राजकुमार को आउटर नॉर्थ जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल और दो कारतूस बरामद किये हैं। आरोपी हथियार कहां से कब और किससे लाए थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करके उनको भी पकड़ने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वीरवार शाम पांच बजे पुलिस को इंस्टाग्राम पर अपलोड एक वीडियो के बारे में जानकारी मिली थी,जिसमें दो युवक हथियार दिखा रहे थे। एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रमोद तोमर के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। वीडियो में दिखाई देने वाले दोनों युवकों की पहचान के लिये ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली गई।

दोनों आरोपियों को गांव बादली के प्राथमिक विद्यालय के पास से हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। उनको अवैध हथियार रखने में अच्छा लगता था।

# अमेरिकी सामान भारत छोड़ो अभियान चलाने का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत सहित कई देशों पर भारी टैरिफ के एलान से दिल्ली के व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ संगठनों ने अमेरिकी सामान भारत छोड़ो अभियान चलाने का फैसला किया है।

कारोबारियों में डर है कि कहीं व्यापार अस्त-व्यस्त न हो जाए। उनको अंदेशा है कि इससे निर्यात पर असर पड़ेगा। इसमें जिस माल को पुराने रेट में भेजा गया है, वह अभी रास्ते में है, उसकी कीमत पर बढ़ा टैरिफ घाटे का सौदा साबित होगा। वहीं, प्री-ऑर्डर को लेकर भी अनिश्चितता है। इन सबके बीच चौंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) व्यापारी संगठनों से चर्चा कर अमेरिकी सामान के खिलाफ कैंपेन शुरू करेगा। उधर, कुछ संगठनों का मानना है कि दुनिया के लिए एक खिड़की खुलेगी। डायरेक्ट टैरिफ से नुकसान नहीं होने की उम्मीद है। जहां तक महंगाई की बात है, इसका असर दूसरे देशों पर होगा। इससे दुनिया के दूसरे देशों से भारत का आयात व निर्यात बढ़ सकता है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि भारत के सामान पर अमेरिकी टैरिफ की नई दरें लागू होने से भारत को हर साल सात अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। सीटीआई ने भारत पर लगाए गए टैरिफ को वापस लेने की मांग की है। ऐसा न होने की सूरत में संगठन ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी सामान भारत छोड़ो अभियान चलाया जाएगा। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि निर्यात होने वाले सामान के व्यापार का नुकसान होगा। दिल्ली से भी काफी माल अमेरिका में जाता है।

अमेरिका और भारत के व्यापारी-निर्माताओं की मुश्किलें बढ़ेंगी। काफी माल पुराने रेट में डिलिवरी किया गया है, जो रास्ते में है। प्री-ऑर्डर को लेकर भी ट्रेडर्स दुविधा में हैं। व्यापार में अनिश्चितता का माहौल है। सीटीआई व्यापारी संगठनों से चर्चा करके अमेरिकी सामान के खिलाफ कैंपेन शुरू करेगा। वहीं, कारोबारियों का कहना है कि अमेरिका से बड़ी मात्रा में पेय पदार्थ, वेफर्स, फूड चेन समेत कई तरह की सर्विस भारत में उपभोग की जाती है।

# दिल्ली पुलिस ने नष्ट की 1,643.074 करोड़ की ड्रग्स

- **दिल्ली पुलिस ने नष्ट की 2622 दिल्ली में कुल 1,789 मामले दर्ज किए गए थे, 2290 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना की देखरेख में २,६२२ करोड़ रुपये की कुल १,६४३.०७४ किलोग्राम ड्रग्स नष्ट की। एलजी ने राजधानी में मादक पदार्थों के खिलाफ अपने अथक अभियान के लिए दिल्ली पुलिस की सराहना की। उन्होंने सभी हितधारकों से २०२७ तक दिल्ली को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया।

मेगा ड्रग्स डिस्ट्रक्शन ईवेंट ने शहर में नशीले पदार्थों के प्रसार और दुरुपयोग के खिलाफ एक शक्तिशाली बयान के रूप में काम किया है। जब्त की गई ड्रग्स का सुरक्षित तरीके से निपटान करके दिल्ली पुलिस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और अवैध पदार्थों के प्रति शून्य सहिष्णुता का स्पष्ट संदेश देना है। ड्रग्स को नष्ट करने के लिए जहांगीरपुर मेट्रो स्टेशन के पास मेगा ड्रग डिस्ट्रक्शन ईवेंट बृहस्पतिवार को आयोजित किया गया। दिल्ली पुलिस अभी तक कुल ५,९९७.७५ करोड़ रुपये की ड्रग्स नष्ट कर चुकी है।

दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (अपराध डिवीजन) देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि २०२४ में दिल्ली में कुल १,७८९ मामले दर्ज किए गए थे। २,२९० ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वित्तीय जांच के परिणामस्वरूप ४ करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है, साथ ही वित्तीय जांच के अंतिम चरण में ५ करोड़ की अतिरिक्त संपत्ति जब्त की जा रही है।

# जामिया के छात्र नेताओं ने बिल का किया विरोध, हाईअलर्ट पर आरपीएफ व पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संसद में वक्फ संशोधन बिल पास किये जाने के विरोध में दिल्ली में शुक्रवार को कई जगह प्रदर्शन हुए। पुलिस ने भी इसको लेकर पहले से ही तैयारी कर रखी थी। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विवि परिसर से लेकर जामा मस्जिद के बाहर तक पुलिस का सख्त पहरा रहा। जामिया मिल्लिया में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के छात्र नेताओं ने श्हम वक्फ संशोधन विधेयक को अस्वीकार करते हैंश लिखी तख्तियां लेकर बिल का विरोध किया।

जामा मस्जिद के बाहर मौजूद लोगों ने बिल के विरोध में कहा कि यह सरकार एक धर्म के खिलाफ काम कर रही है। अल्पसंख्यकों और दलितों पर आज अत्याचार हो रहा है। इनकी जमीन छीनी जा रही है। अगला नंबर दूसरे धर्मो के लोगों का है। यह जमीनें जो छीनी जाएंगी वह उद्योगपतियों को सौंपी जाएगी। वक्फ संशोधन विधेयक- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट एम्पावरमेंट एफिशिएंसी एंड डवलपमेंट (उम्मीद) पर १३ घंटे की लंबी चर्चा के बाद बृहस्पतिवार देर रात २:३० के बाद राज्यसभा ने भी अपनी मुहर लगा दी। लोकसभा की तरह उच्च सदन ने भी विपक्ष के सभी संशोधन प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज कर दिए। हालांकि, द्रमुक के तिरुचि शिवा का संशोधन ९२ के मुकाबले १२५ मतों से खारिज हो गया। इससे पहले, लोकसभा ने बुधवार रात करीब १.५६ बजे वक्फ संशोधन विधेयक बहुमत से पारित कर दिया।

विधेयक के पक्ष में २८८, जबकि विरोध में २३२ मत पड़े। विधेयक पर लोकसभा में १२ घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। विधेयक अब हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा और सरकार की ओर से अधिसूचित होते ही कानून का रूप ले लेगा।




डीयू के अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मगो दौलत राम कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. सविता रॉय सम्मानित करते हुए।

# मुझे लीडर बनाने वाला दौलत राम कॉलेजः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का कोई भी काम हो, वो दिल्ली सरकार की वजह से नहीं रुकेगा। रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय में उनके अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मुझे लीडर बनाने वाला डीयू का दौलत राम कॉलेज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीयू स्टूडेंट होने के नाते जो फर्ज मेरा है उसे पूरी जिम्मेवारी से निभाऊँगी।

डीयू का कोई भी काम हो वो दिल्ली सरकार की वजह से रुकने वाला नहीं है। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में पर्यटन स्थलों के साथ ही एजुकेशनल ट्यूरिजम भी बढ़े, इस पर काम होगा। मुख्यमंत्री ने डीयू की गलियों से जुड़ी यादों को ताजा करते हुए दौलत राम कॉलेज के सामने वाली दीवार, भेलपूरी और लैमन सोडे को भी याद किया। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का अभिनंदन करते हुए कहा कि अपने बच्चों की तरक्की से जैसे अभिभावक और शिक्षक खुश होते हैं वैसे ही यूनिवर्सिटी और कॉलेज भी खुश होते हैं। डीयू की विद्यार्थी रेखा गुप्ता का दिल्ली की मुख्यमंत्री बनना हम सबके लिए गर्व और सम्मान की बात है। कुलपति ने कहा कि जितनी भी छात्राएँ यहाँ पर बैठी हैं, आप उनकी रोल मॉडल और प्रेरणा स्रोत होंगी।

कार्यक्रम के आरंभ में एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मगो ने मुख्यातिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। दौलत राम कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. सविता रॉय ने अपने कॉलेज की ओर से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। समारोह के समापन पर डीयू प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डीयू दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह और डीन स्टूडेंट वेलफैर प्रो. रंजन त्रिपाठी सहित अनेकों डीन, विभागाध्यक्ष, प्रिंसिपल, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सैंकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# टिल्लू गैंग का बदमाश राजस्थान से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर में गैंगवार में ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर करण थापा की हत्या की गई थी। पुलिस ने वारदात में शामिल टिल्लू गैंग के बदमाश हिमांशु को राजस्थान से गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर वारदात में शामिल अन्य बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि २८ मार्च को बाइक सवार बदमाशों ने अलीपुर के रहने वाले करण थापा पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। वारदात के समय करण थापा अपने घर के पास घूम रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से भाग गए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच में पता चला कि करण गोगी गैंग का बदमाश था और उस पर दो आपराधिक मामले दर्ज थे। हालांकि परिवार वालों ने कुछ लोगों पर आपसी रंजिश में होली के बाद उसकी हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत NRW-KKDE पर स्टेशन यार्ड में संवेदनशील स्थान पर 20 किमी की सीमा/संरचनां दीवार का निर्माण। 2. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत कमजोर स्थानों पर, JP सेक्शन के तहत स्टेशनों के प्रवेश मार्गों पर अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए आरसीसी प्री-कास्ट बाउंड्री वॉल का निर्माण। 3. SSE/W/PNP के सेक्शन में DUK पर कमजोर स्थानों पर स्टेशनों के दृष्टिकोणों पर तिरछा प्रवेश रोकने के लिए RCC प्रीकास्ट बाउंड्री दीवार का निर्माण। |
| अनुमानित लागत | 1. Rs . 225470858.67/- 2. Rs . 60668507.18/- 3. Rs. 65353328.30/- |
| धरोहर राशि | 1. Rs. 1277400/- 2. Rs. 453400/- 3. Rs. 476800/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gateway के रूप में होना चाहिए। नोटः- एफ. डी. आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई. एम. डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई- 1 /सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई. आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 1. 12 महीने 2&3 06 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 29.04.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 29.04.2025 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| समान प्रकार के कार्य | 1-3 पूर्वनिर्मित आरसीसी/पीएससी कार्य। |

**नोट**- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **संख्याः 128- डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू-I (NIT-01,02,03) दिनांकः 03.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1021/25

# टोल वृद्धि के फैसले को बताया अव्यवहारिक, वापसी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में बढ़ोत्तरी के निर्णय की ट्रांसपोर्टरों ने आलोचना की है तथा इसे वापस लेने तथा पूर्व टोल में भी ६० प्रतिशत तक की कटौती की मांग की है। एनएचएआई ने टोल टैक्स में औसतन चार से पांच प्रतिशत की ही वृद्धि की है, लेकिन इसे लेकर लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिल रहा है। खासकर ट्रांसपोर्टर इसे देश की जनता तथा खुद के अंतहीन आर्थिक बोझ बता रहे हैं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की अधिकतर टोल पहले से ही अधिक वसूली कर चुकी हैं। उनके अनुसार, तय नियम के अनुसार तो टोल टैक्स में ६० प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए थी, जिसमें बढ़ोत्तरी की जा रही है। उनके अनुसार, अधिकतर सड़कें १० वर्ष की अवधि पार कर चुकी है। जबकि निर्माण, रखरखाव व हस्तांतरण बिल्ट आपरेट ट्रांसफर (बीओटी) आधार पर तय अधिकतम वसूली लक्ष्य को आठ वर्ष में ही पूरी कर चुकी है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से ये अभी भी पूरा टोल टैक्स वसूल रही है। नियमानुसार, इन्हें अब केवल ४० प्रतिशत ही सड़कों के रखरखाव के लिए टोल टैक्स लेना चाहिए था। सभरवाल ने बताया कि इससे संबंधित उनके संगठन का एक मामला गुजरात हाई कोर्ट में चल रहा है।

# अवैध पार्किंग, पानी की कमी व जाम से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईपी एक्सटेंशन स्थित सरस्वती अपार्टमेंट के बाहर दीवार के सहारे अवैध रूप से वाहन पार्किंग होती है। दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन से पानी का प्रेशर होने के कारण टंकी तक पानी नहीं पहुंचता, बूस्टर पंप लगाना पड़ता है। सोसायटी के साइड वाली सड़क का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण पूरे दिन धूल उड़ती है। उससे लोगों को परेशानी हो रही है।

कई अन्य समस्याएं हैं, जिनको लेकर सोसायटी के निवासी संबंधित विभागों से शिकायतें करते रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।सोसायटी के लोगों ने बताया कि सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। उस दिन मधु विहार मोड़ से सोसायटी तक पहुंचना मुश्किल होता है। २० से ३० मिनट तक का वक्त लग जाता है। कई बार नगर निगम से मांग की गई कि इस बाजार को कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर दें।

लेकिन इस मामले में कोई कुछ नहीं करता। इसी तरह सोसायटी के बाहर आसपास की कालोनी के लोग अपनी कारें खड़ी कर जाते हैं। उनको हटाने को कहो तो लड़ते हैं। इसके साथ ही कुछ लोग अवैध रूप से रेहड़ी लगाते हैं। लोगों ने बताया कि जल बोर्ड ने मेन पाइपलाइन से एक इंच चौड़ी पाइप जोड़ कर पानी का प्रेशर न होने की वजह से अपने आप टंकी तक पानी नहीं पहुंचता, बूस्टर पंप लगाना मजबूरी हो गया है। सोसायटी की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने बताया कि सोसायटी में अंदरुनी सड़कें खराब हो रही हैं, उनके लिए विधायक से फंड की मांग की गई थी। यह मांग भी पूरी नहीं हुई है।इस सोसायटी में १९२ फ्लैट हैं, जिनका कब्जा वर्ष २००२ में दिया गया था। तब से पूरी सोसायटी का एक ही बिजली कनेक्शन है। फ्लैटों को अलग कनेक्शन नहीं मिले हुए। सोसायटी के कनेक्शन से सब मीटर के जरिये इनको बिजली दी जाती है और बिजली कलेक्शन किया जाता है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों का कहना है कि बीएसईएस में वह प्रत्येक फ्लैट को अलग बिजली कनेक्शन देने के लिए अर्जी लगा चुके हैं, लेकिन उन्होंने तमाम बदलाव बता दिए जिसमें दो से ढाई करोड़ रुपये का खर्च हो जाएगा।

## डीएनए रिपोर्ट पितृत्व का साक्ष्यः हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में डीएनए रिपोर्ट पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि डीएनए रिपोर्ट केवल पितृत्व को साबित करती है, सहमति की अनुपस्थिति को नहीं। अदालत ने ट्रायल कोर्ट से १० साल की जेल की सजा पाए दुष्कर्म के दोषी को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि हालांकि डीएनए रिपोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि महिला से पैदा हुए बच्चे का जैविक पिता आरोपी ही है, लेकिन दुष्कर्म के अपराध को साबित करने के लिए गर्भावस्था अपर्याप्त थी, जब तक कि यह भी साबित न हो जाए कि कृत्य सहमति के बिना किया गया था। एकल जज की पीठ ने पाया कि डीएनए रिपोर्ट केवल पितृत्व को साबित करती है, यह अपने आप में सहमति की अनुपस्थिति को साबित नहीं करती।

# साप्ताहिक बंदी में भी बाजार हो रहे गुलजार

## श्रम कानून का उड़ाया जा रहा मजाक, श्रम विभाग सोया हुआ है कुंभकरणी नींद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर में बाजार की साप्ताहिक बंदी का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। सभी दुकानें हर रोज की तरह साप्ताहिक बंदी में भी गुलजार रहती हैं। श्रम विभाग भी साप्ताहिक बंदी को लेकर गहरी नींद में सोया हुआ है जिसके चलते बंदी के दिन भी सभी बाजार खुले रहते हैं।

बागपत नगर में शुक्रवार को बाजार की साप्ताहिक बंदी रहती है जिसमें श्रम कानून के तहत बाजार में दुकानों को खोलने के लिए पाबंदी है। बाजार के कुछ ठेकेदारों ने अधिकारियों से मिलीभगत करके बाजारों को खुलवाना शुरू कर दिया जिसके चलते साप्ताहिक बंदी में भी सभी बाजार खुलने लगे। अब साप्ताहिक बंदी का कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। नगर के सभी बाजार दुकान हर रोज सामान्य दिनों की तरह खुलने लगे। श्रम विभाग भी इस ओर से आंखें बंद किए हुए हैं ऐसा लगता है कि श्रम विभाग को इसकी कोई जानकारी नहीं है लेकिन यह सब खेल श्रम विभाग के अधिकारियों की मिली भगत का है जिससे श्रम कानून का पालन न करते हुए उसकी धज्जियां उड़ाई जा रही है। ऐसा केवल बागपत नगर में ही नहीं है बल्कि जनपद के विभिन्न स्थानों का हाल है जहां पर बाजार की साप्ताहिक बंदी में भी सभी बाजार गुलजार रहते हैं। बाजार की साप्ताहिक बंदी को लेकर श्रम इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार मधेसिया से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने खुद को श्रम इंस्पेक्टर होने से इंकार कर दिया। इसके बाद उनके दोनों नंबरो पर कई बार कक्ल की गई लेकिन उन्होने कक्ल रिसिव करना जरूरी नहीं समझा।





# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** धोली प्याऊ चौकी के समीप हो गयी थी जिसकी शिनाख्त नही हो पायी थी बाद में पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त की और शव पोस्टमार्टम के बाद अपने साथ ले गये।

धोली प्याऊ चौकी के पास पेट्रोल पम्प के समीप एक अज्ञात वाहन ने एक 35 वर्षीय मजदूर को टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौकें पर मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव के शिनाख्त के प्रयास किये थे लेकिन शिनाख्त नही हो पायी थी बाद में मृतक का भाई विक्रम और भतीजा दिनेश वहा पहुंचा और शव की शिनाख्त करते हुए बताया की मृतक का नाम जोधा पुत्र विष्णु है। जो ककरूआ जनपद शाहजानपुर का निवासी है और वह गौना गांव में पूर्व प्रधान डालचंद के घेर मे रहता था और क्षैंत्र में मजदूरी करता था शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौप दिया है।



# सिविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के बरसिया गांव में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए वंदना गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जन चौपाल के अंतर्गत ग्राम बरसिया के प्राथमिक विद्यालय में महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

महिला कल्याण विभाग से वन्दना गुप्ता द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेन्शन, व अन्य योजनाओं से सम्बंधित जानकारी दी गयी इस मौके पर महिला कल्याण विभाग से वन्दना गुप्ता, मोहित कुमार व विद्यालय से ललित कुमार, साक्षी, कामिनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# सेफ्टी मानक के नियमों का नहीं किया जा रहा पालन

## डीएम ने 23 करोड़ 75 लाख की निर्माणाधीन परियोजना क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत जनपद बागपत में 50 शैय्या के क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण 23 करोड़ 75 लाख की परियोजना का निरीक्षण किया, जिसमें 17 करोड़ 89 लाख रुपए की धनराशि से स्ट्रक्चर का कार्य किया जाएगा। यह परियोजना जिला अस्पताल परिसर में बनाई जा रही है। यह परियोजना 14मार्च 2024 को प्रारंभ की गई थी जिसका कार्य पूर्ण करने की अवधि 30 जून 2025 है। कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर जिला. धिकारी ने नाराजगी व्यक्त की इसमें सुधार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कार्य को जितना साफ सफाई और फिनिशिंग के साथ किया जाएगा कार्य उतना ही मजबूत और गुणवत्ता पूर्ण होगा। कार्य की गुणवत्ता निर्माणधिन के समय अच्छी होगी तो बिल्डिंग अच्छी रहेगी। कार्यदाई संस्था ईमानदारी के साथ संबंध पूर्ण करें। उन्होंने कहा कार्य में साफ सफाई होनी चाहिए और कार्य की गुणवत्ता अच्छी हो जिससे इस परियोजना का आम जनमानस लाभ उठा सके। यह जनपद के महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक परियोजना है। उन्होंने कहा यह परियोजना जी प्लस 4 की है इसके कार्य को साफ सफाई से किया जाए इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा. यशवीर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एस के चौधरी, अजित, रोहित आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

# हत्या के आरोपी को रिमांड पर लेकर हत्या में प्रयुक्त रिवाल्वर व बलकटी की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में 28 अक्टूबर की रात्रि एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसके आरोपी ने बाद में दिल्ली में सरेंडर कर दिया था। चांदीनगर पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर थानें पहुंची जहा उससे हत्या में प्रयुक्त रिवाल्वर और बलकटी को बरामद किया गया। वही उसने दुश्मनी के चलते हत्या करने की बात भी कबूल की है।

28 अक्टूबर की रात्रि पूर्व प्रधान जयकुमार के आवास पर गांव के ही प्रवीण उर्फ बब्बू उसका साथी धर्मपाल बैठे थे जहा उनके बाद ज्ञानेन्द्र ढाका भी पहुंच गया जहा मिलकर उन्होंने पार्टी की तभी ज्ञानेन्द्र ढाका और उसके साथी ने बब्बू पर हमला बोल दिया। जहा उसे गोली मारी गयी वही बलकटी से भी हमला किया गया था। उपचार को ले जाते समय बब्बू की मौत हो गयी थी जबकि कुख्यात बदमाश ज्ञानेंद्र फरार हो गया था। परिजनों ने ज्ञानेंद्र ढाका और उसके साथी के खिलाफ थानें मे मुक. दमा दर्ज कराया था। हत्या के कुछ दिन बाद ज्ञानेन्द्र ने दिसम्बर माह में दिल्ली मे संरेन्डर कर दिया था। चांदीनगर पुलिस आरोपी को 4 तारीख को नौ घन्टें के रिमांड पर न्यायालय के आदेश पर थानें लेकर पहुंची जहा उससे गांव के ही शमशान घाट से हत्या में प्रयुक्त की गयी रिवाल्वर और एक बलकटी बराबद की। वही रिमांड के दौरान उसने बताया की पुरानी रजिंश के चलते उसने हत्या की थी। उधर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया की ज्ञानेंद्र ने पूछताछ के दौरान बताया की पुरानी रजिंश के चलते उसने हत्या की थी।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मेसिस्ट दिनेश के निधन पर किया शोक प्रकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र पर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसियेशन शाखा बागपत की आपातकालीन बैठक में बड़ौत सीएचसी पर कार्यकर्ता फार्मेसिस्ट दिनेश खोखर के अचानक हुए निधन पर शोक प्रकट किया गया। वहीं उनके एसोसिएशन के मंत्री पद खाली होने पर संगठन मंत्री को मंत्री पद पर नियुक्त किया गया।

गुरुवार को बड़ौत सीएचसी में हुई इस शाख में स्व. दिनेश कुमार के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शाखा में सर्वसम्मति से स्व. दिनेश कुमार के परिवार को बागपत एसोसिएशन की ओर सहयोग राशि देने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमव. ीर मलिक ने चुनाव पर्यवेक्षक मुक. ेश कुमार शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष व चुनाव अधिकारी पारसलाल चीफ फार्मासिस्ट को खाली हुए मंत्री पद के लिए नियुक्त किया गया।

बैठक में विवेक कुमार को जिला मंत्री पद पर निर्विरोध मंत्री पद पर निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर बड़ौत सीएचसी प्रभारी डा. विजय कुमार गर्ग एवं चीफ फार्मासिस्ट डाक्टर धर्मेंद्र बैधवान ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारीयो को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर राज. कुमार सीएचसी बागपत, संजीव सांगवान सीएचसी खेकड़ा, मुकेश कुमार सीएचसी सरूरपुर कला, प्रदीप कुमार सीएचसी बिनौली, प्रवीण कुमार सीएचसी पिलाना, विरेन्द्र कुमार स ी ए च स ी छपरौली,सुशील कुमार सिंह जिला अस्पताल, नीरज कुमार सीएचसी टीकरी, संजीव दांगी पोस्टमार्टम हाऊस तथा हरेन्द्र राठी सीएचसी बड़ौत को नामित किया गया।



# पीड़िता ने जांच अधिकारी को भी किया कटघरे में खड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद हापुड के गांव मुज्जफरा बागडपुर निवासी एक महिला के अनुसार शादी में लेजाकर शराब पिलाकर कुछ लोगों ने उसके पति की हत्या कर दी थी और शव रेलवे ट्रैक पर डाल दिया था। इस संबंध में पीड़िता ने थाना खेकड़ा में आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है और मुकदमे में पेरवी करने पर आरोपी पीड़िता को परिणाम भूगतने की धमकी दे रहे है।

गत 5 दिसम्बर को थाना खेकडा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पडा मिला था जिसका चेहरा बुरी तरह से क्षतविछत था। उसकी पहचान बिजेनद्र निवासी मुज्जफरा बागढपुर के रूप में हुई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नि मुनेश ने थाना खेकडा में राशिद, शारूख, रिजवान व सब्बीर निवासीगण मुज्जफरा बागढपुर के विरूद्ध हत्या का मुक. दमा दर्ज कराया था। मृतक की पत्नि का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीडिता के अनुसार गत 5 दिसम्बर को दोपहर करीब 12 बजे उसके पति को खेकड़ा शादी में ले गए थे। आरोप है कि वहां पर आरोपियों ने शराब पिलाकर उसके पति की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर डाल दिया था। पहचान छिपाने के उद्धेश्य से उसके पति का चेहरा क्षतविछत कर दिया था। आरोप है कि हत्या के बाद आरा. ेपी उसके पति की बाईक व जेकीट उनके मकान के सामने खडी करके चले गए थे। पीडिता ने बताया कि उसके पति के मोबईल की सीडीआर आरोपियों के मोबइल से कनैक्ट है। पीडिता का आरोप है कि आरोपी मुकदमें में पेरवी करने पर उसे परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे है। जबकि पुलिस ने इस मामले में अभी तक आरोपियों के विरूद्ध कोई काईवाई नहीं की है। पीडिता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए इस मामले की विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराने की मांग की है ताकि उसे न्याय मिल सके।



# नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़, मुकदमा कायम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** क्षेत्र के एक गांव मे घर मे एक नाबालिग लड़की को अकेला देख पडौस का ही युवक छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया।

चांदीनगर क्षैंत्र के एक गांव मे एक नाबालिग लड़की घर में अकेली थी तभी पडौस का युवक वहा पहुंच गया और लड़की से छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। लड़की ने यह बात परिजनों को बतायी उसके बाद युवक लगातार लड़की के साथ छेड़छानी का प्रयास कर रहा था। परिजनों ने थानें पहुंच युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा कायम कराया है।

# मृत बेटे की हत्या की जताई आशंका, पुत्रवधू पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा अमीनगर सराय निवासी एक विधवा महिला के अनुसार गत 22 मार्च को बरनावा स्थित डेरा सच्चा सोदा के निकट एक कार ने उसके पुत्र की बाईक में टक्कर मार दी थी जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई थी तथा उसका ममेरा भाई घायल हो गया था। पीड़िता का आरोप है कि उसकी पुत्रवधू ने जान पूछकर उसके पुत्र की हत्या कराई थी। पीडिता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूध मुकदा दर्ज कराकर कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

सुदेश पत्नि स्व.दयाशंकर निवासी अमीनगर सराय के अनुसार गत 22 मार्च को थाना बिनौली क्षेत्र में डेरा सच्चा सोदा के निकट एक सेंटरो कार ने उसके पुत्र मोहित की बाईक में टक्कर मार दी थी जिससे उसके पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी और बाईक पर सवार मोहित का ममेरा बाइक केसव शर्मा गम्भीर रूप से घायल हो गया था। विधवा ने इस संबंध में थाना बिनौली पर मुक. दमा दर्ज कराया था। विधवा को आसंका है कि उसके पुत्र की जानपुछकर हत्या कराई गई थी। विधवा ने बताया कि उसकी पुत्रवधू का परिवार से विवाद चल रहा है और उसने उसके पुत्रों के विरूध कई मुकदमें दर्ज कराये हुए है जो न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि पुत्रवधू ने उसके पुत्रो की हत्या कराये जाने की धमकी दी थी। विधवा ने कहा कि गत 9 अक्टूबर को घर में घुसकर महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की थी। यह मामला कोर्ट में विच. ाराधीन है। तथा इस मामले में गत 20 मार्च की तारीख निहीत थी। उसका पुत्र अपने ममेरे भाई के साथ कोर्ट में गया था। उसकी पुत्रवधू कोर्ट में आई हुई थी। आरोप है कि उसी दिन उसकी पुत्रवधू ने अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उसके पुत्र का पिछा किया और छिपकर उसके पुत्र के फोटो लिए। विधवा को आशंका है कि उसकी पुत्रवधू ने उसके पुत्र का एक्सिडेंड कराया था। पीडिता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूध मुक. दमा कराकर कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।



# सरसों की फसल चोरी कराने का आरोप, दो लोगों के विरूद्ध कोतवाली में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सरूरपुर निवासी दो महिलाओं ने गांव के ही दो लोगों पर अपनी सरसों की फसल चोरी करने का आरोप लगया हैं। महिलाओंने आरो. पियों के विरूध कोतवाली में तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की हैं।

सविता पत्नी सुनील व योगिता पत्नी मनोज कुमार निवासीगण गांव सरूापुर कला के अनुसार उनकी मोजा नैथला के खसरा संख्या 913 में कृसि भूमि है। वह वर्तमान में दिल्ली के रोहिणी में रहती हें। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी भूमि में सरसों की फसल बाई हुई थी। उन्होंने बताया कि फसल पक जाने के बाद कटाई कर सुखने के लिए खेत में डाली हुई थी। उनका आरोप हैं कि गांव के ही दो लोग उनकी सरसों की फसल को चुरा ले गए। महिलाओं ने इस संबंध में आरोपियों के विरूध कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कररही है।

# घर में कन्या के जन्म पर परिवार में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के लुहारी गांव में घर में कन्या ने दिया जन्म खुशी से झूमे परिजन नवरात्रों पर दोडी खुशी की लहर। ढ़ोल नगाड़ों के साथ घर में भजन कीर्तन के साथ देवी मां पर कन्या से लगवाया गया भोग। गांव में किया गया प्रसाद वितरण। गांव के श्रद्धालुओं में भी खुशी की लहर दौड़ गई।

भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रमुख महासचिव संजीव दांगी के परिवार में नवरात्रों के दिन लुहारी गांव में संदीप दांगी की पत्नी अंजलि दांगी के घर कन्या के जन्म लेते ही कन्या के ताऊ संजीव दांगी लुहारी ताई आरती दांगी ने गांव में ढोल नगाड़े बजवाकर कन्या की आरती उतारी। पूरा परिवार नवरात्रों पर कन्या के जन्म लेते ही खुशी से झूम उठा। घर में कन्या का जन्म होते ही कन्या के नाना नानी के घर माखर गांव में भी खुशी की लहर दौड़ गई इस अवसर पर कन्या के परिजनों ने कहा की हमने आज घर में बेटी का जन्म होते ही बड़ी खुशी मनाने का कार्य किया है। क्योंकि बेटी पढ़ लिखकर दो परिवारों को शिक्षित करने का काम करती है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत घर में बेटी की जन्म के साथ आज पड़ोस मोहल्ले और गांव में भी खुशी की लहर दोड़ी है। पूरा परिवार बेटी के जन्म पर जश्न मना रहा है। कन्या को आशीर्वाद देने के लिए गली मोहल्ले के लोगों का भी उनके घर ताता लगा हुआ है। लोगों का कहना है कि इस तरीके से अगर कन्या के जन्म पर खुशियां मनाई गई है तो इस परंपरा को और भी आगे बढ़ाया जा सकेगा।

# वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद जुमे की नमाज को लेकर जनपद में पुलिस रही अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ नगर में फ्लेग मार्च निकाला और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर मस्जिदों के आसपास व मिश्रीत आबादी में प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद मुस्लिमों के एक गुट ने विरोध जताया है और प्रदर्शन की धमकी दे रहा था। इसे देखते हुए जनपद में शुक्रवार को विशेष पुलिस चौकशी बरती गई और जुमें की नमाज को देखते हुए मस्जिदो व मिश्रीत आबादी वाले क्षेत्रों में प्रयाप्त पुलिस बल तैनात किया गया। जुमे की नमाज के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसपी अर्पीत विजयवर्गीय के नेतत्व में नगर में पैदल मार्च निकाला गया। ताकि जनता में सुरक्षा का भाव पेदा किया जा सके। एसपी ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए संबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



# स्वच्छता मिशन में नगर पंचायत छपरौली को मिला दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत छपरौली को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। नगर निकाय निर्देशालय में लखनऊ में सीमा राघव अधिसासी अधिकरी छपरौली को सम्मानित किया गया है एवं उन्हे पुरस्कृत किया गया।

स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत छपरौली को प्रदेश में समस्त नगरपंचायतों में दूसरा स्थान मिला जिससे नगर के लोगों में काफी उत्साह है। शुक्रवार को नगर निकाय निर्देशालय लखनऊ में नगर पंचायत छपरौली की अधिसासी अधिक. ारी सीमा राघव को नगर विकास मंत्री एके शर्मा व राज्यमंत्री राक. ेश राठोर तथा सचिव अनुज झां ने अपर निर्देक रितू सुहास के उपस्थित सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया। नगर पंचायत छपरौली के अध्यक्ष धर्मेन्द्र खोखर ने नगर पंचायत को स्वच्छता के क्षेत्र में दूसरा स्थान मिलने पर नगर वासियों को बधाई दी है और उन्होने कहा कि यह कस्बे के लिए गौरव की बात हैं। इस मौके पर अधिसासी अधिकारी के अनुसार मंडल कार्यक्रम प्रबंधक कुनाल किशोर जिला कार्यक्रम प्रबंधक फहीम अख्तर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय बागपत लिपिक तहजूब विसाल कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर व समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।






**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कमल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

नरेश पुत्र बलवान निवासी ग्राम लुहारी थाना बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मै गाँव माखर, तहसील बडौत, जिला बागपत स्थित कृषि भूमि खसरा संख्या 630 रकबा 0.8350 है. की मालिक हूं तथा मेरा नाम राजस्व अभिलेखो मे दर्ज है। जयकुमार पुत्र सूरतसिह निवासी ग्राम माखर, थाना बिनौली, तहसील बडौत, जिला बागपत मुझे मृतक दर्शाकर मेरी उक्त भूमि को हड़पने की फिराक में है, जबकि मै जीवित हूँ।

रीता रानी पुत्री महेन्द्र सिह निवासी मौहल्ला जवाहर नगर, कस्बा एलम, जिला शामली।

# समलैंगिक डेटिंग एप से लूट का खुलासा

**■ ग्राइंडर एप से युवकों को फंसाकर लूट करने वाले दो गिरफ्तार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने ग्रिन्डर एप के माध्यम से दोस्ती कर एक लाख रुपये की लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इटावा निवासी अर्पित यादव और मैनपुरी के प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने एक समलैंगिक एप ग्राइंडर के माध्यम से लड़कों को मीटिंग के बहाने बुलाकर उनके साथ लूट की वारदात अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए इटावा निवासी अर्पित और मैनपुरी निवासी प्रिंस को गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि एक युवक ने नॉलेज पार्क थाने पर आकर शिकायत की गई थी कि ग्राइंडर एप के माध्यम से कुछ युवकों के द्वारा बुलाया गया और फिर उसके बाद एक लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज किया और आरोपियों की तलाश में जुट गई।

लोकल इंटेलीजेंस और मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी ने बताया कि यह लोग ग्राइंडर एप के माध्यम से लोगों के साथ मीटिंग किया करते थे और उसके बाद फिर उनको बुलाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। इन्होंने एक युवक को बुलाकर उसके साथ साथ एक लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा फ्री कर फिलहाल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व भूमि पूजन किया

**नोएडा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 13 से 19 अप्रैल तक सेक्टर पाई ऐच्छर स्थित रामलीला मैदान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को कथा स्थल पर पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। आयोजन समिति के सदस्य सौरभ अग्रवाल ने बताया कि भूमि पूजन के साथ श्रीमद् भागवत कथा से जुड़ी तैयारी शुरू कर दी है। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, श्रीराम कथामृत, श्रीकृष्ण कथा, गौ कथा, भगवान शिव कथा, हरि कथा व अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को पिछले कई दशकों से जागरूक करता आ रहा है। इस मौके पर पारुल अग्रवाल, अनिल राणा, देवेंद्र नागर, रवि जिंदल, चौनपाल प्रधान, शेखर, आनंद भाटी आदि उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा में कई बड़े निवेशक करेंगे निवेश

**■ एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व प्रेरणा सिंह के साथ बैठक में जताई इच्छा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आने वाले दिनों में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में कुछ बड़े उद्योग, शिक्षण संस्थान और हॉस्पिटल खुल सकते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कई बड़े निवेशकों के साथ शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें निवेशकों ने ग्रेटर नोएडा में निवेश की इच्छा जताई। अब प्राधिकरण इनके लिए जमीन उपलब्ध कराने की कोशिश में जुट गया है।

दरअसल, कई बड़े निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए शासन से संपर्क साधा है। शासन के निर्देश पर ही इन निवेशकों के साथ शुक्रवार को प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बोर्ड रूम में बैठक की। इन निवेशकों में एफओईआईआई यूनिवर्सिटी, चंदन हॉस्पिटल, इंद्रप्रस्थ कैंसर हॉस्पिटल, स्वराज एग्रीकल्चर, एसएसजी फर्निसिंग सहित 10 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इन निवेशकों को ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में बताया गया। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने कहा कि प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंड योजना शीघ्र आने वाली है। उद्यम लगाने के इच्छुक निवेशकों इसमें आवेदन कर सकते हैं। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने आईटी व संस्थागत भूखंडों के बारे में ꠸

ा इन निवेशकों को जानकारी दी। इसके साथ ही इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में उपलब्ध भूखंडों से भी अवगत कराया। निवेषकों के साथ बैठक में ओएसडी अर्चना द्विवेदी, प्रबंधक स्नेहलता, प्रबंधक अरविंद मोहन सिंह, प्रबंधक प्रमोद कुमार, प्रबंधक प्रिंसिका सिंह, आईआईटीजीएनएल की प्रभारी उद्योग प्रीति शर्मा व उद्यमी मित्र के सहयोगी मौजूद रहे।

**एसीईओ ने इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का लिया जायजा:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ और आईआईटीजीएनएल की निदेशक प्रेरणा सिंह ने शुक्रवार को इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का निरीक्षण किया। अब तक जिन उद्योगों को आवंटन किया गया है, उन्होंने काम शुरू किया कि नहीं, इसका भी जायजा लिया। एसीईओ आईआईटीजीएनएल की टीम को निर्देश दिए कि आवंटियों से संपर्क करके निर्माण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को रोजगार के अवसर मिल सके। इस दौरान सीनियर मैनेजर वैभव चौधरी, मैनेजर महेश यादव भी मौजूद रहे।

## उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर सम्पन्न हुआ चौती छठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लोक आस्था का महापर्व चौती छठ शुक्रवार को संपन्न हो गया। चार दिवसीय लोक आस्था का चौती छठ महापर्व के चौथे दिन व्रती महिलाओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शहर में छठ व्रतियों ने हजारों की संख्या में अस्थाई घाट और अपने घरों में कुड़ बनाकर भगवान भास्कर की पूजा की। अब इस वर्ष कार्तिक माह में दोबारा छठ महापर्व का आयोजन किया जाएगा।

बता दे कि एक अप्रैल को नहाय – खाय से यह पर्व शुरू हुआ था। शुक्रवार को छठ व्रतियों ने रवियोग में भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद पूजा कर 36 घटे का निर्जला व्रत तोड़ा। चार दिवसीय छठ महापर्व के अंतिम दिन छठी मइया और भगवान भास्कर की पूजा – अर्चना करते हुए व्रतियो ने सुख, समृद्धि, शांति, निरोगी काया का आशीर्वाद मांगा। शहर में विभिन्न सेक्टरों, पार्को और अस्थाई घाटो पर व्रतियो ने सूर्य को अर्घ्य दिया। खिल भारत हिन्दू महासभा और अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि चौत्र शुक्ल षष्ठी को छठव्रतियों ने गेहूं का आटा, घी और शक्कर का ठेकुआ तथा चावल, घी और शक्कर का लड्डू प्रसाद के लिए बनाया। छठव्रतियों ने बांस के बने सूप, डाला, दौरा में सभी प्रकार का प्रसाद रखा।प्रसाद के रूप में सेब, केला, नारंगी, अमरूद, डाभ सहित सभी प्रकार का फल,ईख, पानी में फलनेवाला सिंघाड़ा, मूली, सुथनी, सकरकंद,कच्चा नारियल, चीनी का बना साँचा, घर में बना ठेकुआ, लड्डू, कच्चा धागे का बना बद्धी, सिंदूर, कपूर,अगरबत्ती आदि रखा।

# सचिव रितु माहेश्वरी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी आज स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के लिए नोएडा पहुंची। उन्होंने जिला अस्पताल के ओपीडी का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के के अधिकारियों को अवाश्यक दिशा-निर्देश दिया।

सचिव रितु माहेश्वरी ने जिला अस्पताल के बाद भंगेल और बरौला के स्वास्थ्य केंद्रों का भी भ्रमण किया। जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. नरेन्द्र कुमार, सीएमएस डा. रेनू अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

बताया जा रहा है कि शनिवार को वह ग्रेटर नोएडा और देहात क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेंगी। इसी दिन स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी। स्वास्थ्य विभाग और जिला अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों को विकास कार्यों की रिपोर्ट तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### दादरी में संविदा कर्मचारी ने दी जान

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी दादरी में एक संविदा कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अजय कुमार (49) के रूप में हुई है। वह ग्राम पटाड़ी, थाना जारचा, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले थे। घटना शुक्रवार की है। अजय कुमार ने एनटीपीसी प्लांट में रेलवे पटरी के पास बने गार्ड रूम में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही थाना जारचा की पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में कानून व्यवस्था सामान्य है।

### सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं समाप्त

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मनोविज्ञान परीक्षा के साथ जिले में 56 केंद्रों पर चल रहीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं सकुशल संपन्न हो गईं। शुक्रवार को सीबीएसई के 12वीं के छात्र-छात्राओं ने मनोविज्ञान विषय की परीक्षा दी। पेपर सामान्य रहा। छात्रों ने बताया कि परीक्षा आसान थी और पेपर हल करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। सभी प्रश्न सिलेबस से ही पूछे गए थे। गौरतलब है कि जिले में 15 फरवरी से हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई थीं। अब छात्रों को परीक्षा परिणाम का इंतजार है। उम्मीद है कि मई के आखिरी हफ्ते में परिणाम घोषित हो सकता है।

### पति ने हथौड़े से की सिविल इंजीनियर पत्नी की हत्या

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर 15 में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने अवैध संबंध के शक में अपनी सिविल इंजीनियर पत्नी की हथौड़े से सिर पर वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति खुद थाना सेक्टर 20 पहुंचा और पुलिस से कहा, मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस जांच में मृतका की पहचान आसमा खान के रूप में हुई है। आसमान जामिया मिलिया इस्लामिया से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर सेक्टर 62 की एक निजी कंपनी में कार्यरत थी। आरोपी पति नूर उल्ला हैदर घर पर रहकर ट्रेडिंग का काम करता था और पत्नी के नौकरी करने से नाराज रहता था। दोनों की शादी 2005 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। एक बेटा जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है और एक बेटी जो कक्षा आठ में पढ़ती है। परिवार सेक्टर 15 में अपने ढाई मंजिला मकान के फर्स्ट फ्लोर पर रहता था, जबकि भूतल को पीजी के रूप में किराए पर दिया गया था। घटना के वक्त आसमा की मां और दोनों बच्चे घर में मौजूद थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि नूर उल्ला को लंबे समय से अपनी पत्नी पर अवैध संबंध का शक था, जिसके चलते दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

**आसमा के परिजनों और पड़ोसियों से हो रही पूछताछ:** पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना फेज वन के प्रभारी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसमा के परिजनों और पड़ोसियों से भी पूछताछ की जा रही है। इस घटना ने नोएडा में घरेलू हिंसा और शक के चलते होने वाली आपराधिक वारदातों पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नोएडा पुलिस शिकायतों के निस्तारण में पूरे प्रदेश में अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के सभी 27 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से मार्च माह की मूल्यांकन रिपोर्ट शुक्रवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत किया है।

पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतीपत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है। जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रर्दशन कर रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। इसके माध्यम से वे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि इस प्रणाली के तहत गौतमबुद्धनगर का मार्च माह में प्रथम रैंक पर आना एक बड़ी उपलब्धि है। यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है। जब शिकायतों का समाधान जल्दी और सही तरीके से किया जाता है, तो नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। प्रथम रैंक नागरिक संतुष्टि का मापदंड भी है। आगे भी कमिश्नरेट गौतम बुद्धनगर पुलिस की तरफ से ऐसे ही सभी नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। प्रत्येक थाने को लगातार निर्देश दिए गए हैं कि एक पुलिसकर्मी शिकायतों के निस्तारण के लिए तैनात किए जाएं और जैसे ही यह शिकायतें प्राप्त हों, इसमें पीड़ित पक्ष को बुलाकर उसकी शिकायत सुनी जाए और उसका समाधान तुरंत किया जाए।

आईजीआरएस रैंकिंग में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस का बीते छह माह से दबदबा कायम है। बीते छह माह की रैंकिंग में नोएडा पुलिस ने पहला स्थान हासिल किया है। शिकायतों के निस्तारणकर्ता अधिकारी द्वारा आवेदक से संपर्क किए जाने में भी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। पुलिस कमिश्नर ने आईजीआरएस टीम प्रभारी उमेश नैथानी और उनकी टीम को 25 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया है। इसके अलावा जिले के सभी 27 थाने के प्रभारी और ऑपरेटर व टीम को ढाई हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मेहनत से काम करने वाले पुलिसकर्मियों को भविष्य में भी इसी प्रकार से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

## प्लॉट बेचने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के साकीपुर गांव के रहने वाले एक युवक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने अपने हिस्से से अधिक जमीन का बैनामा कर धोखाधड़ी की है। न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है साकीपुर गांव के रहने वाले प्रमोद भाटी ने न्यायालय को बताया कि उनके गांव के रहने वाले कर्मपाल की खसरा संख्या 558 जमीन में कुछ हिस्सेदारी थी। कर्मपाल ने इस जमीन को बेचने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद बात. चीत होने पर आरोपी ने पीड़ित के पक्ष में 167 वर्ग मीटर जमीन का बैनामा कर दिया। पीड़ित ने आरोपी को पूरा पैसा दे दिया। कुछ दिन बाद पीड़ित को पता चला कि उक्त जमीन का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण किया गया है। प्राधिकरण के अधिग्रहण के बाद जमीन का कुछ टुकड़ा बचा था, जिसमें कर्मपाल के हिस्से में महज 89 मार्ग मीटर जमीन बची थी। आरोप है कि कर्मपाल ने धोखाधड़ी कर 167 वर्ग मीटर जमीन का बैनामा कर पैसा ले लिया। पीड़ित ने आरोपी से बात की तो उसने अपने भाई मैमपाल से बात करके उसके हिस्से की जमीन नाम करवाने का आश्वासन दिया। कुछ दिनों बाद जब पीड़ित ने कर्मपाल व उसके भाई मैमपाल से जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो वह इधर-उधर की बात करने लगे। आरोपियों ने शेष जमीन को अन्य दो लोगों को बेच दिया।

## अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आईएमएस में आयोजित दो दिवसीय अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इसमें प्रतियोगिता के दूसरे दिन पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए फाइनल मुकाबला खेला गया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 68 किलो वर्ग में प्रांजल यादव और 96 किलो वर्ग में प्रियांशु बिष्ट ने बाजी मारी। वहीं, महिला वर्ग में लक्ष्मी सिंह ने 56 एवं भूमि भारती ने 84 किलो वर्ग की विजयी रही। टेबल टेनिस प्रतिस्पर्धा के सिंगल कैटेगरी में शिवम कुमार एवं डबल्स में शिवम एवं सौरभ विजयी बने। कैरम प्रतिस्पर्धा के महिला एवं पुरुष कैटेगरी में रिया सिंह एवं शशांक यादव ने बाजी मारी। वहीं विजय हलधर एवं मानवी शर्मा ने चेस प्रतिस्पर्धा अपने नाम किया। इसके बाद समापन समारोह में विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ग्रेटर नोएडा में रोबोट बुझाएगा आग, अथॉरिटी समिति खरीदेगी उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की हाईराइज बिल्डिंगों भी आग बुझाना आसान हो जाएगा। जिन जगहों पर अग्निशमन कर्मी नहीं पहुंच पा रहे, वहां रोबोट आग बुझाएगा। अग्निशमन कर्मियों को अपनी जान जोखिम में नहीं डालनी पडेघ्गी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जल्द ही अग्निशमन विभाग को आग बुझाने के आधुनिक उपकरणों से लैस करने जा रहा है। प्राधिकरण बोर्ड से विगत 29 मार्च को मंजूरी मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर अग्निश्मन उपकरण खरीदने के लिए अग्निशमन विभाग और प्राधिकरण की तकनीकी समिति का गठन जल्द होने जा रहा है।



उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ की तरफ से 16 जनवरी 2025 को पत्र जारी किया गया, जिसमें अग्निशमन विभाग को फायर उपकरणों से लैस करने की बात कही गई है। इसके आधार पर अग्निशमन विभाग की तरफ से फायर उपकरणों की सूची बनाकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को उपलब्ध करायी गयी। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में हाईराइज बिल्डिंगें बहुत हैं। घनी आबादी वाले क्षेत्र भी बहुत अधिक हैं। गांवों में संकरे रास्ते हैं। इन जगहों पर आगजनी की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सहमति दे दी और विगत 29 मार्च को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड के समक्ष रखा। बोर्ड ने भी इस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया और अग्निशमन विभाग को फायर उपकरण उपलब्ध कराने की अनुमति दे दी। अब टेंडर प्रक्रिया के जरिए अग्निशमन उपकरण खरीदने के लिए तकनीकी समिति जल्द ही गठित होने जा रही है।

**रोबोट फायर सहित 14 कैटेगरी के लगभग 100 उपकरण का प्रस्ताव:** अग्निशमन विभाग के एक रोबोट फायर सहित 14 कैटेगरी के लगभग 100 उपकरण का प्रस्ताव दिया है। इन उपकरणों को खरीदने पर 29.48 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। अग्निशमन ने रोबोट फायर खरीदने की सिफारिश की है। रोबोट फायर उन जगहों पर भी आगजनी से निपटने में सक्षम होगा, जहां पर अग्निशमन कर्मी नहीं पहुंच सकते। वहीं फोम टेंडर से केमिकल्स और अन्य तरल पदार्थों में लगी आग से निपटने में कारगर होगा। हाईराइज फायर फाइटिंग व्हीकल 120 मीटर तक की ऊंचाई होने पर आगजनी से निपटने के लिए 150 बार प्रेशर के साथ पानी की आपूर्ति करने में सक्षम है। इसी तरह वाटर टेंडर के जरिए 80 मीटर तक बहुमंजिला इमारतों में लगी आग से निपटने में मदद मिलेगी।

**एलमोनाइज सूट से करेंगे रेस्क्यू:** ग्रेटर नोएडा में हाईराइज बिल्डिंगों को देखते हुए ये उपकरण बहुत ही उपयोगी हैं। वाटर मिस्ट के जरिए बिजली के ट्रांसफॉर्मर, किचन, गैस सिलेंडर, कार में लगी आग से निपटने में उपयोगी है। कटिंग टूल से आगजनी में फंसे लोगों को बचाने के लिए लोहे को काटने के काम आएगा। प्रॉक्सिमिटी सूट और केमिकल सूट से तापयुक्त एवं केमिकल की आग से निपटने के लिए इस्तेमाल होगा। कार्बन कंपोजिट सिलेंडर से धुएं युक्त वातावरण में भी फायर कर्मी लंबे समय तक बचाव कार्य कर सकेंगे। एलमोनाइज सूट से 300 डिग्री तापमान होने पर भी रेस्क्यू करने के लिए उपयोगी है। लंबी अवधि तक आगजनी से निपटने के लिए पानी की आपूर्ति करने में वाटर बाउजर ही कारगर है।

**जंपिंग कुशन से भी होगा फायदा:** जंपिंग कुशन के जरिए निकास मार्गो के अवरुद्ध होने पर अंदर फंसे व्यक्तियों को निकालने में उपयोगी है। बिजली के पोल और पानी की टंकी पर चढ़े व्यक्ति को बचाने में भी यह बहुत कारगर है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी औपचारिकता पूरी कर इन उपकरणों को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# ग्रेटर नोएडा में मां ने दो बच्चों संग छत की रेलिंग से फंदा लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित बिसरख कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुराना हैबतपुर में घरेलू विवाद के चलते एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ छत की रेलिंग से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान आरती (35), उनकी छह वर्षीय बेटी और पांच वर्षीय बेटे के रूप में हुई है।पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना शुक्रवार सुबह पुलिस को डायल-112 के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिली कि तीनों को परिजन एक निजी अस्पताल में मृत अवस्था में लेकर पहुंचे थे। अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि तीनों की मृत्यु फंदा लगाने से हुई है।

पुलिस जांच में पता चला कि आरती का अपने पति से किसी घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। इस विवाद से आहत होकर आरती ने अपने दोनों बच्चों को साथ लिया और घर की ऊपरी मंजिल पर चली गई। वहां उसने रेलिंग से दुपट्टे का फंदा बनाया और अपने बच्चों सहित आत्महत्या कर ली। घटना सुबह के समय की बताई जा रही है, जब परिवार के अन्य सदस्य घर में मौजूद थे लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लगी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का निरीक्षण किया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। लेकिन पुलिस पारिवारिक सदस्यों और अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे के सही कारणों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद इलाके में मातम पसर है।

**परिजनों से पूछताछ कर रही पुलिस:** मृतका के पति और अन्य परिजनों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मृतका किसी तरह के मानसिक तनाव से तो नहीं जूझ रही थी या फिर उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया था। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

## वाहन की टक्कर से युवक घायल

**नोएडा।** दवा लेकर लौट रहे युवक को सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की बहन ने फेज वन थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सेक्टर-16 के जेजे कॉलोनी में रहने वाली उर्मिला कुमारी ने बताया कि उसका भाई सागर गुरुवार को रात 12 बजकर दस मिनट पर दवा लेकर सेक्टर-15 से सेक्टर-16 की तरफ आ रहा था। जब वह सेक्टर-16 स्थित हरि पराठा की दुकान के सामने पहुंचा तभी सामने से आए तेज रफ्तार वाहन के चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायल समीर का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का किया शुभांरभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ऑटोमोटिव टायर मैयुफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) और इंडियन टायर टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी (आईटीटीएसी) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार और परिवहन विभाग गौतमबुद्ध नगर के साथ मिलकर यमुना एक्सप्रेस वे पर 4 से 6 अप्रैल तक टायर सेफ्टी और सड़क सुरक्षा अभियान की टोल प्लाजा जेवर के पार्किंग क्षेत्र में शुरुआत की, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर जन सामान्य एवं छात्र-छात्राओं को बताया कि शासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चालाया जा रहा है, जिससे सड़क हाद. सों को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी छात्र सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर बड़ी मुहिम चलाएँ, जिसकी शुरुआत अपने आसपास करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि ओवर स्पीडिंग और ओवर टेकिंग से होने वाले हादसों को कम करने के लिए लोगों को लगातार जागरुक करने की जरुरत है। सड़क सुरक्षा को लेकर एक मंच पर ATMA/ITTAC ने सभी वर्गों, जिसमें शासन, प्रशासन, परिवहन, टायर इंडस्ट्री, ऑटोमोटिव इंडस्ट्री, टायर सेफ्टी एक्सपर्ट, एक्टिविस्ट, शिक्षक, छात्र और पत्रकार को लाने का अनोखा प्रयास किया, जो की एक सराहनीय कदम है।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान इंडियन टायर टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी द्वारा टायर सेफ्टी के महत्वपूर्ण भाग "PART" यानि P – प्रेशर, । – अलाइनमेंट, R – रोटेशन और T – ट्रेड डेफ्थ के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि ऑटोमोटिव टायर मैयुफैक्चरर्स एसोसिएशन (ATMA) देश की 6 बड़ी टायर कंपनियों का एसोसिएशन है। इंडियन टायर टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी ATMA का टेक्निकल विंग है, जो देश भर के अलग-अलग एक्सप्रेस पर टायर केयर और सेफ्टी को लेकर वाहन चालकों को जागरुक करता है ताकि एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसों को कम किया जा सके।

ATMA/ITTAC के सेफ्टी अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुदर्शन गुसाँई ने लोगों से इस भ्रम को तोड़ने की अपील की, कि एक्सप्रेस वे पर लोग टायर का प्रेशर कभी कम करके न चलें जो खघ्तरनाक हो सकता है। टायर में गाड़ी कंपनी द्वारा तय किए गए मानक के अनुसार ही हवा का प्रेशर रखें।

ATMA/ITTAC के एक्सपर्ट्स द्वारा यह भी बताया गया कि, किसी भी वाहन के लिए उसका टायर एक सबसे महत्वपूर्ण भाग होता है, जिसे लोग अक्सर नजर अंदाज कर देते हैं, जबकि सुरक्षित सफर के लिए इसका ख्याल रखना बेहद जरुरी है। कार्यक्रम में GNIOT और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए ब्ज्ज्।ब के पूर्व चेयरमैन वी के मिसरा ने कहा कि की हम जिला प्रशासन के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा से जुड़े और कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। आयोजित कार्यक्रम में यमुना एक्सप्रेस वे के सड़क सुरक्षा से जुड़े कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। ATMA/ITTAC की तरफ से राजीव बुद्धीराजा, संजय चटर्जी, नीतीश शुक्ला, विनय विजयवर्गीय शाामिल हुए। इस कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी परिवर्तन सियाराम वर्मा, ATMA/ITTACके सेफ्टी अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुदर्शन गुसाँई, ATMA/ITTAC के एक्सपर्ट्स, राघवेंद्र कुमार हेलमेटमैन आदि उपस्थित रहे।

## सोसाइटी गेट के पास शराब की दुकान खुलने पर लोगों ने जताई नाराजगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजिडेंशिया सोसाइटी गेट के पास शराब की दुकान खोलने का लोगों द्वारा विरोध जताया जा रहा है। निवासियों का आरोप है कि शराब की दुकान खुलने से माहौल खराब होगा। साथ ही, बच्चों पर भी गलत असर पड़ेगा। अब इसकी शिकायत निवा. सियों द्वारा जिला प्रशासन से की जाएगी। निवासी सुमित जलोटा ने बताया कि गेट के पास में ही सोसाइटी की मार्केट बनी हुई है। जहां पर अब एक वाइन शॉप खुलने जा रही है, जिसके खुलने से सोसाइटी के आसपास का माहौल खराब होगा। साथ ही, लोगों द्वारा इसको लेकर नारा. जगी भी जताई गई है। निवासियों का आरोप है कि शराब की दुकान खुलने से लड़ाई झगड़े और चोरी की घटनाएं बढ़ेंगी। वहीं, शाम के समय निवासी अपने बच्चों के साथ मार्केट में खरीदारी और खाने पीने के लिए जाते हैं। ऐसे में शराब की दुकान को देखकर उन पर भी गलत असर पड़ेगा, जिसके खुलने से निवासी अपने को असुरक्षित महसूस करेंगे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा,
जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email :
parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# वक्फ बिल संसोधन को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क, पुलिस ने क्षेत्र में किया पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद जुमे की नमाज को लेकर क्षेत्र में सुबह से ही सुरक्षा बढ़ा दी गई। अलग अलग स्थानों पर ड्रोन की मदद से निगरानी की गई। सीओ वरूण मिश्रा, गढ़ कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार, सिंभावली थाना अध्यक्ष सुमित तोमर ने कहा है शुक्रवार का दिन पूरी शांति और व्यवस्था से गुजरे इसके लिए प्रशासन ने पूरे इंतजाम किए गए। उन्होंने कहा कि हमने ईद पर सुरक्षा के लिए जो इंतजाम किए थे और जनता से संपर्क किया था ठीक उसी फार्मेट पर आगे भी काम किया गया। कहीं पर कोई तनाव की स्थिति नहीं मिली। लोगों के साथ सामंजस्य बनाकर हम सभी कार्यक्रमों को सम्पन्न कराया गया।।संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और कई जगहों की ड्रोन से निगरानी की गई। उन्होंने ने कहा कि सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।



# ऑटिज्म के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सरस्वती इंस्टीट्यूट ने मनाया विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान की उपाध्यक्ष राम्या रामाचंद्रन द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्य डॉ. बरखा गुप्ता तथा जिला टीबी अधिकारी डा. राजेश उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों, अभिभावकों एवं आम जनता को ऑटिज्म के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में ड. योगेश गोयल, डा. जेके गोयल, ड. सहगल, डा. भावना, ड. हीरू, डा. रिम्मी, डा. आफिया, डा. रसबिहारी सहित संस्थान के पोस्टग्रेजुएट छात्र एवं अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने ऑटिज्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों साझा की और इस बात पर जोर दिया कि ऑटिज्म से ग्रसित बच्चे दुनिया को अलग नजरिए से देखते है। इसका शीघ्र निदान और सही समय पर हस्तक्षेप करना अत्यंत आवश्यक है. जिससे बच्चों का जीवन बेहतर बनाया जा सके। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश भाटिया ने सभी आगंतुकों और प्रतिभागियों का धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मोबाइल टावर लगाने के नाम पर ठगे लाखों रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ थाना के गांव आलमनगर के एक युवक ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत थाने में दर्ज की प्रार्थी ने बताया कि उसे रिलायंस जियो टावर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा, जिसकी वजह से उसने कुल 2,67,000/- रुपये खो दिए। 8 अगस्त 2024 को एक मोबाइल नंबर से फोन आया,

जिसमें उसे बताया गया कि उसके पास जमीन है। फोन करने वाले ने पूछा कि क्या वह रिलायंस जियो टावर लगवाने के इच्छुक है। इसके बाद उसे विभिन्न नंबरों से लगातार संपर्क करने लगे और आवश्यक जानकारियाँ भरने के लिए कहा गया।प्रार्थी ने बताया कि फोन काल के बाद, उसे ई-मेल के माध्यम से एक अप्रूवल लेटर भेजा गया, जिसमें जियो टावर लगाने के लिए 11,700/- रुपये की मांग की गई। इस राशि का भुगतान प्रार्थी ने ऑनलाइन के माध्यम से किया। 16 अगस्त 2024 को फिर से फोन आया, जिसमें जीएसटी नंबर बनवाने के लिए 40,130/- रुपये मांगे गए, जिसे भी प्रार्थी ने तुरंत भिजवा दिया।

इसके बाद एक कंपनी के कर्मचारी ने प्रार्थी को बताया कि उसके नाम 25 लाख रुपये का स्वीकृति पत्र जारी किया गया है,

लेकिन एचडीएफसी बैंक की शर्तों के अनुसार उसे 1,50,000/- रुपये देने होंगे। प्रार्थी ने एक बार फिर धोखे में आकर यह राशि भी ऑनलाइन के माध्यम से भेज दी। धोखाधड़ी यहीं नहीं रुकी। कंपनी के प्रतिनिधि ने प्रार्थी को बाद में दोबारा कॉल कर कहा कि अगर उसे पहले की जमा राशि वापस चाहिए तो उसे 2,50,000/- रुपये और जमा करने होंगे। प्रार्थी ने अपनी पूरी जमा की गई राशि लौटाने की उम्मीद में सभी शर्ते मानी गई,

कोई भी धनराशि वापस नहीं मिली और सभी संपर्क नंबर भी बंद हो गए। कोतवाल महेंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है,पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए

सतर्क रहें और अनजान लोगों पर विश्वास करने से बचें।

## युवक पर हमला कर आरोपी हुए फरार

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिम्भावली थाना क्षेत्र में एक युवक पर बाईक सवार व्यक्तियों ने हमला किया है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना 3 अप्रैल को हुई, जब प्रार्थी शमी पुत्र श्री अफसार, अपने ट्रैक्टर से भूसा लेकर डिबाई से गढ़ की ओर जा रहा था।रास्ते में नवादा पुल के पास, कुछ बाइक सवारों ने छोटे रास्ते को लेकर साइड न देने पर प्रार्थी और उसके साथियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में शमी के साथ उसके साथी शाहरूख और रिजवान भी घायल हुए हैं। प्रार्थी ने बताया कि उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। हमले के समय घटनास्थल पर कई राहगीर इकट्ठा हो गए, जिससे हमलावर घबरा गए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। हमलावरों की पहचान मोनू बिसला, वरुण निमेश, निक्की सभी निवासी ग्राम नवादा, सिम्भावली और अरमान निवासी ग्राम सिम्मावली के रूप में हुई है। सिम्भावली थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर का कहना है,की मारपीट के मामले में तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ,जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की एक टीम गश्त पर निकली थी। पुलिस ने बताया कि उ0नि0 धनवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने लुहारी चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक खुद को देखते ही हड़बड़ा गया और भागने की कोशिश की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान संदीप कुमार निवासी अठसैनी के रूप में हुई। उसकी जामा तलाशी के दौरान केवल 120 रुपये बरामद हुए। जब पुलिस ने उसकी हीरो स्पेलैंडर मोटरसाइकिल की चौकिंग की, तो पता चला कि यह मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के थी। पुलिस ने रुचि दिखाई और मोटरसाइकिल के बारे में अधिक जानकारी हासिल की। जाँच के दौरान पता चला कि यह मोटरसाइकिल 17 मार्च 2021 को दिल्ली के हर्ष विहार थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। मोटरसाइकिल के मालिक नरेश चंद्र ने भी पुष्टि की कि उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी।

पुलिस पूछताछ में संदीप कुमार ने स्वीकार किया कि उसने यह मोटरसाइकिल चोरी की थी और वह अपने काम से लुहारी की ओर जा रहा था जब पुलिस ने उसे पकड़ लिया। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## ऑनलाइन फ्रॉड करके युवक से ठगे लाखों रुपए

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर थाने में एक युवक ने ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि कुमार ने आरोप लगाया है कि उसे वाट्सएप पर एक संदेश के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया, पीड़ित से ऑनलाइन कुल 1,05,000/- रुपये ठग लिये रवि कुमार, जो ग्राम नया गांव, इनायतपुर का निवासी है, ने बताया कि उसे 25 मार्च को एक संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उसे धन देने का लालच दिया गया। बातचीत में प्रार्थी को होटल के रिव्यू देने और कुछ अन्य कार्य करने के लिए कहा गया। इस दौरान उसने विभिन्न यूपीआई आईडी पर पैसे ट्रांसफर किए, जिसमें सुरज राम, गौरव, कमल हुसैन, सारुक खान, अजय चौधरी जैसे नाम शामिल थे। उसने विभिन्न तारीखों में कुल 1,05,000/- रुपये की राशि ट्रांसफर की। लेकिन जब उसने और अधिक पैसे भेजने से इनकार किया, तो उसके पैसे लौटाने के बजाय उसे वाट्सएप पर ब्लॉक कर दिया गया। इस घटना ने प्रार्थी को मानसिक और आर्थिक रूप से बहुत परेशान किया है। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि उसकी शिकायत दर्ज की जाए और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया है। कोतवाल नीरज कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी ,और जनता से अपील की गई है कि वे इस तरह के ऑनलाइन लेन-देन में सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा ना करें।

## चोरी करते हुए युवक को लोगों ने पड़कर धुना

**ब्रजघाट/गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा नगरी स्थित एक आश्रम में चोरी की नीयत से घूसे चोर को आश्रम में रहने वाले लोगों ने पकड़ लिया। पकड़ने के दौरान आरोपी घायल हो गया। आरोपी को पुलिस ने को सौंप दिया गया है।

गंगा नगरी स्थित सरस्वती पीठ परमानंद धाम लक्ष्मी नारायण मंदिर आश्रम में रहने वाले संदीप द्धिवेदी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को आश्रम में रहने वाले सभी लोग सोए हुए थे। देर रात को आश्रम में कुछ आहट हुई तो वह जाग गए। पीड़ित ने बताया कि जाग होने पर देखा कि एक चोर चोरी की नियत से घुसा हुआ था। आरोपी को आश्रम के लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया तो वह दीवार पर चढ़ने के दौरान गिरकर घायल हो गया। आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया वह पलवाड़ा निवासी संजीत है। आरोपी के घ्खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बस में तोड़फोड़ और हत्या का प्रयास करने वाले लोगों पर हुई रिपोर्ट दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली से हरदोई जा रही डग्गामार बस में कार सवार हमलावरों ने हमला कर दिया। इस दौरान बस चालक ने विरोध किया तो आरोपियों ने गोली चला दी। गोली से चालक बाल बाल बच गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मेरठ के गांव ललियाना निवासी सलीम ने बताया कि बुधवार की रात को उसकी बस का चालक आरिफ हेल्पर शाह आलम, करणवीर सिंह के साथ बस में सवारी लेकर हरदोई के लिए जा रहा थे।

जैसे ही बस गढ़ के गांव अठसैनी के निकट पहुंची तो कार सवार होकर आए फुरकान, अदनान, शहजर निवासी अठसैनी समेत चार लोगों ने बस को ओवर टेक कर बस को रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने बस में तोडफोड़ शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर आरोपियों ने स्टाफ के साथ पिटाई शुरू कर दी। चालक आरिफ ने उनका विरोध किया तो एक आरोपी ने तंमचे से चालक की जान लेने के उद्देश्य से गोली चला दी। गोली कान को छूते हुए निकल गई।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि तहरीर पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संस्कार ग्रुप ने सम्मानित किए स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** संस्कार एजुकेशनल ग्रुप ने विभिन्न विषयों इंजीनियरिंग, फार्मेसी, प्रबंधन और वास्तुकला में 2024 स्नातक और स्नातकोत्तर बैच के लिए अपना वार्षिक दीक्षांत समारोह बड़े गर्व के साथ मनाया। यह समारोह एक युग के अंत और एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है, जो अपने पूर्व छात्रों को विदाई देते हुए गर्व और दुख का एक कड़वा-मीठा मिश्रण पैदा करता है। संस्थान के परिसर में आयोजित समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान किया गया। समारोह के दौरान डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्व. विद्यालय, लखनऊ द्वारा प्रदान की गई बी.टेक, बी.फार्मा, एम.फार्मा, एमबीए और बी.आर्क की कुल 230 डिग्रियां प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के विश्वविद्यालय और कॉलेज रैंक धारकों को डिग्री और पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि माननीय कुलपति एकेटीयू प्रो. (डॉ.) जय प्रकाश पांडेय, विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) संदीप सिंघल, प्रोफेसर एनआईटी, कुरुक्षेत्र, एसईजी-चेयरमैन मनीषा गुप्ता, एसईजी-महासचिव अमित गुप्ता, एसईजी-सचिव लव अग्रवाल, एसईजी-कोषाध्यक्ष कुश अग्रवाल, निदेशक-इंजीनियरिंग प्रो. (डॉ.) धर्मेंद्र सिंह, निदेशक-फार्मेसी प्रो. (डॉ.) बबीता कुमार, निदेशक-वास्तुकला प्रो. (डॉ.) राकेश एलावादी, विभागाध्यक्षों और सभी संकाय सदस्यों ने सभी स्नातकों और स्नातकोत्तरों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए बधाई दी और दीक्षांत समारोह के दौरान अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दीक्षांत समारोह ने छात्रों के दिलों में पुरानी यादें ताजा कर दीं क्योंकि उन्होंने देर रात तक पढ़ाई, परिसर में बिताए रोमांचक पल और आजीवन दोस्ती को याद किया।




## भारतीय किसान यूनियन बाबा ने टोल फ्री को लेकर किया प्रदर्शन

**पिलखुवा।** शुक्रवार को छिजारसी टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन बाबा के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने टोल फ्री पास को लेकर पांच सूत्रीय मांगें रखीं। भारतीय किसान यूनियन बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन सैफी ने बताया कि पहले संगठन की गाड़ियां मैसेज के जरिए टोल प्लाजा से निकलती थीं। लेकिन अब कार्यकर्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मांगों में शामिल है कि रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक मैसेज की जरूरत नहीं होगी। टोल पर नंबर संगठन की जरूरत के हिसाब से लगाए जाएंगे। जिला अध्यक्ष से ऊपर के पदाधिकारियों की गाड़ियां आईडी कार्ड से निकलेंगी। 15 किलोमीटर के दायरे के कार्यकर्ताओं को भी आईडी कार्ड से छूट मिलेगी। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर किसी कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी हुई तो वे प्रदर्शन करेंगे। हंगामे की सूचना पर सीओ अनीता चौहान और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले को शांत कराया। इस मौके पर इमरान वाहिद, नितिन जाटव, तरुण गोयल, अमीचंद, मनोज शर्मा और आर्यन त्यागी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**हापुड़/बाबूगढ़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव उपेड़ा में 26 वर्षीय युवक के द्वारा पंखे से लटक कर फांसी लगाकर जीवन नीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है।

बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव उपैडा में 04-04-2025 को समय करीब 06:00 बजे शाम को 26 वर्षीय युवक

रवि जाटव पुत्र धर्म सिंह जाटव (अविवाहित) के द्वारा अपने घर की छत के पंखे से लटक कर आत्माहत्या करने से परिवार में को. हराम मच गया

वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का

मौका मुआयना करते हुए सभी पहलुओं से जांच कर विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क पर पड़ी बजरी के कारण हुआ एक्सीडेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के डूहरी पैट्रोल पंप के समीप एक स्कूटी सवार तेज गति के कारण सड़क पर पड़ी बजरी का शिकार होकर गभीर रुप से घायल हो गया।मौके पर पहुंची डायल 112 के अनुसार मोहल्ला आवास विकास कालोनी निवासी अभिनव गुप्ता पिलखुवा टेक्सटाइल सिटी स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करते है। शुक्रवार की सुबह वह अपने घर से बाइक पर डयूटी जा रहा था। जब वह डूहरी पैट्रोल पंप के समीप पहुंचा तो सउघ्क पर पड़ी बजरी पर स्कूटी फिसल गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के होते ही मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गये और तुरंत ही किसी ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की सूचना घायल के परिजनों को दी। सीओ अनिता चौहान ने बताया कि पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करा घअना की जानकारी परिजनों को दे दी है।



# वक्फ बिल के बाद मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चप्पे चप्पे पर रही पुलिस की नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शुक्रवार को वक्फ बिल संशोधन को लेकर पुलिस ने मस्जिदों के बाहर पुख्ता इंतजाम नजर आया। लोक सभा और राज्य सभा में वक्फ संशोधन बिल पारित होने के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा पुलिस ने सभी मस्जिदों के बाहर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। एसडीएम अंकित वर्मा, सीओ अनीता चौहान और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त किया। सीओ अनीता चौहान ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस ने गांधी बाजार से शुरू होकर मोहल्ला गढ़ी, सद्दीकपुरा और घास मंडी समेत मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी या पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगा।



# सड़कों पर दौड़ रहे अवैध ऑटो और ई-रिक्शा के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बाद 1 अप्रैल 2025 से अवैध और अधिकृत रूप से संचालित हो रहे ई रिक्शा और ऑटो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलें में उप संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से ऑटो और ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ने वाली 52 ई-रिक्शा और ऑटो के चालान किए। जबकि 18 वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि ऑटो व ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाने के शासन से निर्देश प्राप्त हुए है। इसी के मद्देनजर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलें के विभिन्न चौराहो पर यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इसमें बिना नंबर प्लेट, बिना परमिट, बिना फिटनेस और विभाग का टैक्स बकाया जमा किए बिना सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई साथ ही चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

इस दौरान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक छवि राम आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### चैत्र नवरात्रों को लेकर सीडीओ ने मंदिरों की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



**हापुड़।** प्रमुख सचिव, संस्कृति अनुभाग, शासन के द्वारा आगामी चैत्र (वांसतिक) नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के देवी मंदिरों एवं शक्ति पीठों में बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किये गये कानूनों, योजनाओं एवं कायक्रमों का वृहद प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए हैं के क्रम में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के द्वारा चैत्र नवरात्रों के अवसर पर हापुड़ के प्रमुख मंदिर चंडी मंदिर, बालाजी मंदिर एवं राम मंदिर का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अष्टमी एवं रामनवमी के अवसर पर जनपद के राम मंदिरों / हनुमान मंदिरों / देवी मन्दिरों / वाल्मीकि मंदिरों / शक्तिपीठों का चयन करते हुए मंदिरों में रामायण रामचरित मानस में वर्णित सामाजिक मूल्यों व मानवीय गुणों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए भव्यपूर्ण देवी गायन/दुर्गा सप्तशती पाठ/अखण्ड रामायण पाठ के कार्यक्रमों पर किए जा रहे आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों के प्रमुखों से वार्ता की इसी के साथ उन्होंने बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा लागू किए गए कानून एवं योजनाओं कार्यक्रमों का बेहतर प्रचार-प्रसार किए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

### सड़क हादसे में बस ने ट्रक को मारी टक्कर, आठ लोग घायल



**गढ़मुक्तेश्वर।** स्याना मार्ग पर हाईवे फ्लाईओवर के नीचे एक सड़क हादसे में आठ से अधिक लोग घायल हो गए हैं। हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली की तरफ से आ रही एक प्राइवेट बस ने फ्लाईओवर के नीचे मुड़ते समय मुरादाबाद की तरफ से आ रहे ट्रक को साइड से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बस में सवार राहुल और प्रेमपाल निवासी मोहननगर, रामपुर, अमरजीत कुमार थाना मोतीपुर, बहराइच सहित कई अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों में उषा बीबी नगर, अनीता देवी नवीन असम और अमरजीत लालपुर, बहराइच गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ अस्पताल भेजा गया है, सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्तियों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाने का काम भी किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों के परिवारों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है।

### शाह टाइम्स की खबर का असर: हथियार लहराकर फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कोथला बांगर स्थितै ज्ञै गंगा फार्म पर एक युवक द्वारा बंदूक से हवाई फायरिंग करने का मामला सामने आया है। आरोपी, नवीन कुमार 32 वर्ष पुत्र हेमचंद, फार्म का मैनेजर है और निवास स्थान सेकंड वैशाली, गाजियाबाद बताया जा रहा है।नवीन ने अपनी इस हरकत की एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित की, जो तत्काल ही वायरल हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया और उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।पुलिस ने बताया कि ऐसे मामलों में सख्त कानून है और इस प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फायरिंग से इलाके में भय और अशांति फैल सकती है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा प्रभावित होती है।

### छात्र के साथ की मारपीट ,घायल

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिम्भावली के डिग्री कॉलेज कैंपस में एक छात्र ने अपने सहपाठियों द्वारा मारपीट के दौरान जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाया है। मनीष कुमार, जो ग्राम कनिया कल्याणपुर का निवासी है, ने थाना प्रभारी को एक पत्र लिखकर घटना के बारे में बताया, मनीष ने बताया कि वह कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था,

तभी उसके साथी विशाल की एक पेन गिर गई। इस घटना के बाद, राजीव नामक छात्र ने मनीष और विशाल को गालियाँ दीं। जब प्रार्थी ने गालियाँ देने से मना किया, तो राजीव ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए प्रार्थी को धमकी दी।कॉलेज की छुट्टी के बाद, जब मनीष और विशाल कॉलेज से बाहर आए, तो राजीव अपने कुछ साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर गेट के पास खड़ा था।

राजीव और उसके साथियों ने मनीष पर जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिसमें प्रार्थी को लाठी-डंडों और लात-घूसों से पीटा गया।इस हमले में मनीष को गंभीर चोट आई है।

# वक्फ बिल: शहर की मस्जिदों पर रहा पुलिस का पहरा

## जुमे की नमाज पर पुलिस रही अलर्ट, डीएम व एसएसपी ने देखी व्यवस्था



जुमे की नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग, वहीं मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस को निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह और एसएसपी विपिन ताडा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दो दिन पूर्व ही संसद में वक्फ बिल पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में भी विपक्ष की 17 घंटे चली बहस के बाद बिल पास हो गया इसी को लेकर मेरठ प्रशासन शुक्रवार को अलर्ट मोड पर दिखा सुबह से ही मस्जिदों के आसपास एलआईयू व इंटेलिजेंस को लगाया गया था। संवेदनशील क्षेत्रों में गुरुवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया था।

हापुड़ रोड स्थित इमलीयान मस्जिद, छीपी टैंक स्थित मस्जिद कोतवाली की जामा मस्जिद पर भारी तादाद में पुलिस मौजूद थी। जुम्मे की नमाज के बाद लोगों को सड़क पर खड़े होने नहीं दिया और पुलिस अधिकारियों ने उन्हें घर जाने को कहा। वही देश के कुछ शहरों में जुम्मे की नमाज के बाद मुस्लिमों ने प्रोटेस्ट किया है। जुम्मे की नमाज में अधिकतर मस्जिदों में मौलानाओं ने देश में अमन चैन की दुआएं कराई। गुरुवार देर रात सभी थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों से बैठक भी की थी जिसमें शांतिपूर्ण ढंग से जुम्मे की नमाज अता करने को कहा गया था जुम्मे की नमाज खत्म होने के बाद पुलिस प्रशासन ने चैन की सांस ली। नमाज के बाद मुस्लिम अपने घरों को चले गये।

## कल सैफी समाज करेगा ईद मिलन समारोह कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छह अप्रैल दिन रविवार को सैफी समाज ओर सर्व समाज का आपसी भाईचारा मजबूत करने के लिए हापुड़ रोड नूरजहां पैलेस में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें सामाजिक सद्भावना पर विचार विमर्श किया जाएगा। छह अप्रैल को सैफी समाज के लोग बड़े हर्ष के साथ मनाते हैं इस दिन सैफी समाज की स्थापना हुई थी। तब से सभी समाज के लोग हर छह अप्रैल को कोई न कोई कार्यक्रम करते हैं इस बार ईद मिलन का एक कार्यक्रम रखा गया है इसके साथ साथ सभी समाजों के जिम्मेदारों को बुलाकर सद्भावना दिवस के रूप में भी मना रहे हैं इसके अंतर्गत समाज के जिम्मेदार हिस्सा लेंगे। समाज में फैली हुई कुरुतिया शिक्षा पर बल नौजवानों को अपराध से बचाना आदि पर विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मंजूर सैफी ने बताया कार्यक्रम मैं सभी समाज के लोग भाग लेंगे कार्यक्रम 10 से एक तक चलेगा।

## 25 हजार का इनामी गोकश गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने 25000 के इनामी गौकशी के आरा. पी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि 4 नवंबर को आरोपियों द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सौंदत में गो. कशी की गई थी जिसमें 70 किलो गोमांस पुलिस ने बरामद किया था।

इस संबंध में सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जांच करते हुए कार्यवाही के दौरान इस्लामुद्दीन ग्राम जेई थाना भावनपुर व मोनू निवासी कायस्थ बड्ढा थाना किठौर को पकड़कर जेल भेज दिया गया था वहीं तीसरे फरार आरोपी आसिफ पुत्र अफजाल निवासी कायस्थ बड्ढा थाना किठौर फरार चल रहा था जिस पर एसएसपी द्वारा 6 फरवरी को 25000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था जो हिंडन बिहार कॉलोनी अर्थला थाना साहिबाबाद मैं किराए के मकान पर रह रहा था देर रात थाना पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए दबिश दी तो वह मकान की छत से कूद गया जिसमें उसके दोनों हाथ फैक्चर हो गए थाना पुलिस ने मेडिकल के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## लोनी विधायक के पक्ष में उतरा गुर्जर समाज

### कलश यात्रा में पुलिस ने की थी अभद्रता, 13 को पीएम आवास कूच करेगा समाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय गुर्जर महासभा (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 20 मार्च 2025 को लोनी में निकाली गई धार्मिक कलश यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और रामचरितमानस के अपमान की कड़ी निंदा की गई। विशेष रूप से, विधायक नंदकिशोर गुर्जर एवं महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार को अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। गुर्जर समाज और राष्ट्रीय गुर्जर महासभा ने इस घटना को धार्मिक भावनाओं पर प्रहार बताते हुए न्याय की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक समाज द्वारा शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध जारी रहेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 13 अप्रैल को मेरठ से गुर्जर समाज एकजुटता के साथ प्रधानमंत्री आवास दिल्ली के लिए कूच करेगा।

## नगर निगम को विज्ञापन के नाम पर ठेकेदार लगा रहे हैं करोड़ों का चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर में 8 से 10 करोड़ का अवैध विज्ञापन के नाम पर नगर निगम को ठेकेदार व निगम के अधिकारी चुना लगा रहे हैं। यह शब्द राष्ट्रीय लोकदल मेरठ महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देते हुए कहा उन्होंने कहा कि शहर में 20 हजार वर्गमीटर का 5.5 करोड़ रूपये के टेंडर है जबकि मिलीभगत से 60 हजार वर्गमीटर पर ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार दुकानों पर लगे बोर्ड से भी अवैध वसूली कर रहे हैं। शहर से बोर्ड उतारकर ठेकेदार लाखों का माल साफ कर रहे हैं। जिसका कोई रिकॉर्ड नहीं है। पूरे शहर के खंबो पर लगे होडिंग का पैसा नगर निगम नहीं ठेकेदारों की जेब में पहुंच रहा है। उन्होंने इस मामले में जांच कराने की मांग की है। इस दौरान हेमंत कुमार, शंकी राणा, भगत सिंह, आशु चौधरी आदि मौजूद रहे।

## कैंट विधायक और महानगर अध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को कैंट विधानसभा द्वारा अतिथि बैंक्वेट हॉल, रजबन मेरठ छावनी में विवेक रस्तोगी को भाजपा का महानगर अध्यक्ष बनाये जाने पर शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करने हेतु आयोजित अभिनंदन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. सतीश शर्मा ने की सभी मंडल अध्यक्षों ने बड़ी माला से महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी और कैंट विधायक अमित अग्रवाल का स्वागत किया स्वागत समारोह में पूर्व महानगर अध्यक्षगण एव भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, विधायकगण पूर्व पार्षद गण, महानगर, मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने महानगर अध्यक्ष को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि पार्टी में एक लम्बे समय तक कार्य करते हुए जो स्थान विवेक रस्तोगी ने बनाया है वह अनुकरणीय है। कहा कि यह भारतीय जानत पार्टी ही है जिसमें छोटे से छोटे कार्यकर्ता को ही महानगर, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक का अध्यक्ष बनने का अवसर मिलता है। यह पार्टी किसी एक परिवार की बपोती नहीं है यहां छोटे से छोटे कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बनने का स्वप्न देख सकता है और सफलता प्राप्त कर सकते है ऐसे अपने विवेक रस्तोगी बूथ, वार्ड, मंडल से निकल. कर अनेक वर्ष तक महानगर में पदाधिकारी रहे और आज महानगर के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए है उन्होंने मेरठ में एक सच्चे कर्मठ कार्यकर्ता का चयन किया है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष करुणेश नंदन ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष बिजेंद्र अग्रवाल, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संजीव सिक्का, चरण सिंह लिसाड़ी, अजय गुप्ता, प्रमात्मा कंसल, जयकरण गुप्ता, छावनी मंडल अध्यक्ष गौरव हुरिया, पटेल नगर मंडल अध्यक्ष अनुराग विश्नोई, गंगानगर मंडल अध्यक्ष विजय सोनकर, सुनील वाधवा, बीना वाधवा, डॉली गुप्ता, मणिका शर्मा, सोनल शर्मा, आशा चौधरी, सुनीता प्रजापति सहित देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।





## जिलाधिकारी ने सर्किल रेट निर्धारण को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सर्किल रेट निर्धारण के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने पूर्व में विभिन्न गांव के सर्किल रेट से संबंधित सूची उपलब्ध कराने तथा नये प्रस्ताव पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सर्किल रेट में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को सर्किल रेट निर्धारण हेतु सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह, सचिव मेरठ विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सूची एक बार चेक करनी है जिससे विभिन्न गांव का सर्किल रेट ठीक प्रकार से भली भांति ज्ञात हो जाए।

## द पोएटिक कैनवस नामक स्वरचित कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के कला एवं संस्कृति क्लब द्वारा द पोएटिक कैनवस नामक स्व रचित कविता पाठ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी मौलिक कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाओं और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का एक मंच प्रदान करना था।

विभाग में बनाए गए ऐसे क्लबो का संचालन छात्र-छात्राएं ही करते हैं, इससे उनको कार्यक्रम आयोजित करने का हुनर भी मिलता हैं। इस क्लब के छात्र संयोजक प्रियांशी भाटिया और मनीषा झा ने प्रमुख भूमिका निभाई। बीएजेएमसी के सभी छात्रों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

माखनलाल चतुर्वेदी बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने क्रमबद्ध रूप से अपनी अपनी मौलिक रचनाओं का पाठ किया, जिनमें आत्ममंथन, सामाजिक सरोकार, प्रकृति, प्रेम, पहचान और भावना जैसे विविध विषयों को गहराई से प्रस्तुत किया गया। प्रमुख प्रस्तुतियों में तृतीय वर्ष की छात्रा पलक टंडन की मैं कुछ खास नहीं और द्वितीय वर्ष की वर्षा राज की मैं हूँ थोड़ी अजीब सी ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। वहीं द्वितीय वर्ष के नितेश कुमार तिवारी की कविता चैत्र में प्रकृति की पुकार को उनके सशक्त और प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के लिए विशेष सराहना प्राप्त हुई। अन्य उल्लेखनीय प्रस्तुतियों में सुमन कुमार, मेघा वर्मा, अर्पित उपाध्याय, शौर्य खन्ना, गरिमा पांडेय, हर्षुल शर्मा, भूमि कुमारी, मोनू कुमार, प्रज्ज्वल पांडेय एवं विशेष शर्मा शामिल रहे, जिन्होंने अपनी अनूठी भावनाओं से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. एस.सी. थलेड़ी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक मंच न केवल साहित्यिक प्रतिभा को उजागर करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं।

## ठेके पर ली खेती की जमीन अब आरोपी रुपये देने से कर रहा है इंकार

■ पीड़ित ने तहरीर देकर लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इंचौली/लावड़।** शुक्रवार को एक गरीब किसान ने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए बताया कि उसने इंचौली थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित खेती की जमीन को लावड़ निवासी तीन युवकों को ठेके पर दी थी, लेकिन अब ठेके के रुपए मांगने पर तीनों युवक उसके साथ गाली गलौज करते है और पैसे देने से इनकार करते है। पीड़ित किसान वासत अली पुत्र स्व नियामत अली ने बताया कि उसने इंचौली थाना क्षेत्र के फिटकरी गांव में 14 बीघा जमीन लीज पर ले रखी है उसने लावड़ निवासी इंतेजार, रईशु व छोटा अंसारी को इस जमीन को ठेके पर 60 हजार रुपए में दी थी। वासत ने बताया कि तीनों युवकों ने केवल सात हजार रुपए ही उसे दिए थे अब ठेके का टाईम पूरा होने के बाद भी तीनों युवक किसान ने 57 हजार रुपए नहीं दे रहे हैं और रुपए मांगने पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो जाते हैं पीड़ित ने चौकी में तहरीर देते हुए मदद की गुहार लगाई है। किसान ने बताया उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और उक्त युवक उससे अभद्र व्यवहार करते हैं।

## शाहजेब रिजवी ने दिया रालोद से इस्तीफा

■ केंद्र सरकार का साथ देकर अल्पसंख्यकों के साथ किया है धोखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** वक्फ बिल पर केन्द्र सरकार का साथ देने से आहत प्रदेश महासचिव शाहजेब रिजवी ने अपने पद व पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि वक्फ बिल पर रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी ने केन्द्र सरकार का साथ देकर अल्पसंख्यकों के साथ धोखा किया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद सभी जातियों व धर्मो को एकजुट कर साथ लेकर चल रही थी, परन्तु भाजपा सरकार के साथ गठबंधन करके रालोद भी तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। शाहजेब रिजवी का कहना है कि



वक्फ बिल पर सरकार का समर्थन करके रालोद की नियत भी उजागर हो गई है। मुस्लिम समाज अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनावों में जनता सबक सिखाएगी।

## कमिश्नरी चौराहे पर खड़े वाहनों के ट्रैफिक पुलिस ने काटे चालान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को कमिश्नरी चौराहे पर खड़ी कारों के ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटे कुछ कारों को क्रेन से पुलिस लाइन पहुंचाया गया इस बीच मीडिया पॉइंट की बराबर में खड़ी एक कार को पुलिस ने लाइन पहुंचा दिया। वह कार अधिवक्ता की थी अधिवक्ता को जब इसकी जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों से उलझने लगे सिपाहियों ने उन्हें पुलिस लाइन से गाड़ी लाने को कहा तो उन्होंने कहा कि उनकी गाड़ी पुलिस लाइन गई कैसे। पुलिस कर्मियों ने कहा कि उनके पास आद. ेश है कि वह कोई भी गाड़ी कमिश्नरी चौराहे पर खड़ी करता है तो उनका चालान किया जाए। अधिवक्ता ने कहा कि वह हमेशा से ही यही गाड़ी खड़ी करते हैं। इसके लिए वह मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से भी वार्ता करेंगे। पार्किंग नही है तो कार तो यही खड़ी होगी। इस बीच पुलिस ने मेरठ कॉलेज के गेट पर खड़े चाट पकौड़ी के ठेलों को भी हटवाते हुए उन्हे भविष्य में ठेला कच्ची सड़क पर खड़ा करने की हिदायत दी है।

## वक्फ बिल को लेकर अलर्ट मोड पर रही मवाना पुलिस

### इंस्पेक्टर मवाना ने की पूरे दिन नगर में पैदल गश्त, पुलिस ने अवैध चाकू और शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** लोकसभा में वक्फ बिल पास होने के बाद शुक्रवार को मवाना पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोर्ड पर रही। इंस्पेक्टर मवाना ने मय फोर्स नगर में पैदल गश्त की और जुमे की नमाज पर सभी मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती रही। उधर, अवैध चाकू और शराब के साथ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की।

वक्फ को लेकर शासन के आद. ेश पर पुलिस ने खासी सतर्कता बरती। इसकी क्रम में इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव ने जुमे की नमाज पर पुलिस की अलग-अलग टीमों को नगर की बड़ी मस्जिद, मस्जिद कुरैशियान सहित सभी मस्जिदों पर तैनात कर दिया। इंस्पेक्टर मय फोर्स स्वयं पैदल गश्त कर नगर में भ्रमण करते रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि शासनादेशों के अनुपालन कराने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है और लॉ एंड ऑर्डर कायम रखने के लिए वह पूरी तरह तैयार हैं। उधर, पुलिस ने दो युवकों को अलग-अलग स्थानों से अवैध चाकू और अवैध शराब के पव्वों के साथ गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि रहीश पुत्र सलीम निवासी पक्का तालाब के पास से चाकू और मोहम्मद आसिफ पुत्र सईमुद्दीन निवासी अशोक की लाट मोहल्ला तिहाई को 20 पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पोक्सो एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहे अब्दुल्ला पुत्र महबूब निवासी वलीपुरा होली चौक मवाना को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।





पुलिस गिरफ्त में पोक्सो एक्ट के मुकदमें का आरोपी।



मस्जिद कुरैशियान पर तैनात पुलिस।



# रोमांचक होगी अय्यर-संजू की जंग

● दोनों खिलाड़ियों ने अपने हिस्से की असफलताओं को सहन किया है, लेकिन फिर से सुर्खियो में है



**चंडीगढ़, वार्ता।** आईपीएल 2025 सीजन में पहले से ही रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं, लेकिन शनिवार को महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच होने वाला मुकाबला ज्यादा दिलचस्प होने के आसार है।

इस मुकाबले के केंद्र में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर और राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन होंगे। दोनों खिलाड़ियों ने अपने हिस्से की असफलताओं को सहन किया है, लेकिन फिर से सुर्खियों में हैं और अपनी टीमों को आईपीएल का खिताब दिलाने के लिए दृढ़ हैं। अय्यर ने दो नाबाद अर्धशतक (97' और 52') के साथ मैदान पर धमाल मचा दिया है, जिससे पीबीकेएस ने दो मैचों में दो जीत के साथ शानदार शुरुआत की है। दूसरी ओर, सैमसन तीन मैचों में 108 रन बनाकर राजस्थान के स्टैंडआउट परफॉर्मर रहे हैं, लेकिन उनकी टीम निरंतरता के लिए संघर्ष कर रही है। इस मुकाबले में रोमांच जोड़ते हुए सैमसन ने पिछले मुकाबलों में पीबीकेएस के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर दबदबा बनाया है। दोनों कप्तान भारत की टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए जोर लगा रहे हैं, ऐसे में यह मुकाबला सिर्फ आईपीएल अंक से कहीं ज्यादा है, यह बड़े मंच पर दावा करने के बारे में है। पंजाब शानदार फॉर्म में है, उसने लगातार दो जीत के साथ टूर्नामेंट में धमाल मचा दिया है। उन्होंने गुजरात टाइटन्स पर 11 रन की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, 243/5 का स्कोर बनाया। इससे पहले प्रभसिमरन सिंह और अय्यर के दमदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हराया। इसके विपरीत, राजस्थान की शुरुआत उथल-पुथल भरी रही। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एक बड़े स्कोर वाले मुकाबले में उन्होंने 242/6 का स्कोर बनाया, लेकिन एसआरएच के रिकॉर्ड तोड़ 286 रन बहुत ज्यादा साबित हुए। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण एक और हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, आरआर ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वापसी की और छह रन से सनसनीखेज जीत दर्ज की। इस मैच में नितीश राणा की 36 गेंदों पर 81 रनों की विस्फोटक पारी निर्णायक साबित हुई। रिकार्ड में देखा जाये तो आरआर ने बढ़त बनाए रखी है, जिसने पीबीकेएस के खिलाफ अपने 28 मुकाबलों में से 16 जीते हैं, जबकि पंजाब ने 11 बार जीत हासिल की है, जिसमें एक मैच टाई रहा है। पीबीकेएस की बल्लेबाजी इकाई दुर्जेय दिखती है, जिसमें अय्यर और प्रभसिमरन सिंह बढ़त बनाए हुए नेहल वढेरा ने पिछले मैच में नाबाद 43 रन की



पारी खेलकर टीम को मजबूती दी है। ऑलराउंडरों में शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस संतुलन प्रदान करते हैं। मैक्सवेल ने अभी तक बल्ले से कमाल नहीं दिखाया है, लेकिन गेंद से उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। स्टोइनिस अभी भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की तलाश में हैं। पीबीकेएस की गेंदबाजी अर्शदीप पर निर्भर करेगी, जिन्होंने पहले ही दो मैचों में पांच विकेट चटकाए हैं। लॉकी फर्ग्यूसन और मार्को जेनसन गति और उछाल लाएंगे, जबकि युजवेंद्र चहल से स्पिन विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। आरआर की उम्मीदें उनके कप्तान सैमसन पर टिकी हैं, जो उनके लिए सबसे लगातार बल्लेबाज रहे हैं। उन्हें एसआरएच के खिलाफ 70 रनों की धमाकेदार पारी खेलने वाले ध्रुव जुरेल और सीएसके के खिलाफ 81 रनों की धमाकेदार पारी खेलने वाले नितीश राणा का साथ मिला है, जिन्होंने राजस्थान के लिए जीत का रास्ता बदल दिया।

# दिल्ली कैपिटल्स को कड़ी चुनौती पेश करने को तैयार सीएसके

■ **सीएसके की बड़ी समस्या टीम के संयोजन और संतुलन को सही करना है**




**चेन्नई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल मुकाबले में जीत के साथ शुरुआत करने के बाद घरेलू मैदान पर सीएसके शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी।

लगातार दो हार के बाद भी सीएसके को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं दिल्ली अपने पिछले दो मैच जीत कर लय हासिल कर चुकी है। पांच बार की विजेता सीएसके के सामने सबसे बड़ी समस्या टीम के संयोजन और संतुलन को सही करना है। शीर्ष क्रम पावर प्ले में विकेट बचाने और अन्य टीमों की तरह तेजी से रन बनाने में विफल रहा है। यह भी चिंता का विषय है कि सीएसके को बीच के ओवरों में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शीर्ष क्रम अभी तक अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाया है। टीम प्रबंधन ने पहले दो मैचों में विफल रहे दीपक हुड्डा की जगह राहुल त्रिपाठी को जगह दी लेकिन वह भी मौके का फायदा उठाने में विफल रहे। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और रचिन रवींद्र को छोड़कर, शीर्ष क्रम सीएसके को परेशान कर रहा है। रुतुराज ने पिछले तीन मैचों में लगातार तीन टॉस जीते थे और पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था। इस बात पर कोई सवाल नहीं है कि उन्होंने पहले मैच में गेंदबाजी करने का फैसला किया क्योंकि यह एक नया संस्करण था, नई लाइन अप और नई विकेट थी और वह यह नहीं समझ पाए कि यह कैसा व्यवहार करेगा। बीच के ओवरों में विकेटों का गिरना चिंता का विषय रहा। अगर मुंबई इंडियंस ने 15 से 20 अतिरिक्त रन बनाए होते, तो घरेलू मैदान पर जीत का पीछा करना और भी मुश्किल हो जाता। हालांकि, जीत की शुरुआत के बाद लगातार दो हार ने टीम की लय को रोक दिया है। टीम घरेलू मैदान पर आरसीबी से बड़े अंतर से हार गई थी, जिससे आरसीबी ने चेन्नई में पहली जीत दर्ज करने का 17 साल पुराना मिथक तोड़ दिया। इसके बाद, राजस्थान रॉयल्स से करीबी अंतर से मिली हार ने टीम प्रबंधन को अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए प्रेरित किया। चेन्नई के लिए जरुरी है कि शीर्ष क्रम को फिर से फॉर्म में आये। इसके अलावा फॉर्म में चल रहे रचिन रवींद्र के साथ डेवोन कॉनवे को शामिल करना अधिक विवेकपूर्ण होगा।

टीम प्रबंधन को अधिक संतुलित मध्यक्रम के मुद्दे पर भी ध्यान देना चाहिए, जो खराब शॉट चयन के कारण विकेट खोने के बजाय बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करेगा, जिसकी वजह से टीम को पिछले दो मुकाबलों में भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। तेज गेंदबाज खलील अहमद पावरप्ले में सफलता दिलाने में माहिर हैं, उन्होंने आईपीएल में अब तक 25 से अधिक विकेट लिए हैं, जबकि जेमी ओवरटन के अपनी जगह बरकरार रखने की संभावना है। स्पिन विभाग अनुभवी ऑफ स्पिनर आर- अश्विन और रवींद्र जडेजा के हाथों में है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद अपनी शानदार विविधताओं के साथ पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने दो मैचों में दो जीत दर्ज की हैं, जिसमें पिछले मैच में एलएसजी के खिलाफ एक विकेट की मामूली जीत और शुरूआती मुकाबले में एसआरएच पर जीत शामिल है। दिल्ली कैपिटल्स के पास केएल राहुल और अनुभवी फाफ डू प्लेसिस के साथ अधिक संतुलित संयोजन है, इसके अलावा करुण नायर और जेक फेजर-मैकगर्क के साथ अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स मध्य क्रम में मजबूती प्रदान कर रहे हैं। कप्तान और स्पिनर अक्षर पटेल की अगुआई में गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। विकेट से पारंपरिक रूप से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है, इसलिए धीमी गति के गेंदबाज अंत में निर्णायक कारक हो सकते हैं।

## भारत और श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर रहेंगी काप

**केपटाउन, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के मद्देनजर दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका में होने वाले आगामी वनडे मैचों के लिए मारिजाने काप को आराम दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने के अंत में श्रीलंका और भारत के खिलाफ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले प्रशिक्षण शिविर के लिए शुक्रवार को 20 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की। छह से 14 अप्रैल के बीच होने वाले एक सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर में तीन अनकैप्ड खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज कराबो मेसो, ऑलराउंडर मियान स्मिट और स्पिनर सेशनी नायडू शामिल होंगे। इस बीच, अनुभवी ऑलराउंडर मारिजाने काप शिविर के साथ-साथ श्रीलंका में होने वाली आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला से भी बाहर रहेंगी। दक्षिण अफ्रीका को लगातार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल (2023 और 2024 महिला टी-20 विश्व कप) तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले काप को अगले दौरों और इस साल के अंत में भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिए आराम दिया गया है। प्रोटियाज महिला टीम के मुख्य कोच मंडला माशिंबी ने प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। सीएसए ने उनके हवाले से कहा कि हम विकेट के बीच दौड़ने, रोटेशनल गेम खेलने पर बहुत ध्यान केंद्रित करेंगे, जिससे जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। माशिम्बी ने कहा कि मैं नए खिलाड़ियों को हमारे वातावरण में देखने के लिए उत्सुक हूं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पुणे में इंडियन बिली जीन किंग कप में भारतीय टीम की प्रायोजक बनेगी 'सुहाना'


**पुणे, वार्ता।** बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 में भाग लेने वाली भारतीय टीम की प्रायोजक देश के प्रमुख मसाला ब्रांड 'सुहाना' होगी। प्रतियोगिता का आयोजन एमएसएलटीए द्वारा एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में घरेलू मैदान पर किया जाएगा। भारत टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार प्ले-ऑफ चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। यह आयोजन भारत में एक दशक, महाराष्ट्र में 25 साल और पुणे में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। सुहाना के अध्यक्ष राज. कुमार ने कहा कि सुहाना तीन दशकों से अधिक समय से प्रवीण ट्रॉफी के माध्यम से जूनियर भारतीय टेनिस का समर्थन कर रहा है। हमें अपने गृह नगर में बीकेजेसी एओ ग्रुप 1 क्वालीफायर से पहले भारतीय महिला टीम के साथ जुड़कर गर्व महसूस हो रहा है।

### चैपमैन पाक के खिलाफ तीसरे वनडे से हुए बाहर

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में मार्क चैपमैन के बिना खेलना होगा। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने में विफल रहे हैं। चैपमैन ने नेपियर में सीरीज के शुरुआती मैच में शतक बनाने के बाद फील्ल्डग करते समय हैमस्ट्रिंग में चोट लगा ली थी और इसके बाद उन्हें हैमिल्टन में पाकिस्तान के साथ दूसरे मैच से बाहर कर दिया गया, जिसमें कीवी टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

# दुनिया के शीर्ष-20 खिलाड़ियों ने ग्रैंड स्लैम से मांगी अधिक पुरस्कार राशि

● राजस्व में खिलाड़ियों को और अधिक हिस्सा मिलने पर चर्चा करने के लिए बैठक का अनुरोध किया



**लंदन, वार्ता।** शीर्ष 20 पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने फोर ग्रैंड स्लैम को एक पत्राभेजकर अधिक पुरस्कार राशि की मांग की है। इस पत्राकी रिपोर्ट सबसे पहले फ्रांसीसी समाचार पत्राएल'इक्विप ने दी थी, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन से होने वाले राजस्व में खिलाड़ियों को अधिक हिस्सा मिलने पर चर्चा करने के लिए बैठक का अनुरोध किया गया था। बीबीसी के अनुसार विश्व की 11वें नंबर की खिलाड़ी एम्मा नवारो ने पत्रामें अपना नाम डालने के लिए 'अनुचित वेतन अनुपात' का हवाला दिया है।

23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने बुधवार को कहा कि मैंने अन्य खिलाड़ियों से इस बारे में थोड़ी बात की और मुझे लगा कि हस्ताक्षर करना एक अच्छा विचार है। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों के रूप में एक साथ आना और यह सुनिश्चित करना एक अच्छा कारण है कि हमारे साथ उचित व्यवहार हो रहा है। पिछले साल विंबलडन में पुरस्कार राशि 50 मिलियन पाउंड थी, जो 2014 में दी गई राशि से ठीक दोगुनी थी।

उस 10 साल की अवधि में, पहले दौर में हारने वालों के लिए पुरस्कार राशि 27,000 पाउंड से बढ़कर 60,000 पाउंड हो गई। ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने कहा कि पुरस्कार राशि में वृद्धि का विशेष रूप से निचले रैंक वाले खिलाड़ियों द्वारा स्वागत किया जाएगा, जिन्हें वर्ष के अन्य समय में गुजारा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। मुझे लगता है कि इससे सभी खिलाड़ियों को फ़ायदा होगा, सिर्फ़ शीर्ष खिलाड़ियों को नहीं, खास तौर पर उन खिलाड़ियों को जो साल भर कड़ी मेहनत करते हैं और ग्रैंड स्लैम से पैसे पाने और अपना अस्तित्व बनाए रखने की जरूरत रखते हैं। उन्होने कहा कि हम जो कर सकते हैं, करने की कोशिश करते हैं और फिर देखते हैं कि भगवान हमारे लिए क्या लाते हैं। लेकिन कम से कम हम कोशिश तो कर रहे हैं।

## आदिवासी क्रिकेट प्रशंसक ने जीता ड्रीम-11 का जैकपॉट

**मिर्जापुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के आदिवासी बहुल अति पिछड़े गांव पंडरिया निवासी एक आदिवासी ने क्रिकेट ड्रीम 11 फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म पर टीम बना कर तीन करोड़ रुपए का जैकपॉट जीता है। अति पिछड़े क्षेत्रामें शिक्षा का सर्वथा अभाव है,वहां के निवासी आदिवासी दयाराम कोल ने ऐसी टीम बनाई कि उसके भाग्य के दरवाजे खुल गए। उसे इनकम टैक्स काट कर दो करोड़ दस लाख रुपए मिल भी गए। जिसे उसने अपनी और अपनी पत्नी के नाम मड़िहान स्थित इंडियन बैंक में 70-70 लाख रुपए का फिक्स डिपॉजिट करा दिया है। शेष पैसे से मकान बनाने एवं गाड़ी खरीदने की योजना है। मुंशी दयाराम कोल को क्रिकेट के प्रति दीवानागी बहुत दिनों से रही है। शायद ही कोई मैच रहा हो जिसे उसने टीवी पर न देखा हो। मैच देखने के लिए भी उसे बड़े जतन करने पड़ते थे। उसे जैकपॉट ड्रीम 11 खेल खेलने का शौक भी था।वह पांच हजार से 75 हजार रुपये पहले भी जीत चुके हैं। इस बार आईपीएल में उत्तर प्रदेश की लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स इलेवन के बीच तीन दिन पहले मंगलवार को हुए मैच में टीम बनाकर तीन करोड़ रुपए जीत लिए। इसके लिए उसने महज 49 रुपये की शर्त लगायी। इसके लिए दयाराम कोल ने अपने बेटे देवेन्द्र के नाम पर आईडी बनाई थी।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग का फाइनल 30 अप्रैल को

**गुरुग्राम, वार्ता।** 18 अप्रैल से गुरुग्राम में शुरू हो रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) ने अपनी आगामी लीग का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जिसकी शुरुआत पुरुष मुकाबलों के साथ की जाएगी। जीआईपीकेएल में दिन का पहला मुकाबला तमिल लॉयन्स और पंजाबी टाइगर्स, दूसरा मुकाबला हरयाणवी शार्क्स और तेलुगु पैंथर्स और तीसरा मुकाबला मराठी वल्चर और भोजपुरी लेपड्र्स के बीच खेला जाना तय है, वहीं महिला मुकाबलों की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी, जहां दिन की पहली भिड़ंत मराठी फाल्कन्स और तेलुगु चीतास के बीच देखने को मिलेगी, जबकि अन्य मुकाबले पंजाबी टाइग्रेस बनाम भोजपुरी लेपर्डेस और हरयाणवी ईगल्स बनाम तमिल लायनेस के बीच खेले जाएंगे। लीग स्टेज 27 अप्रैल तक चलेगी, जिसके बाद नॉकआउट राउंड शुरू होगा। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल 28 अप्रैल तो महिला वर्ग के सेमीफाइनल 29 अप्रैल को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का समापन 30 अप्रैल को पुरुषों और महिलाओं दोनों के फाइनल के साथ होगा।


# ओली स्टोन घरेलू सत्र की शुरुआत से बाहर



■ **ओली स्टोन घुटने की चोट के कारण जुलाई तक नहीं खेलेंगे**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन घुटने की चोट के कारण जुलाई तक क्रिकेट से बाहर रहेंगे। वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मार्च में नॉटिंघमशायर के प्री-सीजन दौरे के दौरान अबू धाबी में स्टोन को दाहिने घुटने में काफी तकलीफ हुई थी। स्कैन से पता चला है कि सर्जरी की जरूरत है, जो इस सप्ताह के अंत में होगी जिसके चलते 31 वर्षीय खिलाड़ी अगले 14 सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। अब वह ईसीबी और नॉटिंघमशायर दोनों की मेडिकल टीमों के साथ मिलकर काम करते हुए पुनर्वास शुरू करेंगे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टोन ने पांच टेस्ट और 10 वनडे मैच खेले हैं और संभवत: 20 जून से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज से बाहर हो जाएंगे। स्टोन ने इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट विकेट लिए हैं और वह अपने साथी तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ उपचार के दौर पर है।

## दिग्गज बल्लेबाज हैं रोहित: पोलार्ड



**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खराब फार्म से जूझ रहे भारतीय ओपनर रोहित शर्मा का बचाव करते हुये मुंबई इंडियंस (एमआई) के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि कुछ मैचों के आधार पर दिग्गज बल्लेबाज की फार्म का आकलन करना सही नहीं है। एलएसजी के साथ शुक्रवार को खेले जाने वाले मैच की पूर्व संध्या पर एक प्रेस कांफ्रेंस में पोलार्ड ने कहा कि रोहित क्रिकेट के लीजेंड हैं। उनके नाम रिकार्ड बुक में कई रिकार्ड दर्ज हैं। कुछ मैचों के आधार पर उनकी बल्लेबाजी को आंकना सही नहीं होगा। उनका बल्ला कभी भी आग उगल सकता है। उनकी फार्म को तूल देना या उन पर दवाब बनाना नाइंसाफी होगी।



# विश्व कप क्वालीफायर में सीनियर खिलाड़ियों को नजीर पेश करनी होगी: सना मीर

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर का मानना है कि महिला टीम की सीनियर खिलाड़ियों को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के दौरान आगे आकर अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।। पाकिस्तान ने 50 ओवर के टूर्नामेंट के पिछले चार संस्करणों में भाग लिया है, लेकिन उन्हें पांचवीं बार इसमें शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पाक इस महीने घरेलू धरती पर होने वाले क्वालीफायर के दौरान टूर्नामेंट में अंतिम दो स्थानों के लिए संघर्ष करने वाली छह टीमों में से एक हैं। टीम को विश्वकप टूर्नामेंट का टिकट पाने के लिए छह टीमों के क्वालीफायर इवेंट में शीर्ष दो स्थानों पर रहना होगा और सना का मानना घ्हैै कि पाक के अनुभवी खिलाड़ियों को आगे आकर रास्ता दिखाना चाहिए। क्वालीफायर प्रतियोगिता में पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना होंगी। चोट से उबर चुकी तेज गेंदबाज डायना बेग की वापसी तथा अनुभवी तिकड़ी सिदरा अमीन, नशरा व आलिया रियाज के शामिल होगे।

# मिचेल मार्श-मारक्रम ने दिखाया इकाना में पराक्रम

● मिचेल ने 60 और मारक्रम ने 53 रनों की पारी खेली



**लखनऊ, वार्ता।** मिचेल मार्श (60) और एडन मारक्रम (53) की विस्फोटक शुरुआत के बाद आयुष बडोनी (30) और डेविड मिलर (27) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मुकाबले में मुबंई इंडियंस के खिलाफ आठ विकेट पर 203 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर लिया। इकाना स्टेडियम में एलएसजी के कप्तान रिषभ पंत का बल्ला आज नहीं चला और वह मात्र दो रन ही बना सके। दूसरी ओर लखनऊ को बड़े स्कोर की तरफ बढ़ने से रोकने में मुबंई के हार्दिक पांड्या (36 रन पर पांच विकेट) की भूमिका अहम रही। पांड्या ने मारक्रम, निकोलस पूरन, पंत, डेविड मिलर और आकाशदीप के महत्वपूर्ण विकेट झटके।

मार्श और मारक्रम ने ओपनर की भूमिका का बेहतरीन इस्तेमाल किया और पहले पॉवर प्ले का भरपूर लाभ उठाते हुये मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी थी। मार्श ने मात्र 27 गेंदों पर अपना अर्त्धशतक पूरा कर लिया था। मार्श और मारक्रम ने सातवें ओवर तक 76 रन की साझीदारी की जिसके चलते लखनऊ एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ता दिख रहा था। इस बीच मुबंई के युवा प्रतिभाशाली स्पिनर विग्नेश पुथुर ने मार्श को अपनी ही गेंद पर लपक कर खतरनाक हो रही साझेदारी का अंत किया। पूरन (12) ने क्रीज पर आते ही गगनचुंबी छक्के के साथ अपना खाता खोला। हालांकि पूरन के खतरनाक रुख अख्तियार करने से पहले पांड्या ने कैरिबियन विस्फोटक गेंदबाज की संक्षिप्त पारी का अंत कर दिया। एलएसजी में आने के बाद खराब फार्म से जूझ रहे पंत को पांड्या ने आज का अपना पहला शिकार बनाया। आयुष बडोनी ने मारक्रम के साथ तेजी से रन बटोरे मगर लगातार दो ओवरों में बडोनी और मारक्रम के विकेट निकलते ही लखनऊ की रन रफ्तार में फिर से ब्रेक लग गया। आखिरी के ओवरों में डेविड मिलर ने कुछ अच्छे शाट खेल कर लखनऊ के स्कोर को मौजूदा सत्र में पहली बार 200 के आंकड़े पर पहुंचा दिया। पारी के आखिरी ओवर में मिलर और आकाशदीप (0) के विकेट भी पांड्या ने निकाल कर रनों पर अंकुश लगाने का सफल प्रयास किया।

# सम्पादकीय

शनिवार, 5 अप्रैल 2025

## उम्मीद की एक किरण

देश के कई राज्यों में पुलिस और नगर प्राधिकरण अब सजा देने के एक सुविधाजनक और न्यायेतर तरीके के रूप में संपत्ति के ध्वस्तीकरण का नियमित रूप से सहारा लेते हैं, न सिर्फ आपरा. धिक संदिग्धों के लिए, बल्कि राजनीतिक विरोधियों के लिए भी। इस परेशान करने वाले रुझान के प्रसार के मद्देनजर, इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस चलन के खिलाफ कड़ी टिप्पणी से उम्मीद की एक किरण नजर आती है। कानून लागू करने में मनमानेपन और बेशर्म पक्षपात ने दशकों से भारत में कानून के शासन को कमजोर किया है। आम लोगों में शिक्षा के प्रसार और बढ़ती जागरूकता के बावजूद, राज्य की मनमानी नागरिकों के मूल अधिकारों और गरिमा को अक्सर खतरे में डाल देती है। हिरासत में यातना और न्यायेतर हत्याओं की खबरें चिंताजनक ढंग से बार-बार आती रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस ए.एस. ओका की अगुवाई वाली एक पीठ ने कहा कि साल 2021 में उत्तर प्रदेश में प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा छह व्यक्तियों से जुड़ी संपत्तियों के गैरकानूनी ध्वस्तीकरण ने इस अदालत के ह्जमीर को झकझोर दिया। अदालत का आदेश इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मकान मालि. कों को व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक से कोई नोटिस दिए बिना ही ध्वस्तीकरण कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की, इन मामलों ने हमारे जमीर को झकझोर दिया। अपीलकर्ताओं के रिहाइशी परिसर मनमाने तरीके से ध्वस्त कर दिए गए हैं। आश्रय का अधिकार नाम की एक चीज है, निर्धारित प्रक्रिया नाम की एक चीज है, प्राधिकारियों को, और खासकर विकास प्राधिकरण को, यह याद रखना चाहिए कि आश्रय का अधिकार भी संविधान के अनुच्छेद 21 का अभिन्न अंग है। शीर्ष अदालत ने प्रत्एक मकान मालिक को 10 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है। अपनी टिप्पणियों के जरिए, सुप्रीम कोर्ट ने कानून के शासन के इन बुनियादी सिद्धांतों को दोहराया कि मुकदमा चलाए बिना कोई सजा नहीं हो सकती, कोई सामूहिक सजा नहीं हो सकती, दोषी साबित होने तक हर व्यक्ति को बेगुनाह समझा जाएगा और अपराधी से जुड़ाव के कारण दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि यह काफी हद तक आश्वस्तिकारी है, लेकिन यह संशय बना हुआ है कि क्या ऐसे न्यायिक हस्तक्षेप निरोधक के रूप में काम करने के लिए पर्याप्त हैं। एक तो यह कि कानून प्रवर्तन की आड़ में संपत्तियों के ध्वस्तीकरण पर पहले भी नाखुशी जताए जाने के बावजूद, यह चलन न सिर्फ उत्तर प्रदेश में जारी रहा है, बल्कि दूसरे राज्यों में भी फैल गया है। भारतीय जनता पार्टी-शासित राज्य इस रुझान को अपनाने में खास तौर पर उत्सुक रहे हैं, लेकिन पार्टी लाइनों से परे भी इसे हाथों-हाथ लिया गया है। उदाहरण के लिए, पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ने ड्रग माफिया के खिलाफ अपने अभियान में एक हथियार के बतौर संपत्ति ध्वस्तीकरण का सहारा हाल में लिया है। कई स्थितियों में राज्य की मनमानी को सामाजिक स्वीकृति मिलती दिखना, शासन-संचालन के ढहते मानकों पर एक चिंताजनक टिप्पणी है।

## वक्फ संशोधन बिल को जल्दबाजी में लाई सरकार



केंद्र सरकार वक्फ संशोधन बिल को जल्दबाजी में लाई है, अगर इस बिल को समझने के लिए जनता को और समय दिया जाता, तो अच्छा होता, संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कार्ष यही निकलता है कि केन्द्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी सन्देहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता, दु:ख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर इसे पास कराया है, यह उचित नहीं और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं, तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी , लेकिन अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी अर्थात् ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।

**सुश्री मायावती**
**बसपा सुप्रीमा**

# मनोज कुमार तुम्हारी यादों का कारवां कभी नहीं थमेगा




**ऋतुपर्ण दवे**

**24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी स्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था, उनको जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है**

**1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला, इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसते रहे**

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। जिसकी हरेक फिल्म में कूट-कूटकर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रम्हाण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं।

24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में



हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे। लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई।

लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। जिससे उनका ह्रदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था। वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मायानगरी मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे। वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसतते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला की लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है। अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला।

हुआ यह कि प्रोडडूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए। इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। जिन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपए मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोडयूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोडयूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म कांच की गुड़िया मे ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म(हरियाली और रास्ता) मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी। आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान।

इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए। वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था। लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी। जिनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामियाब फिल्में हैं। उन्हें 2015 में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में योगदान के लिए दादा साहब फाल्के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूं भारत की बात बताता हूं हमेशा-हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे दिलों में धड़कंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

# हमारी जोखिमग्रस्त डॉल्फिन की गणना...

**डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**सुशील चंदानी**

**यहां लगभग 155 की संख्या में मौजूद ये डॉल्फिन पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण हैं, और सुंदरबन के पास मौजूद डॉल्फिन भी दूसरी, बाध्य (ऑब्लिगेट) नदी डॉल्फिन, जो केवल मीठी जल राशियों में पाई जाती हैं, माना जाता है कि चीन की यांग्त्ज़ी नदी डॉल्फिन विलुप्त हो गई है, इसे आखिरी बार वर्ष 2007 में देखा गया था अनोखे गुलाबी रंग वाली अमेज़ॉन नदी की डॉल्फिन 2.5 मीटर से भी अधिक लंबी होती है लगभग इतनी ही बड़ी गंगा नदी में रहने वाली डॉल्फिन होती है, जो गंगा और ब्रह्मपुत्र की मुख्य नदियों और कुछ सहायक नदियों में पाई जाती है, गंगा डॉल्फिन की निकट सम्बंधी, सिंधु नदी डॉल्फिन, पंजाब का राजकीय जलीय जीव है**

विगत 3 मार्च को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय नदियों में पाई जाने वाली डॉल्फिन की जनगणना सम्बंधी अध्ययन के निष्कर्ष जारी किए, डॉल्फिन की संख्या 6327 पाई गई है। टारपीडो जैसे शरीर वाले ये चंचल जीव जब भी दिखते हैं, दर्शकों को रोमांचित कर देते हैं। उन्हें देखने लोग उमड़ पड़ते हैं। शहरी किशोर उन्हें 'प्यारा' (क्यूट) कहते हैं।

नदी डॉल्फिन दो तरह की होती हैं। एक, ऐच्छिक (फैकल्टेटिव) नदी डॉल्फिन, जो खारे पानी और मीठे पानी दोनों में रहती हैं। भारत में, इरावदी (या इरावती) डॉल्फिन चिल्का झील के आसपास पाई जाती हैं। यहां लगभग 155 की संख्या में मौजूद ये डॉल्फिन पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण हैं, और सुंदरबन के पास मौजूद डॉल्फिन भी।

दूसरी, बाध्य (ऑब्लिगेट) नदी डॉल्फिन, जो केवल मीठी जल राशियों में पाई जाती हैं। माना जाता है कि चीन की यांग्त्ज़ी नदी डॉल्फिन विलुप्त हो गई है, इसे आखिरी बार वर्ष 2007 में देखा गया था। अनोखे गुलाबी रंग वाली अमेज़ॉन नदी की डॉल्फिन 2.5 मीटर से भी अधिक लंबी होती है। लगभग इतनी ही बड़ी गंगा नदी में रहने वाली डॉल्फिन होती है, जो गंगा और ब्रह्मपुत्र की मुख्य नदियों और कुछ सहायक नदियों में पाई जाती है। गंगा डॉल्फिन की निकट सम्बंधी, सिंधु नदी डॉल्फिन, पंजाब का राजकीय जलीय जीव है। यहां ये डॉल्फिन तरनतारन ज़िले में ब्यास नदी और हरिके आर्द्रभूमि में



**पाकिस्तान में बहती सिंधु नदी में ये डॉल्फिन सिर्फ 1800 ही जीवित बची हैं, डॉल्फिन और दांतों वाली व्हेल के माथे पर एक विशिष्ट मांसल उभार होता है जिसे मेलन कहा जाता है**

पाई जाती है। पर्यावरण मंत्रालय के अध्ययन में सिर्फ तीन सिंधु डॉल्फिन मिली हैं, जो इनके अस्तित्व पर मंडराते खतरे को दर्शाता है। पाकिस्तान में बहती सिंधु नदी में ये डॉल्फिन सिर्फ 1800 ही जीवित बची हैं।

डॉल्फिन और दांतों वाली व्हेल के माथे

### मटमैले पानी के अनुकूल...

पर एक विशिष्ट मांसल उभार होता है जिसे मेलन (**melon**) कहा जाता है। यह एक लेंस की तरह काम करता है जो (प्रकाश को नहीं) ध्वनि को संकेंद्रित करता है, और इकोलोकेशन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे यहां पाई जाने वाली नदी डॉल्फिन मटमैले और कम लवण वाले पानी में रहना पसंद करती हैं। गंगा और सिंधु नदी की डॉल्फिन की एक असामान्य विशेषता उनकी कमज़ोर नज़र है। वे इकोलोकेशन द्वारा मार्ग निर्धारण करती हैं और भोजन ढूंढती हैं, इसमें वे अपनी स्वर-रज्जु से खास क्लिक रूपी अल्ट्रासाउंड तरंगें निकालती हैं, और ललाट पर बने मेलन की मदद से आसपास की वस्तुओं से टकराकर लौटने वाली तरंगों की प्रतिध्वनि को महसूस करती हैं। ये डॉल्फिन करवट पर तैरने की प्रवृत्ति भी दिखाती हैं, भोजन की तलाश में नदी के पेंदे को खंगालने के लिए वे फिन का उपयोग करती हैं।

**स्रोत फीसर्च**

हमारी नदी डॉल्फिन प्रजातियों की आंख बमुश्किल एक सेंटीमीटर चौड़ी है, इसमें एक मोटा कॉर्निया होता है और कोई लेंस नहीं होता है। प्रकाश को दर्ज़ करने के लिए रेटिना में बहुत कम कोशिकाएं होती हैं। और दृश्य संवेदनाओं को मस्तिष्क तक पहुंच. ाने वाली प्रकाश तंत्रिका बहुत क्षीण होती है, यह बमुश्किल एक तंतु जितनी पतली होती है। ऐसा लगता है कि उनमें दृश्य बोध सिर्फ प्रकाश और प्रकाश की दिशा पता लगाने तक ही सीमित होता है। हमारी नदी डॉल्फिन और समुद्री बॉटलनोज़ डॉल्फिन के संवेदना बोध में शामिल मस्तिष्क क्षेत्रों की तुलना करने पर पता चला कि नदी डॉल्फिन का दृष्टि बोध सम्बंधी क्षेत्र असामान्य रूप से छोटा है जबकि उनका श्रवण बोध सम्बंधी क्षेत्र बहुत बड़ा है। यह ध्वनि पर उनकी निर्भरता को दर्शाता है। प्रयोगों में पाया गया है कि सिंधु नदी की डॉल्फिन नायलॉन धागे से लटके 4 मिलीमीटर छोटे बॉल बेयरिंग (छर्रों) की उपस्थिति भी भांप लेती हैं, और उसकी उपस्थिति भांपकर उसकी ओर बढ़ सकती हैं। गठिया से लेकर मांसपेशीय ऐंठन के उपचार में इस्तेमाल होने वाले तेल का दोहन नदी डॉल्फिन से ही किया जाता है, और उनके इसी उपयोग के चलते उन पर खतरा मंडरा रहा है। अत्यधिक मत्स्याखेट से उनकी भोजन आपूर्ति कम होती है, और अन्य मछलियां के लिए फेंके गए जाल में भी वे फंस जाती हैं। फिर, रासायनिक प्रदूषक एक और खतरा पैदा करते हैं। तेज़ी से परिष्कृत और उन्नत होती जा रही गणना विधियों के बावजूद, नदी डॉल्फिन की आबादी अस्पष्ट बनी हुई है – उनकी संख्या अधिक भी हो सकती है और कम भी। दोनों स्थितियों में से चाहे जो हो लेकिन फिर भी उनकी संख्या बहुत ही कम है। हमें इन अनूठे जीवों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना होगा।

# व्रतधारियों पर मिलावट का कहर...

## कल मिला वक्त, तो सुलझाउंगा ज़ुल्फ़ें तेरी





**निर्मल रानी**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण 100 से अधिक लोग 'फ़ूड पॉइज़निंग' का शिकार हो गए। नवरात्रि के व्रत रखने वाले इन व्रत धारियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिस समय राजधानी देहरादून में यह विषाक्त आटा बेचा जा रहा था और लोग इसे ख़रीद रहे थे ठीक उसी समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर व नैनीताल ज़िलों में अनेक शहरों व क़स्बों के प्राचीन नाम बदलने में व्यस्त थे। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि ईद के दिन जब मुसलमानों को कोई 'सौगात' दिया जाना चाहिए था ठीक उसी दिन मुख्यमंत्री धामी मुग़ल काल या ब्रिटिशकाल में रखे गए या उर्दू फ़ारसी भाषा के नामों को बदलकर अपने 'संस्कारित दूरगामी एजेंडे' को लागू कर रहे थे और उसी समय बड़े गर्व से नाम बदलने की अपनी इस क़वायद को जनभावनाओं के मद्देनज़र और भारतीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप बता रहे थे। धामी ने ख़ान पुर, मुहम्मदपुर व नवाबी रोड जैसे नामों को भी बदल डाला।

बहरहाल,कथित तौर पर जिन लोगों की भावनाओं के मद्देनज़र मुख्यमंत्री धामी नाम बदल रहे थे उसी समय वही उत्तराखंड निवासी देहरादून में सरे आम बिक रहा ज़हरीला कुट्टू का आटा खाने के लिए मजबूर थे। साफ़ है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शुद्ध, स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करना नहीं बल्कि नफ़रती एजेंडे को लागू करना था। इसी तरह हरियाणा के यमुनानगर, सढौरा व आसपास के कई गांव के सैकड़ों लोग कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण बीमार पड़ गए। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम भी ईद के पहले उस समय सुर्ख़ियों में आया जब उन्होंने ईद की छुट्टी को राजपत्रित अवकाश की सूची से हटाकर इसे प्रतिबंधित अवकाश के रूप में घोषित कर दिया। बहाना था वित्त वर्ष 2024-25 के समापन का समय ईद के दिन यानी 31 मार्च को पड़ना। उत्तराखंड की ही तरह हरियाणा में भी नवरात्रों जैसे पवित्र पर्व के दौरान धड़ल्ले से कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा बिक रहा था परन्तु यहां भी 'एजेंडा' सरकार की प्राथमिकतायें चूंकि कुछ और हैं शायद इसलिए राज्य के लोगों को शुद्ध, स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो सकी परिणामस्वरूप यहां भी सैकड़ों लोग 'फ़ूड पॉइज़निंग' का शिकार हो गए।

उधर उत्तर प्रदेश सरकार ने भी नवरात्रों के दौरान अवैध बूचड़ख़ानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सख़्त आदेश जारी किया है। जबकि 6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन मांस बिक्री पर विशेष प्रतिबंध लागू होगा। इस दिन पशु वध और मांस की बिक्री दोनों पूरी तरह बंद रहेगी। इसतरह के फ़ैसले भी जनभावनाओं का हवाला देते हुए लिए जाते हैं। सवाल यह है कि जब सरकार इस तरह के फ़ैसलों से स्वयं को जन भावनाओं का पक्षधर दिखाने की कोशिश करती है तो क्या आम जनता को विशेषकर नवरात्रों का व्रत रखने वाले व्रतधारियों को शुद्ध, स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना जनभावनाओं का आदर सम्मान नहीं?

यह हिन्दू राष्ट्र निर्माण के शगूफ़े, विश्व महाशक्ति बनने का सपना, दो देशों के बीच छिड़े युद्ध रुकवाने की क्षमता जैसा प्रोपेगंडा,बुलेट ट्रेन के सपने,हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा कराने जैसी लफ्फ़ाज़ी, नाले की गैस से चाय बनाने की तकनीक, बादलों में रडार की कार्यक्षमता निष्प्रभावी होने जैसे अवैज्ञानिक दावे और इसतरह की अनेक फ़ालतू बातों को सुनसुनकर देश की जनता का कान पक चुका है। हक़ीक़त यही है कि स्वयं सरकारी दावों के मुताबिक़ आज देश के 80 करोड़ लोग सरकार के रहमो-करम पर मिलने वाले मुफ़्त राशन के लिए मोहताज हैं। परन्तु सरकार है कि मिलावटख़ोरी जैसी बुनियादी चीज़ों पर नियंत्रण करने के बजाए कहीं बुलडोज़र चलवाकर लोगों के घर गिरवाने में व्यस्त है, भले ही उसे इसकेलिए बार बार अदालत की डांट फटकार क्यों न पड़ती रहे। कहीं मदरसे बंद करने में खुश है, कहीं नमाज़ पर पाबंदी तो कहीं मस्जिदों व क़ब्रों की खुदाई इनकी प्राथमिकता, कहीं रेलवे स्टेशन, ज़िलों, शहरों व मार्गों के नाम बदलना ज्यादा ज़रूरी?

गोया साम्प्रदायिकता पूर्ण व विवादित फ़ैसलों व कामों में पूरी दिलचस्पी दिखाने वाली सरकार की नज़रों में बाज़ारों में खुले आम बिकने वाली मिलावटी व ज़हरीली सामग्री पर नियंत्रण पाना और भ्रष्टाचारियों द्वारा इनका संरक्षण किया जाना कोई मुद्दा ही नहीं? बेशक मिलावट ख़ोरी कोई नई समस्या नहीं, परन्तु जो सरकार देश बदलने के दावे कर रही हो,जो धर्मध्वजा के ही सहारे अपनी सत्ता की नाव चला रही हो, देशवासियों को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने दिखा रही हो, हिन्दू जागरण का दंभ भर रही हो, कम से कम उस सरकार का मिलावटख़ोरी व ज़हरीले खाद्य सामग्री के सरेआम उत्पादन व बिक्री पर तो नियंत्रण पाना पहली प्राथमिकता तो होनी ही चाहिए। जो भी व्रतधारी कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने की वजह से मौत के मुंह तक पहुंच गए वे भी तो हिन्दू ही हैं? और रोज़मर्रा के इस्तेमाल में आने वाली खाद्य सामग्री में होने वाली मिलावट का उपभोग करने वाले भी देश के बहुसंख्य हिन्दू ही हैं ? लिहाज़ा इस तरह के अपराध को केवल अपराध की नज़रों से देखने की ज़रुरत है। ऐसा अपराध किसी का धर्म नहीं देखता। ऐसा अपराध जब पनपता है तो इसे संरक्षित करने वाले लोग भी भ्रष्ट व रिश्वतख़ोर लोग होते हैं। सरकार यदि यह दावे कि करती है कि उसका शासन अपराधमुक्त हो गया है या अपराध पर नियंत्रण के दावे करती है तो क्या खाद्य सामग्री में मिलावटख़ोरी करने पर भी नियंत्रण हो चुका है? ऐसे धंधे में लिप्त लोगों को सरकार का भय क्यों नहीं? आख़िर कब तक आम लोगों व भक्त व्रतधारियों पर मिलावट का क़हर यूंही टूटता रहेगा? कब तक सरकार यह बहाना करती रहेगी कि 'कल मिला वक्त तो सुलझाऊंगा ज़ुल्फ़ें तेरी-आज उलझा हूं मैं हालात को सुलझाने में)

# हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए डाइट में ऐसे शामिल करें काले तिल

आजकल की अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खानपान का असर हमारी हड्डियों पर होता है। जिसकी वजह से कम उम्र से ही लोग हड्डियों की कमजोरी का सामना करने लगे हैं। वहीं हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए लोग कैल्शियम सप्लीमेंट का सेवन करते हैं। लेकिन आपको बता दें कि आप नेचुरल तरीकों से भी अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं। अगर आप बिना कैल्शियम सप्लीमेंट और बिना किसी साइड इफेक्ट के हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं। तो घरेलू उपाय बेहतर ऑप्शन साबित हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको काले तिल के सेवन के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इसको डाइट में किस तरह से शामिल करने से हड्डियां मजबूत बन सकती हैं।

### काले तिल का उपयोग...

बता दें कि काले तिल में मैग्नीशियम, कैल्शियम और जिंक की भरपूर मात्रा पाई जाती है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहायक होता है। मैग्नीशियम हड्डियोंके घनत्व को बनाए रखने में सहायता करता है। यह मांसपे. शियों को सपोर्ट करता है, जिसकी वजह से दर्द में भी आराम मिलता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स




हड्डियों की सूजन को कम करने के साथ बोन डेंसिटी भी बेहतर होती है।

### ऐसे करें काले तिल का सेवन

- सबसे पहले काले तिल को रोस्ट करके एक एयर टाइट कंटेनर में रख लें।
- अब एक चम्मच भुने हुए काले तिल को दूध में मिलाकर इसका सेवन करें।
- आप चाहें तो इसको दही में मिलाकर भी खा सकते हैं।
- वहीं आप काले तिल को अपनी फेवरेट स्मूदी में मिलाकर पी सकते हैं।
- इसके अलावा आप रोटी के ऊपर काले तिल छिड़क कर भी इसको खा सकते हैं।

# एआई के क्षेत्र में बढ़ रही भारत की ताकत

## एआई में निजी तौर पर निवेश मामले में भारत का10वां स्थान




**संयुक्त राष्ट्र।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में भारत की ताकत लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2023 में एआई में निजी तौर पर निवेश करने के मामले में भारत का 10वां स्थान है। वहीं भारत और चीन एकमात्र ऐसे विकासशील देश हैं, जिन्होंने एआई में निवेश किया है।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) की प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2024 में फ्रंटियर टेक्नोलाजीज के लिए तत्परता सूचकांक में शामिल 170 देशों में भारत 36वें स्थान पर है। 2022 में भारत इस सूचकांक में 48वें स्थान पर था। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत, भूटान, मोरक्को, मोल्दोवा और तिमोर लेस्ते ने स्कूली शिक्षा और कार्यशील आबादी में उच्च-कौशल रोजगार के बढ़ते प्रभाव के चलते मानव पूंजी में अपनी स्थिति में सुधार किया है। रिपोर्ट के अनुसार एआई क्षेत्र में चीन, जर्मनी, भारत, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका वैज्ञानिक ताकत दिखाते हैं। एआई में निजी निवेश के मामले में 2023 में 67 अरब अमेरिकी डालर या निजी निवेश का 70 प्रतिशत के साथ अमे. रिका दुनिया में सबसे आगे है। जबकि विकासशील देश चीन 7.8 अरब अमेरिकी डालर के साथ दूसरे और 1. 4 अरब अमेरिकी डालर के साथ भारत 10वें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2033 तक एआई का बाजार मूल्य में 4.8 ट्रिलियन अमे. रिकी डालर तक पहुंचने की उम्मीद है। एआई दुनिया भर में 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। इससे उत्पादकता में तो वृद्धि होगी, लेकिन आटामेशन और नौकरी के बारे में चिंताएं भी बढ़ेंगी। रिपोर्ट के अनुसार एआई यह नए उद्योग भी बना सकता है और श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। एआई से रोजगार के अवसरों को खत्म करने के बजाय उन्हें बढ़ाने, रीस्किलिंग, अपस्किलिंग और कार्यबल अनुक. ूलन में निवेश करने की जरूरत है। रिपोर्ट के मुताबिक ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस विकासशील देश हैं जो तकनीकी तत्परता में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि उच्च प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद वाले देश अग्रणी तकनीक के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) के फ्रंटियर टेक्नोलाजीज रेडीनेस इंडेक्स में विकसित देश आगे हैं। वहीं विकासशील देशो में यहां सिंगापुर, चीन और भारत का प्रमुख स्थान है। क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं के मामले में शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के पास दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में अधिक सेवाएं हैं। जबकि सूची में सिंगापुर के साथ भारत और ब्राजील विकासशील देश हैं। ब्रा. जील, चीन और भारत जैसे विक. ासशील देशों के उदाहरण बताते हैं कि कैसे औद्योगीकरण से गरीबी को कम किया सकता सकता है।

### संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले बयान से बचें: मोदी

# बांग्लादेश में चुनाव कराएं यूनुस



**बैंकाक।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की।

साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-यूनुस से मुलाकात को लेकर जानकारी दी। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मोदी ने यूनुस से कहा कि लोकतंत्र में चुनाव बहुत जरूरी हिस्सा है। पीएम ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही लोकतांत्रिक और स्थायी सरकार देखेंगे। दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने इस मुद्दे को खुलकर सामने रखा। यूनुस ने भरोसा दिया कि बांग्लादेश सरकार जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी। दोनों नेताओं ने थाईलैंड में बिम्सटेक समिट की साइडलाइन में मुलाकात की है। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद पीएम मोदी पहली बार यूनुस से मिले हैं। यूनुस के पद संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। यूनुस ने हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का नार्थ-ईस्ट लैंडलाक्ड है और उसकी समुद्र तक पहुंच नहीं है। समुद्र तक पहुंचने के लिए बांग्लादेश इस क्षेत्र का मुख्य दरवाजा है। इस को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कड़े शब्दों में जवाब दिया था। जयशंकर ने कहा, हम यह मानते हैं कि सहयोग एक व्यापक चीज है। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप सिर्फ अपने फायदे की ही बात करें, बाकी बातों को नजरअंदाज कर दें। इससे पहले कल बिम्सटेक डिनर में दोनों नेता एक साथ दिखाई दिए थे।

# चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाया



**वाशिंगटन।** चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34 प्रतिशत जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। इससे दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था।

चीन पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब चीन ने उतना ही टैरिफ अमेरिका पर लगा दिया है। चीन सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका का यह कदम अंतरराष्ट्रीय ट्रेड नियमों का उल्लंघन करता है। इससे चीन के कानूनी अधिकार और हितों का नुकसान हो रहा है। यह साफ तौर पर एकतरफा दबाव डालने की कोशिश है। जनवरी में सत्ता में लौटने के बाद से ट्रम्प ने अब तक चीन से आने वाले सभी इंपोर्ट्स पर दो बार 10: अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिका में चीन से अवैध रूप से आने वाले फेंटेनाइल को रोकने के लिए जरूरी था। इसका मतलब यह है कि अब अमेरिका में आने वाले चीनी सामानों पर प्रभावी रूप से कुल 54: टैरिफ लागू हो गया है। शुक्रवार को जवाबी टैरिफ का ऐलान करने के साथ चीन ने 11 अमेरिकी कंपनियों को उन कंपनियों की लिस्ट में डाल दिया है जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इनमें ड्रोन बनाने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इसके अलावा 16 अमेरिकी कंपनियों पर एक्सपोर्ट नियम लागू किए गए हैं, जिससे वे चीनी के दोहरे उपयोग वाले सामान का निर्यात न कर सकें। इससे पहले कनाडा ने गुरुवार को अमेरिकी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन के ऊपर लगाए 20 प्रतिशत टैरिफ को वापस लेना होगा। ट्रम्प के जैसे को तैसा टैरिफ की घोषणा के बाद भारत की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वह 26 प्रतिशत टैरिफ के प्रभाव का आकलन कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि इस टैरिफ का कुछ क्षेत्रों पर असर होगा, लेकिन भारत की इकोनामी इसे झेल सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन में ऐसे प्रावधान हैं कि अगर भारत अमेरिका की चिंताओं को दूर करता है, तो टैरिफ में कुछ छूट मिल सकती है।

**फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोके**

# गाजा में इजरायल के हवाई हमले जारी

## आईडीएफ ने स्कूल को निशाना बनाया, कम से कम 100 फलस्तीनी मारे गए



**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना का सैन्य अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में फिर हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 100 फलस्तीनी मारे गए हैं। वहीं इजरायली बलों में उत्तरी गाजा में एक स्कूल को भी निशाना बनाया।

जिसमें स्कूल में शरण लिए हुए कम से कम 27 फिलिस्तीनी मारे गए और 70 से अधिक घायल हो गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ज़हीर अल-वाहिदी ने इस बारे में जानकारी दी। वहीं, इजरायली सेना का कहना है कि इस हमले का उद्देश्य हमास पर नया दबाव डालना और आतंकवादी समूह को खदेड़ना है। अल-वाहिदी ने कहा कि गाजा के तुफ्फाह इलाके में स्थित स्कूल से 14 बच्चों और पांच महिलाओं के शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमले में मरने वालों की संख्या में अभी भी इज़ाफा हो सकता है। उन्होंने अहली अस्पताल के रिकार्ड का हवाला देते हुए बताया कि शिजाफ्याह के नजदीकी इलाके में घरों पर किए गए हमलों में 30 से ज्यादा गाजा निवासी मारे गए। वहीं, इजरायली सेना ने भी हमले को लेकर बयान जारी किया है। आईडीएफ ने कहा कि गाजा शहर के इलाके में हमास कमांड और कंट्रोल सेंटर पर हमला किया गया। सेना ने कहा कि उसने नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए ए कदम उठाए हैं। इससे पहले, इजरायल ने बुधवार को आश्रय के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली संयुक्त राष्ट्र की इमारत पर हमला करने के लिए यही कारण बताया - ष्कमांड और कंट्रोल सेंटरष में हमास के आतंकवादियों पर हमला करना, जिसमें कम से कम 17 लोग मारे गए। वहीं, हमले से पहले, इजरायली सेना ने गुरुवार को उत्तरी गाजा के कई हिस्सों में रहने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों को गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में शरण लेने की चेतावनी दी थी। साथ ही कहा था कि इन इलाके में अत्यधिक सुरक्षा बलों के साथ सैन्य अभियान चलाया जाएगा। इससे पहले, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा की थी कि इजरायल गाजा पट्टी में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है, जिसके चलते राफा शहर को फलस्तीनी क्षेत्र से काट दिया जाएगा। नेतन्याहू ने इस सुरक्षा गलियारे को मोराग कारिडोर का नाम दिया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह श्दूसरा फिलाडेल्फिया कारिडोरश होगा, जो मिस्र के साथ सीमा के गाजा पक्ष को दक्षिण की ओर संदर्भित करता है, जो मई 2024 से इजरायल के नियंत्रण में है। नेतन्याहू ने कहा कि हम पट्टी को काट रहे हैं और हमास पर कदम दर कदम दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि वो हमें हमारे बंधक सौंप दे। हालांकि, फलस्तीनी प्राधिकरण ने नियोजित गलियारे को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया है। वहीं, हमास ने भी इसका विरोध किया है। हमास ने कहा है कि वह केवल शेष 59 बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें 24 के जिंदा होने का अनुमान है। हमास ने बदले में अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है। साथ ही एक स्थायी युद्धविराम और इजरायल की वापसी की भी मांग की गई है। इसके अलावा, हमास ने इजरायल की उस मांग को ठुकरा दिया है, जिसमें कहा गया है कि वह अपने हथियार डाल दे और क्षेत्र को खाली कर दे।

# अमेरिका में सैंकड़ों विदेशी छात्रों का वीजा रद्द

## एआई से कैंपस एक्टिविस्ट्स की पहचान कर रही सरकार




**वाशिंगटन।** अमेरिका में पढ़ने वाले सैकड़ों विदेशी छात्रों को उनका एफ-1 वीजा यानी स्टूडेंट वीजा रद्द होने का अचानक ईमेल मिला है। यह मेल अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से मार्च के आखिरी हफ्ते में भेजा गया है। यह ई-मेल उन छात्रों को भेजा गया है, जो कैंपस एक्टिविज्म यानी कैंपस में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक उन छात्रों को भी ऐसे मेल भेजे गए हैं, जो भले ही कैंपस एक्टिविज्म में शामिल नहीं थे, लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर इजरायल विरोधी पोस्ट को शेयर, लाइक या फिर कमेंट किया। मेल में कहा गया है कि छात्रों के एफ-1 वीजा रद्द कर दिए गए हैं। छात्रों से खुद को डिपोर्ट करने यानी अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी भी दी गई है। अमेरिकी सरकार 'कैच एंड रिवोक' ऐप की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, एल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि, कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221(प) के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमे. रिका में रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है। ईमेल में यह भी बताया गया है कि छात्रों को उनके गृह देशों के अलावा दूसरे देशों में भी भेजा जा सकता है। इसलिए बेहतर है कि छात्र खुद से अमेरिका छोड़ दें। ईमेल में कहा गया है कि अगर आप भविष्य में अमेरिका की यात्रा करने का इरादा रखते हैं तो आपको दूसरे अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद आपके आवेदन पर फैसला किया जाएगा। इसमें छात्रों को रद्द कर दिए गए वीजा का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि उन्हें अमेरिका छोड़ते वक्त दूतावास में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। अब तक कितने छात्रों ने अमेरिका छोड़ा है, इसकी जानकारी नहीं है। कई छात्र बिना औपचारिक डिपोर्टेशन के खुद से देश छोड़ रहे हैं तो कुछ ने कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ भारतीय छात्रों को भी मेल भेजे गए हैं।

### कैनसस में भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैनसस में एक भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। चर्च के अधिकारियों ने बताया कि कैनसस के सेनेका शहर में यह घटना घटी। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। कैनसस सिटी के आर्कबिशप जोसेफ नौमान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि फादर अरुल कैरासाला की दुखद मौत की खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है, उनकी आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कैरासाला साल 2011 से सेनेका में सेंट्स पीटर एंड पाल कैथोलिक चर्च में पादरी थे। उन्हें साल 1994 में भारत में पादरी के रूप में नियुक्त किया गया था और वे साल 2004 से कंसास में बतौर पादरी सेवाएं दे रहे थे।

# यूएस में बवंडर, तूफान से छतें उडीं, छह लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण और मध्य-पश्चिमी क्षेत्र में भीषण तूफान-बवंडर आए हैं। बवंडर में छह लोगों की मौत हो गई और बिजली के तार व पेड़ गिर गए। इसके अलावा कई घरों की छतों के उड़ जाने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में दर्जनों बवंडर और भयंकर तूफान आए। पूर्वानुमान लगाने वालों ने बताया कि गर्मी के साथ अस्थिर वातावरण, तेज हवा के झोंके मौसम बिगाड़ेंगे। दक्षिण-पूर्व मिसौरी में एक मौत हुई, जबकि इंडियानापोलिस के एक उपनगर में एक गोदाम का हिस्सा ढह गया, जिससे एक व्यक्ति अंदर फंस गया। उत्तर-पूर्व अर्कांसस में एक दुर्लभ बवंडर आपातकाल जारी किया गया, क्योंकि मलबा हवा में हजारों फीट ऊपर उड़ गया। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य-पश्चिम में घातक बाढ़ का खतरा भी जताया गया है। अगले चार दिनों में एक फुट से अधिक बारिश की आशंका है।




# म्यांमार की मदद को आगे आए क्वाड देश



**न्यूयार्क।** भूकंप का दंश झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए अब क्वाड देश भी आगे आए हैं। क्वाड में शामिल भारत, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने म्यांमार को दो करोड़ अमेरिकी डालर (20 मिलियन) से अधिक की मानवीय सहायता देने का एलान किया है।

क्वाड देश लगातार भूकंप से प्रभावित लोगों के लिए म्यांमार को राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा दल की तैनाती कर रहे हैं। क्वाड देशों ने एक संयुक्त बयान में भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड के लोगों के प्रति सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। बयान में कहा गया कि म्यांमार में पहले से ही गंभीर मानवीय स्थिति में जानमाल की हानि और बुनियादी ढांचे के व्यापक विनाश ने इसे और खराब कर दिया है। क्वाड का प्रयास है कि हमारी प्रतिक्रिया से कुशलता से सहायता पहुंचाई जाए और प्रभावित समुदायों की जरूरतों को पूरा करे। क्वाड की मानवीय सहायता और आपदा राहत भागीदारी ने एक समन्वय समूह स्थापित किया है जो आपदा प्रबंधन पर मानवीय सहायता के लिए आसियान समन्वय केंद्र सहित अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। क्वाड राष्ट्रों ने अस्थायी, आंशिक युद्धविराम का स्वागत किया। उन्होंने सभी पक्षों से उपाय लागू करने, विस्तारित करने और व्यापक बनाने का आह्वान किया। ताकि पूरे म्यांमार में जीवन रक्षक मानवीय सहायता के समय पर वितरण की सुविधा के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। बयान में कहा गया है कि क्वाड सहयोग की उत्पत्ति 2004 के हिंद महासागर भूकंप और सुनामी के बाद हुई है। तब हमने इंडो-पैसिफिक में जरूरत के समय में व्यावहारिक और प्रभावी मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की है। राष्ट्रों ने एक साथ काम करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारतें जमींदोज हो गईं। भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। मृतकों की संख्या 3145 हो गई है।







